आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 196 | उज्जैन, शुक्रवार 31 जुलाई, 2026 | श्रावण कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

कांवड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर हुआ मामूली विवाद अब बड़े सांप्रदायिक तनाव में बदल गया

## नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा में 2 लोगों की मौत, 2 जिलों में कर्फ्यू लगा

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल के सुनसरी जिले में रविवार रात कांवड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद अब बड़े सांप्रदायिक तनाव में बदल गया।

शुरूआत में यह मामला दो समुदायों के बीच कहासुनी तक सीमित था, लेकिन देखते ही देखते हिंसा फैल गई और पुलिस को हालात काबू करने के लिए गोली चलानी पड़ी। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे तराई-मधेश क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शन के दौरान सिराहा में एक और युवक की मौत के बाद तनाव और बढ़ गया। प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए नेपाल के सुनसरी और सिराहा जिलों के कई हिस्सों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है।

### बहस झड़प में बदली, पुलिस के आने पर भी नहीं रुकी

श्रद्धालु कोसी बैराज से जल लेकर लौट रहे थे और उनके साथ डीजे व लाउडस्पीकर भी बज रहे थे। इसी दौरान दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने तेज आवाज में बज रहे संगीत पर आपत्ति जताई।पहले दोनों पक्षों के बीच बहस हुई, फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया। शुरूआत में स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की। लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों समुदायों के और लोग मौके पर पहुंच गए। कई लोगों के हाथों में लाठी, बांस, पत्थर और भाले जैसे हथियार थे। इसके बाद दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया।

### हवाई फायरिंग के बाद भी हिंसा नहीं रुकी, पुलिस ने गोली चलाई

पथराव में 8 पुलिसकर्मी, जिनमें एक इंस्पेक्टर भी शामिल है, घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर आसपास के पुलिस थानों और आर्म्ड पुलिस फोर्स की अतिरिक्त टीमों को बुलाया गया। पुलिस के मुताबिक, भीड़ पर पहले काबू पाने की कोशिश की गई। एक पुलिस अधिकारी ने तीन हवाई फायर भी किए, लेकिन हिंसा नहीं रुकी। इसके बाद रात करीब 10:45 बजे पुलिस ने गोली चलाई। गोली लगने से ओम प्रकाश मेहता की मौत हो गई। कई अन्य लोग भी गोली लगने से घायल हुए। बाद में इलाज के दौरान जयप्रकाश मेहता की भी मौत हो गई, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या दो हो गई।

वीर भारत संग्रहालय के जीर्णोद्धार सहित सर्प उद्यान के निर्माण का निरीक्षण किया

## मुख्यमंत्री ने स्थल पर देखे कार्य औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन देखा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



अपने प्रवास के दुसरे दिन गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्र के कार्यों को सतह से देखा। विक्रम उद्योगपुरी में उन्होंने एक निजी इकाई में पहुंचकर उत्पादन होते देखा। इससे पूर्व बुधवार देर रात तक वे अखाडों एवं आश्रमों में पहुंचे और वहां गुरुओं को नमन कर शाल श्रीफल से सम्मानित करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोठी महल स्थित निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत वीर भारत संग्रहालय का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीर्णोद्धार कार्य में इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री (कंस्ट्रक्शन मटीरियल) का स्वयं निरीक्षण किया और स्थल पर काम कर रहे श्रमिकों व कारीगरों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने निर्देश दिए कि रिनोवेशन के दौरान पुरानी एवं पारंपरिक निर्माण पद्धतियों का ही अनुसरण किया जाए, ताकि इमारत की मौलिकता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की बात कही।

वीर भारत संग्रहालय का जीर्णोद्धार कार्य उज्जैन स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कराया जा रहा है। अवलोकन के दौरान 'दी धरोहर' कंपनी की अधिकारी संगीता बैस ने सीएम को अब तक हुए जीर्णोद्धार कार्यों और वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संग्रहालय के ऐतिहासिक भवन की अधोसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और एजेंसी को निर्देश दिए कि भवन के ऐतिहासिक और पारंपरिक ढाँचे में किसी भी प्रकार का बदलाव न किया जाए। सीएम ने स्पष्ट किया कि जीर्णोद्धार कार्य इस प्रकार किया जाए जिससे भवन का मूल स्वरूप, प्राचीन भव्यता और ऐतिहासिक पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहे।

### बुरहानपुर के किसानों को राहत राशि जारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान कल्याण का जो संकल्प राज्य सरकार ने लिया है, उसकी पूर्ति के लिए हम निरंतर सक्रिय हैं। किसानों की हर समस्या का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बुरहानपुर में मई और जून में मौसम की मार ने केले की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया। बुरहानपुर नगर, बुरहानपुर ग्रामीण, नेपानगर और खकनार तहसीलों के 188 गांवों के 8 हजार 115 किसानों की केले की फसल प्रभावित हुई है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के साथ खड़ी है। आज प्राकृतिक आपदा से प्रभावित जिले के 8 हजार से अधिक किसानों के खातों में 107 करोड़ 72 लाख रुपये से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जा रही है। यह राशि मुश्किल समय में किसानों को संबल देगी। जब तक किसानों के चेहरों पर दोबारा मुस्कान नहीं आ जाती, राज्य सरकार चैन से बैठने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को बुरहानपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

आरोपी मिनार मंडल बंगाल के बीरभूम में चलाता था बस

## 28 करोड़ कैश, 15 किलो सोना मिला

### नोट गिनते-गिनते पांच मशीनें खराब हुई, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता





पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने बुधवार रात एक छापेमारी में 28.5 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश और 15 किलो सोना बरामद किया। सोने की कीमत करीब 21.5 करोड़ रु. आंकी गई है। इस तरह कुल बरामदगी करीब 50 करोड़ रु. की है। नोटों का ढेर इतना बड़ा था कि उन्हें गिनते-गिनते 5 करेंसी काउंटिंग मशीनें खराब हो गईं।

पुलिस ने आरोपी मिनार मंडल को गिरफ्तार किया है। वह पहले राज्य परिवहन विभाग में बस ड्राइवर था और बाद में स्टोन कारोबार से जुड़ गया।

**आरोपी फरार-** पत्थर कारोबारी तुलु मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन का मैनेजर और साला है। तुलु मंडल वही शख्स है, जिसने 2024 में अपनी बेटी की करीब 100 करोड़ रुपये की आलीशान शादी कराई थी। तुलु मंडल को पूर्व टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल का करीबी माना जाता है। अनुब्रत जून में टीएमसी के बागी ऋतब्रत बनर्जी गुट में शामिल हो गए थे। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने छापेमारी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कीं।

## 215 कुलपतियों-शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों और शिक्षाविदों ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखा है। इसमें प्रोफेसर वी कामकोटि के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते समय तथ्यों और गरिमा का ध्यान रखा जाना चाहिए। आपके मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

## अभिजीत दीपके ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग उठाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 20 जुलाई को हुए 'संसद चलो' मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने पुलिस कार्रवाई, जांच एजेंसियों, बाबा रामदेव और किसानों के आंदोलन तक कई मुद्दों पर सवाल उठाए।

## फर्जी पासपोर्ट केस में छोटा राजन दोषी करार

### सीबीआई कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



चेन्नई में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को गैंगस्टर छोटा राजन को जाली दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट हासिल करने के मामले में सात साल की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सात साल की कैद सुनाने के साथ 55 हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। इस गैंगस्टर को धोखाधड़ी, जालसाजी, किसी और की पहचान का इस्तेमाल कर-के धोखा देने और सरकारी भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के आरोपों में दोषी पाया गया। राजन अभी दिल्ली की हाई-सिक्योरिटी तिहाड़ जेल में बंद है। जहां वह एक अलग आपराधिक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने 22 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद राजन को दोषी ठहराने में कामयाबी हासिल की। राजन ने स्कूल का ट्रांसफर सर्टिफिकेट और राशन कार्ड जैसे जाली दस्तावेज जमा करके विजय कदम के नाम से अपनी झूठी पहचान गढ़कर पासपोर्ट हासिल किया था।

## पंजाब बंद में पुलिसकर्मी की मौत

### तलवारें लहराई, निगम दफ्तर को ताला लगाया, मिनी सचिवालय बंद कराया, 12 जिलों में बाजार बंद

एजेंसी ▶▶ बरनाला



होशियारपुर में मिनी सचिवालय को बंद करवाया गया।

बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में वाल्मीकि समाज के पंजाब बंद का गुरुवार को 12 जिलों में असर देखने को मिला। लुधियाना, बठिंडा, होशियारपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, पटियाला, पठानकोट, मोगा, रूपनगर, फरीदकोट और गुरदासपुर में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बाजार बंद रहे।

इस दौरान अमृतसर में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस जवान की मौत हो गई। यहां बैंक बंद करवा दिया गया। पठानकोट में सफाईकर्मियों ने निगम दफ्तर पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। यहां रैली निकालकर दुकानों को जबरन बंद करवाया गया। वहीं

22 जुलाई को बरनाला में मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों पर लाठीचार्ज किया गया था। यूनियन नेताओं का दावा है कि इसमें कई सफाई कर्मचारी घायल हुए और उनके सिर फोड़ दिए गए। महिला सफाई कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार किय गया। उन्होंने बरनाला के डीएसपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

## दतिया उपचुनाव- अब तक 69.36 प्रतिशत वोटिंग

### कांग्रेस का सिरोल-जिगना में फर्जी वोटिंग का आरोप, रामसागर से पार्टी एजेंट को उठा ले गई पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव में दोपहर 5 बजे तक 69.36% वोटिंग हो चुकी थी। इस बीच कांग्रेस ने सिरोल में गड़बड़ी की आशंका जताई है। पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सिंह यहां पहुंचे और अधिकारियों से बात की। घनश्याम का मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी से है।

जिगना बूथ पर भी कांग्रेस कार्यकताओं ने बीजेपी पर बाहरी लोगों से फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया। इस पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है। ये उनकी हताशा-निराशा का परिचय है। रामसागर गांव के मतदान केंद्र से पुलिस, कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को अपने साथ ले गई। जब साथियों ने इसका वीडियो बनाया तो पुलिस ने उन्हें रोका।




लैक से सटे दो एयरबेस पर 12 जे-20 स्टील्थ फाइटर तैनात होने का दावा

## भारत सीमा के पास चीन की सैन्य गतिविधि तेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली



व्यावसायिक सैटेलाइट तस्वीरों में दावा किया गया है कि चीन ने भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट स्थित दो एयरबेस पर अपने सबसे आधुनिक जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान तैनात किए हैं। तस्वीरों के अनुसार, शिनजियांग के होतान और तिब्बत के डामशुंग एयरबेस पर कुल 12 जे-20 विमान मौजूद हैं। हाल के वर्षों में लैक के पास इस श्रेणी के विमानों की यह सबसे बड़ी तैनातियों में से एक मानी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, व्यावसायिक सैटेलाइट कंपनी वांटोर की तस्वीरों में 9 जुलाई को शिनजियांग के होतान एयरबेस पर आठ जे-20 'माइटी ड्रैगन' स्टील्थ फाइटर विमान दिखाई दिए। वहीं, 25 जून की तस्वीरों में तिब्बत के डामशुंग एयरबेस पर चार जे-20 विमान सुरक्षात्मक शेल्टर के नीचे खड़े नजर आए।

### भारत की सीमा के कितने करीब हैं एयरबेस

होतान एयरबेस भारतीय वायुसेना के दौलत बेग ओल्डी एयरबेस से करीब 245 किमी और लेह से लगभग 389 किमी दूर है। यह चीन के शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में स्थित पीएलए एयर फोर्स का प्रमुख फॉरवर्ड एयरबेस है। यह नागरिक और सैन्य, दोनों उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होता है और भारत-चीन सीमा के निकट चीन का महत्वपूर्ण फॉरवर्ड ऑपरेशनल बेस माना जाता है। इस बेस पर करीब 3,700 मीटर लंबा विस्तारित रनवे है, जिससे बड़े और भारी सैन्य विमान भी आसानी से उड़ान भर सकते हैं।

## देश विदेश

### ईरान और अमेरिका की जंग में पहली बार मिस्र पर हमला

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच जारी जंग अब मिस्र तक पहुंच गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक मिस्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि दमियाता पोर्ट पर दो गैस टैंकरों में लगी आग हादसा नहीं, बल्कि ड्रोन हमले का नतीजा थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रोन ने अमेरिकी कंपनी के नैचुरल गैस स्टोरेज टैंकर एनरगोस विंटर को निशाना बनाया, जिसके बाद आग पास में खड़े दूसरे टैंकर गैसलॉग सलेम तक फैल गई। हालांकि, दमकल टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया और कोई हताहत नहीं हुआ। इस हमले के पीछे ईरान का हाथ बताया जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि हमले का मकसद यह मैसेज देना था कि अगर जंग और बढ़ी तो दुनिया की समुद्री शिपिंग और एनर्जी सप्लाई भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

### पैलेट गन से घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज कराएं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को आदेश दिया कि 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में बैलेट गन से घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज कराया जाए। वहीं कोर्ट ने केंद्र से कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तैनात आरएएफ के हथियारों और गोला-बारूद के इस्तेमाल का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की बेंच ने पैलेट गन के इस्तेमाल पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विशेष स्थितियों में इसका इस्तेमाल कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि जब तक पैलेट गन के इस्तेमाल की परमिशन देने वाले पुलिस नियमों को चुनौती नहीं दी जाती, तब तक इस पर रोक लगाने का आदेश देना मुश्किल है।

### न्यूयॉर्क टाइम्स ने पीओके को 'पाकिस्तानी कश्मीर' बताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को 'पाकिस्तानी कश्मीर' बताया। इसके बाद अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि 'पाकिस्तानी कश्मीर' जैसा कुछ नहीं है, केवल पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर है। दूतावास ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं तथा हमेशा रहेंगे। भारत ने पाकिस्तान पर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा करने और वहां रहने वाले लोगों के खिलाफ हिंसा करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कहा कि इस मुद्दे पर भारत का रुख पहले से स्पष्ट और अपरिवर्तित है।

### रामायण का ट्रेलर रिलीज



**ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4.15 बजे दुनिया भर में लॉन्च दिवाली 2026 पर रिलीज होगा पहला पार्ट**

**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर आज रिलीज हो गया। मेकर्स ने इसे 30 जुलाई को सुबह 4.15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनिया भर में लॉन्च किया। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया। 'रामायण' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'यह सिर्फ ट्रेलर नहीं, पीढ़ियों से जुड़ी एक भावना है।' वहीं, दूसरे ने कहा, 'कुछ फिल्में देखी जाती हैं, रामायण महसूस की जाती है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'रावण के किरदार में यश की कास्टिंग बेहतरीन है।' वहीं, साई पल्लवी के सीता रूप की भी कई लोगों ने तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'मां सीता के रूप में साई पल्लवी दिव्य लग रही हैं।' कई दर्शकों ने यह भी कहा कि ट्रेलर देखने के उत्साह में वे पूरी रात सो नहीं पाए। हालांकि, कुछ यूजर्स ने यश और साई पल्लवी के हिंदी डायलॉग्स पर सवाल उठाए। कुछ लोगों ने साई पल्लवी के लुक और एक्सप्रेशन की भी आलोचना की।

### नैनो न्यूज

- सेंसेक्स 274 अंक चढ़कर 77,928 पर बंद, निफ्टी 67 अंक ऊपर 24,317 पर पहुंचा, ऑटो और आईटी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।
- बीएमडब्ल्यू में 8 हजार नौकरियां जाएंगी: 2027 तक 5 प्रतिशत वर्कफोर्स घटाने की तैयारी।
- जापान में भूकंप से मौतों का आंकड़ा 28 पहुंचा, मॉल के मलबे में रेस्क्यू जारी।
- आतंकी सामग्री हटाने में लापरवाही का आरोप: ऑस्ट्रेलिया ने टेलीग्राम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की।
- सलमान रुश्दी पर हमले का दोषी आतंकवाद के आरोपों में भी दोषी करार।
- एमपी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव की घोषणा, 17 अगस्त को मतदान, 18 से होगी मतगणना, आज से होगी नामांकन प्रक्रिया।
- मौत के 17 घंटे बाद उठी 65 साल की महिला, आगरा में दामाद के पैर छूते ही बोली- मैं जिंदा हूं, अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शिखर पर पहुंचती धर्मनगरी

पिछले कुछ वर्षों में धर्मनगरी हर क्षेत्र में शिखर की और पहुंचती दिखाई दे रही है। पुरातन नगरी में से एक इस धर्मनगरी के पुराने वैभव को लौटाने में हर संभव प्रयास प्रदेश के नेतृत्वधारी एवं उज्जैन के लाल ने सीधे से ही बीड़ा उठा लिया है। धर्म के क्षेत्र में महालोक का अपना अस्तित्व देश के हर कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बयान कर रही है। देश में बने अब तक के लोकों में सबसे बड़ा और सबसे भव्य लोक बाबा के दरबार में है। धर्म के क्षेत्र से परे रोजगार के क्षेत्र में भी पुराने वैभव वाली यह नगरी अब गिनी जाने लगी है। ऐसा औद्योगिक क्षेत्र बना है कि बार-बार जमीनों के अधिग्रहण की स्थिति बन रही है और इस अधिग्रहण से अन्न दाता भी पूरी तरह से लाभांवित हो रहा है। एक बार फिर से धर्म क्षेत्र को और अधिक देने के लिए बाबा के कोतवाल एवं प्रातः स्मरणीय महर्षि के लोक एवं क्षेत्र के विकास का भी खाता खुल गया है। धर्मनगरी चौतरफा विकास में आकंठ डूबती दिखाई दे रही है। आवागमन के लिए जिस तरह के मार्गों का निर्माण हो रहा है कदापि वह अविश्वसनीय सा ही है। कल तक जिसे गांवडा कह कर पास के औद्योगिक शहर के वजूं मजाक उड़ाते थे आज उनकी इस प्रगति से नींद उड़ने जैसे हाल हो चुके हैं। सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई आवागमन भी बहुत जल्द धरातल पर उतरने को आतूर हो चुका है। उसके बाद तो धर्मनगरी के संभाग के सभी आसपास के जिले ही नहीं पास के प्रदेश तक के लोग इस और से रूख करेंगे और आवागमन को धर्मनगरी के लिए प्रमुख बनाने के लिए आगे आएंगे। उन्हें यहां से सुविधाजन्य आवागमन मिल सकेगा। यही नहीं धर्म का धर्म और कर्म भी होगा। एतिहासिक रूप से कभी राजधानी के दर्जे वाली धर्म नगरी कभी बड़े-बड़े व्यापारियों का केंद्र हुआ करती थी। एक बार पुनः यहां के नेतृत्वधारी ने इसे उस वैभव की ओर अग्रसर कर दिया है। खास यह है कि इस अग्रसरता ने अब गति पकड़ ली है जिसे पड़ोसी के लिए रोकना संभव नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब धर्मनगरी के लोग पडोसी के यहां जाकर अपना धन खर्च करते थे और पड़ोसी बराबर सीना फूलाए हुए धर्मनगरी के लिए आने वाली सुविधाओं और तमाम घोषणाओं को परिवर्तित करवाकर अपने यहां स्थापित करवा लेता था। इसके एक दो नहीं कई उदाहरण हैं। इस कारण से आजादी के बाद से दशकों तक धर्मनगरीवासियों को काफी आर्थिक पिछड़ापन सहना पड़ा है। अब धर्मनगरीवासी तो उनके हक का ही प्राप्त कर रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

### उज्जैन में बढ़े बुखार के मरीज

**उज्जैन।** लगातार बारिश के बाद मौसम में आए अचानक बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में वायरल बुखार, सर्दी-खांसी, गले में संक्रमण और शरीर दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। मौसम में नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

## नैनो न्यूज

- प्रतिकल्पा संस्था में उल्लास के साथ मना गुरु पूर्णिमा पर्व, नृत्याचार्य स्व. गोकुल प्रसाद का हुआ विशेष पूजन
- श्री सत्य साईं समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया, समिति संयोजक शरद सिंह चौहान ने महंत श्री 108 मायादेवी द्वारा जीवन में गुरु के महत्व।
- भाविप सांदीपनि शाखा द्वारा गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित, शिक्षकों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।
- श्री बांके बिहारी की आरती-पूजन के बाद मंदिर संस्थापक धमार्चार्य पं. हरिनारायण शास्त्री का पाद पूजन का दौर शुरू हुआ।
- हिंदी पुस्तकालय समिति, डीग, राजस्थान के 100वें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया।
- 5 अगस्त से शुरू होगी 84 महादेव यात्रा, 6 को महाकाल दर्शन के साथ होगा समापन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक
- त्रिवेणी संग्रहालय में शास्त्रीय गायन और घुंघरूओं की झंकार से सजा गुरु पूर्णिमा महोत्सव, विदुषी कोमकली ने दी मधुर प्रस्तुति

## ट्रेंडिंग




मुख्यमंत्री ने विक्रम उद्योगपुरी में औद्योगिक परियोजनाओं का लिया जायजा

# उद्योगों में स्थानीय किसानों, ग्रामीणों को प्राथमिकता से रोजगार दें : सीएम डॉ. यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दूसरे दिन गुरूवार सुबह विक्रम उद्योगपुरी का निरीक्षण कर औद्योगिक विकास एवं निवेश परियोजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों में स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणो को प्राथमिकता पर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिले यह सुनिश्चित करें। किसानों को औद्योगिक इकाइयों में आवश्यक फसलों का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाये, ताकि स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि हो एवं उद्योगों को भी आवश्यकतानुसार कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्हें एमपीआईडीसी के कार्यपालक निदेशक राजेश राठौड़ ने जिले में संचालित एवं प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं, औद्योगिक अधोसंरचना विकास, भूमि आवंटन तथा निवेश की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान मेसर्स पेप्सिको इंडिया लिमिटेड की अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। लगभग 1,266 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित इस इकाई का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा पिछले वर्ष 30 जुलाई को किया गया था। इस परियोजना से लगभग 800 प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे । मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में 50.05 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 1500 महिलाओं की क्षमता वाले वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निरीक्षण भी किया। जिले में औद्योगिक प्रगति की जानकारी कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दी। निर्माणाधीन आईटी पार्क का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में मेसर्स बेस्ट लाइफ कॉर्पोरेशन तथा मेसर्स प्रतिभा स्वराज लिमिटेड द्वारा 315 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिससे 5,000 से अधिक लोगों, विशेष रूप से महिलाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

**सर्प उद्यान का निर्माण देखा, अखाडों-आश्रमों में पहुंचकर संतों-महंतों से लिया आशीर्वाद**



### पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन

बुधवार रात को मुख्यमंत्री ने विक्रम कीर्ति मंदिर परिसर में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया। विक्रम विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद् डॉ. रमण सोलंकी ने मुख्यमंत्री को संग्रहालय की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि यहां कुल 08 गैलरियां बनाई जा रही हैं। इनमें प्राचीन भारत के महत्वपूर्ण मानबिंदुओं एवं धरोहरों को प्रदर्शित किया जाएगा। जबलपुर से प्राप्त अत्यंत प्राचीन हाथी का मस्तक, 200 से अधिक जीवाश्म तथा अशोक-मौर्य काल से लेकर परमार राजा भोज के काल तक की लगभग 400 प्राचीन प्रतिमाएं यहां रखी जाएंगी। इनमें शैव, वैष्णव, गणपत्य, वाग्देवी एवं अन्य देवताओं की प्रतिमाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 2600 वर्ष पुरानी प्राचीन लकड़ियाँ भी प्रदर्शित की जाएंगी। विक्रम विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध लगभग 20 हजार पांडुलिपियों में से चुनिंदा पांडुलिपियाँ भी इस संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संग्रहालय देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं शोधार्थियों के लिए एक नई सौगात सिद्ध होगा। आगामी दो माह में इस संग्रहालय के पूर्ण होने की संभावना है।

### होमगार्ड जवानों को सर्प रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया जाए- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने रेप्टाइल पार्क (सर्प उद्यान) एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि होमगार्ड के जवानों को भी सांप पकड़ने और सुरक्षित रेस्क्यू करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई बार रिहायशी क्षेत्रों में सांप निकलने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे समय प्रशिक्षित होमगार्ड जवान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सर्पों का सुरक्षित रेस्क्यू कर सकेंगे। इससे वन्यजीव संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और आमजन में भय की स्थिति भी कम होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बसंत विहार क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन रेप्टाइल पार्क (सर्प उद्यान) एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। रेप्टाइल पार्क को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यहां आगंतुकों के लिए विशेष विजिटर जोन, विभिन्न प्रजातियों के सर्पों और अन्य सरीसृपों के प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनी क्षेत्र, जनसुविधा केंद्र, चिकित्सालय, पोस्टमार्टम कक्ष, इंटरप्रिटेशन सेंटर, रिसर्च सेंटर, एजुकेशन सेंटर तथा अत्याधुनिक रेस्क्यू सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही स्नेक पार्क भी विकसित किया जाएगा, जहां सर्पों के प्राकृतिक व्यवहार और उनके संरक्षण से जुड़ी जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

- **संतों से लिया आशीर्वाद-** बुधवार को गुरुपूर्णिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में संतों का सम्मान किया। वे शिप्रा तट स्थित श्री गुरु दत्तात्रेय अखाड़ा पहुंच कर यहां उन्होंने पीर गादी एवं धूनी पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात अखाड़े के गादीपति महंत पीर जी सुंदरपुरी महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाराज ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। मंगरोला फांटा, चिंतामन रोड स्थित श्याम धाम आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने महंत श्री श्याम गिरी महाराज (राधे-राधे बाबा) से भेंट कर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर माल्यार्पण किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। चिंतामन मार्ग स्थित राजराजेश्वरी आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने आह्वान अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री अतुलेशानंद आचार्य शेखर महाराज से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराज श्री को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वाल्मीकि धाम पहुंचकर अनंत श्री विभूषित 1008 स्वामी सोहन दास जी महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और मंदिर में दर्शन किए तथा राज्य सभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज एवं अन्य संतजनों से सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बगलामुखी धाम पहुंचकर संत श्री मलंगनाथ महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और महंत श्री रामनाथ जी महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।
- **कुश्ती प्रतियोगिता में सहभागिता की-** मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा भारती उज्जैन एवं सर्वश्री मारुतिगंज व्यायामशाला, उदूर्पुरा अखाड़ा के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित पारंपरिक महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पश्चात हजारी हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और पूजन-अर्चन किया।

श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ यादव

# रविवार को लगेंगे स्कूल, सोमवार को अवकाश

### श्रावण में भगवान के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास के पहले दिन गुरूवार को तड़के भगवान श्री महाकालेश्वर एक घंटा पूर्व जगाए गए। इसके बाद 3-5 बजे तक भगवान की भस्मार्ती की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर जिला शिक्षा विभाग ने इस वर्ष भी विद्यार्थियों के आवागमन को देखते हुए श्रावण-भादौ मास में नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में रविवार को कार्य दिवस एवं सोमवार को अवकाश घोषित किया है।

गुरूवार को भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूर्व घोषित क्रम अनुसार भगवान का जल्द जागरण हुआ और इसके साथ ही भस्मार्ती का क्रम शुरू हुआ। इस दौरान आरती में बड़ी संख्या में नंदी हाल, गणेश मंडपम, कार्तिकेय मंडपम में श्रद्धालुओं ने बैठकर आरती में दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति ने चलायमान भस्मार्ती के लिए भी श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जिससे हजारों श्रद्धालुओं ने चलायमान होकर भगवान का दर्शन लाभ लिया है।



**सुबह से रास्तों पर जाम के हालात-** श्रावण मास के पहले दिन ही मंदिर के पहुंच मार्ग एवं मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की खासी संख्या रही। इसके चलते मंदिर पहुंच मार्ग एवं मंदिर क्षेत्र के मार्गों पर जाम लगने की स्थिति रही। यह जाम सुबह से लेकर देर शाम तक लगते खुलते रहे। एकांगी मार्ग का पालन भी फोरी तौर पर देखा गया।

**श्रद्धालुओं के लिए सुलभ व्यवस्थाएं हों-** श्रावण मास के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाबा महाकाल, ओंकारेश्वर महादेव सहित प्रदेश के सभी देव स्थानों पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं कावड़ यात्रा निकालने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को सहज दर्शन का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन आगमन को दृष्टिगत रखते हुए सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था का उपयोग करें। आपके सहयोग से सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्ण दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

### व्यवस्था 2 अगस्त से 6 सितंबर तक नगर क्षेत्रांतर्गत स्कूलों में लागू

भगवान की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने उज्जैन शहर के स्कूलों में सोमवार को अवकाश घोषित किया है। इसकी अपेक्षा रविवार को स्कूलों का संचालन नियमित होगा। यह व्यवस्था 2 अगस्त से 6 सितंबर तक उज्जैन नगर क्षेत्रांतर्गत स्कूलों में लागू रहेगी। इसे लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किए हैं।
जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की सावन-भादौ मास सवारी वर्ष 2026 के दौरान प्रत्येक सोमवार को नगर उज्जैन में आयोजित की जाएगी। इसे लेकर नगर क्षेत्र में व्यापक यातायात परिवर्तन, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सुरक्षित आवागमन तथा शिक्षण व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु उज्जैन नगर क्षेत्र अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध विद्यालयों के लिए रविवार 2 अगस्त से 6 सितंबर तक प्रति रविवार स्कूलों में कार्य दिवस घोषित करते हुए स्कूलों का संचालन किया जाएगा। सोमवार 3 अगस्त से लेकर 7 सितंबर तक सभी सोमवार को नगर क्षेत्र के स्कूलों में अवकाश रहेगा। रविवार को समस्त विद्यालय नियमित समयानुसार संचालित किए जाएंगे। संबंधित सोमवार को विद्यालयों में अवकाश रहेगा।विद्यालय प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त कार्य दिवसों में नियमित रूप से शिक्षण कार्य संपादित हो। यह आदेश केवल उज्जैन नगर क्षेत्र में संचालित विद्यालयों पर लागू होगा। इधर सामने आ रहा है कि इस आदेश से नगर क्षेत्र के करीब 280 विद्यालय प्रभावित होंगे। इनमें हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय,प्ले स्कूल शामिल हैं। इनमें करीब 80 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव

# ढांचा भवन में घुटने-घुटने पानी में होकर स्कूल पहुंचे बच्चे





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार सुबह हुई बारिश ने मानसून की तैयारियों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। कुछ देर की बारिश के बाद ही शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। आगर रोड स्थित ढांचा भवन कॉलोनी, इंदौर गेट, मालीपुरा, गधा पुलिया, बेगमबाग सहित कई स्थानों पर सड़कें पानी में डूब गईं। बारिश रुकने के काफी समय बाद तक सड़कों पर पानी भरा रहा, जिससे लोगों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में आगर रोड स्थित ढांचा भवन कॉलोनी रही, जहां सड़कें पानी में डूब गई और सड़कों पर घुटने घुटने तक पानी भर गया। स्कूल जाने वाले बच्चे इसी पानी से होकर गुजरते नजर आए। कई अभिभावकों को छोटे बच्चों को गोद में उठाकर जलभराव वाली सड़क पार कर स्कूल छोड़ने जाना पड़ा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बारिश थमने के बाद भी पानी की निकासी नहीं होने से लंबे समय तक सड़कें जलमग्न रहीं।

शहर के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर जलभराव ने एक बार फिर जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। निचली बस्तियों के साथ-साथ कई प्रमुख और विकसित कॉलोनियां भी इस समस्या से अछूती नहीं रहीं। लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित हुआ। सड़क चौडीकरण की वजह से शहर की कई सड़कें खुदी पड़ी है और दूसरी तरफ बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है।

## उज्जैन की सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत का सांस्कृतिक अनुष्ठान महाकालेश्वर की सवारी में मुस्करायेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रीमहाकालेश्वर की सवारी का 11वीं शताब्दी की पांडुलिपियों में उल्लेख है परमार वंश के महान शासक राजा भोज ने श्रीमहाकालेश्वर की सवारी को राजकीय उत्सव का स्वरूप प्रदान किया जिसमें लोक कलाकार संगीतकार विभिन्न हैरतअंगेज कला के नट कलाकार एवं लोक परंपराओं को सम्मिलित किया। राजा भोज स्वयं पालकी के आगे अपने लाव लश्कर, सेना के साथ चलते थे एवं बाबा की पालकी को पूरा सम्मान प्रदान करते थे। मराठा काल के शासन में सिंधिया वंश के राणोजी सिंधिया ने श्री महाकाल के जीर्णोद्धार के साथ सवारी को नवजीवन दिया। जिसमें रथ,गजराज सजीव लोक परंपराओं, राजसी वेषभूषा का बेजोड़ प्रदर्शन सम्मिलित किया। पुरातनकाल की परंपराओं एवं विरासत को वर्तमान युवा तरुणाई में सनातन संस्कृति के प्रति प्राचीन काल के विभिन्न क्षेत्रों के राजा महाराजाओं की सांस्कृतिक वेशभूषा का अनूठा प्रदर्शन विगत 38 वर्ष से मुस्कुराके मंडली द्वारा किया जा रहा है।

## साइबर ठगी से बचाने टीजेएसबी बैंक ने चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

डिजिटल बैंकिंग के दौर में बढ़ते साइबर अपराधों से आमजन और विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए टीजेएसबी सहकारी बैंक की उज्जैन शाखा द्वारा दो दिवसीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 40 से 50 वरिष्ठ नागरिकों और ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का पहला चरण 29 जुलाई को ऋषि नगर स्थित दत्त मंदिर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंकज चांदोर्कर, प्रदीप जोग, विजय घाटपांडे, दीपाली तारे, ज्योति चौघुले और मिलिंद पन्हाळकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद 30 जुलाई को बैंक की उज्जैन शाखा में दूसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विजय केवालिया, अशोक लांडगे, मिलिंद पन्हाळकर, शुभाशचंद्र जोशी और सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक शाखा प्रबंधक मनीष नंदनवार, बैंक कर्मचारी हिमानी छाबड़ा, योगेश खत्री, राहुल मालवीय और कल्पेश मळेकर का विशेष योगदान रहा। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने जनहित की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया।

लंबे समय से गंदगी, कचरे के ढेर और साफ-सफाई का अभाव बना आमजन की समस्या

# महाकाल घाटी की 24खंभा गली नं. 1 में गंदगी का अंबार, श्रद्धालुओं को हो रही भारी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर तक जाने वाले प्रमुख मार्ग महाकाल घाटी-24 स्थित खंभा गली नंबर-1 की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं की आस्था पर सवाल खड़े कर रही है। यहां लंबे समय से गंदगी, कचरे के ढेर और साफ-सफाई के अभाव की समस्या बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि श्रद्धालुओं को इसी गंदगी के बीच से होकर मंदिर तक पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खंभा गली नंबर-1 महाकाल मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है, जहां दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है।





महाकाल घाटी-24 की खंभा गली नंबर-1 में फैली गंदगी। इसी मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

इसके बावजूद नियमित सफाई नहीं होने से सड़क किनारे कचरा जमा रहता है और नालियों की सफाई भी समय पर नहीं की जाती। कई स्थानों पर दुर्गंध फैलने से श्रद्धालुओं और आसपास के व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कचरा और गंदा पानी सड़क पर फैल जाने से फिसलन की स्थिति बनती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### साफ-सफाई और रखरखाव भी प्राथमिकता होनी चाहिए

महाकाल लोक और मंदिर क्षेत्र को देश-विदेश में धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र माना जाता है। ऐसे में मंदिर तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर गंदगी दिखाई देना शहर की छवि को भी प्रभावित करता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जब करोड़ों रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं, तब मंदिर के प्रवेश मार्गों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव भी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने नगर निगम तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि खंभा गली नंबर-1 में नियमित सफाई अभियान चलाया जाए, कचरा हटाया जाए और स्वच्छता व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारा जाए, ताकि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 31 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### लोक परीक्षा संशोधन विधेयक परीक्षाओं की शुचिता की दिशा में अच्छा कदम

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 पारित होने का स्वागत कर इसे परीक्षाओं की शुचिता और सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लोकसभा से लोक परीक्षा संशोधन विधेयक 2026 का पारित होना देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पेपर लीक माफियाओं, संगठित नकल गिरोहों और लोक परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा।

### किसानों से जुड़े विषयों को लेकर मंत्रियों की समिति गठित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में सभी अन्नदाता बंधुओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कल भी किसानों से बातचीत की थी। किसानों से जुड़े विषयों को लेकर मंत्रियों की एक समिति गठित की गई है, जो किसान भाइयों से संवाद करेगी। समिति के सदस्य कृषि मंत्री श्री कंषाना, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर किसानों से संवाद करेंगे। राज्य सरकार सदैव किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ है। हम संवाद के माध्यम से सभी समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। हम किसानों और आम नागरिकों की बेहतरी के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

### प्रतिदिन बिछाया जा रहा है 34 किलोमीटर रेलवे ट्रेक

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में जहां एक दिन में मात्र 4 किलोमीटर रेलवे ट्रेक तैयार होता था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में ट्रेक बिछाने की रफ्तार 34 किलोमीटर प्रतिदिन है। भोपाल में अब रानी कमलापति स्टेशन, भोपाल मेन स्टेशन, संत हिरदाराम स्टेशन और अब निशातपुरा स्टेशन हो गए हैं। मध्यप्रदेश को 13 नए अमृत स्टेशनों की सौगात मिली है। वडोदरा - रतलाम और इटारसी-भोपाल-बीना रूट पर तीसरी और चौथी रेल लाइन के काम चल रहे हैं। पहले कभी मीटर गेज लाइनें हुआ करती थीं, जो धीरे-धीरे ब्रॉडगेज हो गईं और ब्रॉडगेज डबल लाइन हो गईं। अब ट्रिपल और फोर लाइन का विकास हो रहा है। भारतीय रेल का नेटवर्क इतना बड़ा है, जिसमें कई देशों की कुल आबादी के बराबर लोग हमारी ट्रेनों में सफर कर रहे होते हैं।

### भूमाफिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज



इंदौर। इंदौर जिले में भूमाफियाओं एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर जिला प्रशासन द्वारा एक बड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है। तहसील एवं अनुभाग मल्हारगंज क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित करने के प्रयास का खुलासा होने पर संबंधित भूमाफिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए अतिक्रमण हटाने तथा बेदखली की कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मल्हारगंज एवं तहसीलदार मल्हारगंज द्वारा ग्राम सिरपुर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 33, रकबा 2.711 हेक्टेयर का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के नाम दर्ज है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अज्जू खां पिता भूरु खान, निवासी 17 सम्राट नगर द्वारा शासकीय भूमि को अपनी निजी भूमि सर्वे क्रमांक 37/1 बताकर छोटे-छोटे भूखंड तैयार किए गए तथा नोटरी के माध्यम से उनका विक्रय कर ₹न्यू लक्ष्मी नगर₹ नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि सर्वे क्रमांक 37/1 की भूमि सिद्धनाथ मिश्रीलाल पिता गणपत के नाम दर्ज है तथा उसका स्वामित्व अज्जू खां के नाम पर नहीं है। इसके बावजूद शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा देकर उसे निजी भूमि के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा था। उक्त शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपये है।

## नैनो न्यूज

- **भोजशाला मामला:** धार भोजशाला विवाद से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पर प्रदेश की नजरें टिकी हैं।
- **चुनावी विवाद:** दतिया उपचुनाव के दौरान जीतू पटवारी के बयान को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई।
- **मानसून सक्रिय:** प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में मानसून फिर सक्रिय होने से अच्छी बारिश दर्ज की गई।
- **रेल सुविधा:** भोपाल के निशातपुरा स्टेशन पर कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव शुरू होने से यात्रियों को राहत मिली।
- **भोपाल:** मूंग की एमएसपी खरीद को लेकर किसानों और सरकार के बीच वार्ता जारी, समाधान की उम्मीद।
- **शहडोल-सतना-अनूपपुर:** बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से हाल के दिनों में कई लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने सतर्कता बरतने की अपील की।
- **दतिया:** विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात।
- **प्रदेशभर:** मानसून दोबारा सक्रिय होने से कई जिलों में अच्छी बारिश, जलाशयों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज।

### कावड यात्रियों के लिए मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार 4 दिन निर्धारित, अन्य दिनों में अनुमति नहीं

# भगवान श्री महाकाल अब प्रति सोमवार रात ढाई बजे जागेंगे

## श्रावण भादौ मास में एक घंटे जल्दी खुलेंगे मंदिर के पट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गुरूवार से शुरू हुए श्रावण मास में भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर का श्रावण-भादौ मास में भस्म आरती पर मंदिर के पट खुलने के समय में परिवर्तन हुआ। भस्म आरती 07 सितम्बर 2026 तक प्रातःकालीन पट खुलने का समय प्रातः 03.00 बजे हुआ। प्रत्येक सोमवार को भस्म आरती का समय प्रातः 2.30 बजे होगा। भस्म आरती प्रतिदिन प्रातः 3 से 5 बजे तक और प्रत्येक सोमवार को 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। इसी तरह 08 सितम्बर से पट खुलने का समय पूर्ववत होगा। वर्तमान में मंदिर के पट सुबह 4 बजे खुल रहे थे।

मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार श्रावण-भादौ मास के दौरान अत्यधिक संख्या में कावड़ यात्रियों का आगमन होना निर्धारित रहता है। आगंतुक कावड़ यात्रियों की जल अर्पण की व्यवस्था के लिए सप्ताह में 04 दिवस मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार की गई है। कावड़ यात्री दल को द्वार नंबर 01 एवं हरसिद्धि चौराहा स्थित विशेष दर्शन मार्ग से प्रवेश दिया जाएगा। शनिवार, रविवार तथा सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक होने के फलस्वरूप किसी भी कावड़ दल को अनुमति जारी नही की जाएगी।

### ये रहेगी श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था

मंदिर में सामान्य दर्शन व्यवस्था श्रावण-भादौ मास में त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से नन्दी द्वार, श्री महाकाल महालोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेन्टर-1, टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से श्रद्धालु भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करेंगे। साथ ही नीलकंठ प्रवेश द्वार की ओर से आने वाले श्रद्धालु मानसरोवर भवन में प्रवेश कर फेसिलिटी सेन्टर-1 एवं टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से दर्शन उपरांत (निर्माल्य द्वार) अथवा नवीन आपातकालीन निर्गम द्वार से सीधे बाहर के लिये प्रस्थान करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए जल अर्पण की व्यवस्था श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप व कार्तिकेय मंडपम में जलपात्र के माध्यम से रहेगी।

**शीघ्र दर्शन व्यवस्था ऐसी रहेगी-** शीघ्र दर्शन व्यवस्था-01- हरसिद्धि चौराहा से बैरिकेट के रास्ते होकर द्वार नंबर 05 से विश्रामधाम, सभा मण्डपम्, गणेश मण्डपम् से भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के उपरांत निर्गम द्वार से बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे। इसी तरह शीघ्र दर्शन के लिए दूसरी व्यवस्था द्वार नंबर 01 विश्रामधाम से होकर सभा मण्डपम्, गणेश मण्डपम् से भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के उपरांत निर्गम द्वार से बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे।

**कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ व्यवस्था परखी-** श्रावण माह में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार रात को श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था, आवागमन, सुरक्षा, निर्माण कार्यों तथा यातायात प्रबंधन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद थे। प्रशासक प्रथम कौशिक ने उन्हें श्रावण महिने में श्रद्धालुओं के दर्शन व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी तथा निदेर्शों के अनुरूप व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्गों का पैदल भ्रमण करते हुए बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, जूता स्टैंड, 250 रूपए के विशेष दर्शन टिकट धारकों के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं के साथ ही कांवड़ यात्रियों के प्रवेश मार्ग, जल अर्पण व्यवस्था, भस्म आरती के दौरान की जाने वाली व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

# दूसरे शहरों में बने गए प्राधिकरण अध्यक्ष, इंदौर का मामला अभी तक होल्ड होने से नियुक्तियां भी नही

## निकाय चुनाव की नजदीकी के चलते दावेदारों की सक्रियता भी पहले जैसी नहीं रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में अब दावेदारों ने भी प्राधिकरण और नगर निगम के एल्डरमैन बनने में दिलचस्पी लेना बंद कर दी है। मध्य प्रदेश के ज्यादा बड़े शहरों के प्राधिकरणों में अध्यक्ष पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां हो चुकी हैं, लेकिन इंदौर का मामला अभी भी होल्ड पर है। जब भी मुख्यमंत्री इंदौर आते हैं तो दावेदार उनके आसपास नजर आते हैं, लेकिन अभी भी नियुक्तियों को लेकर कोई संकेत नहीं मिले हैं। दरअसल, इंदौर को मेट्रोपॉलिटन सिटी का दर्जा मिल चुका है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। आने वाले दिनों में महानगर विकास प्राधिकरण भी बन सकता है। संभवतः इसी कारण अभी इंदौर विकास प्राधिकरण में राजनीतिक बोर्ड का गठन नहीं हो रहा है। उधर, इंदौर नगर निगम में भी एल्डरमैन नियुक्त नहीं किए गए हैं। डेढ़ साल बाद नगर निगम चुनाव होना है। इस कारण एल्डरमैन बनने की चाह रखने वाले नेता भी ज्यादा जोर नहीं लगा रहे हैं, क्योंकि एल्डरमैन बनने के बाद उनकी पार्षद पद के टिकट की दावेदारी कमजोर हो सकती है।

इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा नेता हरिनारायण यादव प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं। वे प्राधिकरण में उपाध्यक्ष व संचालक मंडल के सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा दीपक जैन 'टीनू' का नाम भी चर्चा में है। इस बार उन्हें संगठन में भी कोई पद नहीं मिला है। इस कारण कयास लगाए जा रहे हैं कि वे नई भूमिका में आ सकते हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष के लिए भी उनका नाम चर्चा में था। इसके अलावा मुकेश सिंह राजावत का नाम भी चर्चा में है।

### प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी

मध्य प्रदेश के कई नगर निगमों में सरकार एल्डरमैन की नियुक्तियां कर चुकी है, लेकिन जबलपुर नगर निगम में यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। भाजपा संगठन की ओर से एल्डरमैन पद के लिए 10 नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को भेजा जा चुका है, लेकिन इन नामों पर अंतिम मंजूरी का इंतजार बना हुआ है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि फिलहाल सरकार ने उन्हीं नगर निकायों में नियुक्तियां की हैं, जहां नामों को लेकर किसी तरह का विवाद या असहमति नहीं थी। जबलपुर में संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच आवश्यक सहमति नहीं बनने के कारण कई महत्वपूर्ण राजनीतिक नियुक्तियां लंबित हैं। इसका असर केवल एल्डरमैन की नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भाजपा महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष के चयन और नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) के विस्तार पर भी दिखाई दे रहा है।

### निगम की कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

# भाजपा के पूर्व पार्षद का जर्जर भवन जमींदोज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में जर्जर और खतरनाक भवनों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में एमजी रोड स्थित गोराकुंड क्षेत्र में नगर निगम की रिमूवल टीम ने एक खतरनाक एवं जर्जर भवन को पोकलेन मशीन की मदद से जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

बताया गया कि यह भवन भाजपा के पूर्व पार्षद मनोज काला का पुश्तैनी मकान है। भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था और आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ था। नगर निगम ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आवाजाही भी नियंत्रित की गई।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में चिन्हित अन्य जर्जर और खतरनाक भवनों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

### ऑनर्स बोर्ड पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं क्रांति गौड़

# बुंदेलखंड की बेटी ने लॉड्र्स में रचा इतिहास

### भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 270 रनों से हराया, क्रांति का अहम योगदान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉड्र्स स्टेडियम के पैवेलियन में कभी महिलाओं को प्रवेश की भी अनुमति नहीं थी। स्वयं को आधुनिक बताने वाले अंग्रेजों ने 142 साल में पहली बार महिलाओं को इस मैदान में टेस्ट खेलने की अनुमति दी। इस ऐतिहासिक मुकाबले की नायिका क्रांति गौड़ को प्रतिष्ठित ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम लिखने के लिए आमंत्रित किया गया।

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच एक युवती सामने आती है। उसके चेहरे पर परिपक्वता नहीं, मासूमियत झलक रही है। 22 साल की उम्र में उसे भी शायद न पता हो कि दुनिया में जब भी क्रिकेट की बात होगी, लॉड्र्स के ऑनर्स बोर्ड पर पहली महिला क्रिकेटर के रूप में वह हमेशा याद की जाएगी। यह क्रिकेट की दुनिया में महिलाओं को समानता की दिशा में एक नई क्रांति भी है।

### भारतीय टीम की जीत में अहम योगदान

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को इस टेस्ट में 270 रनों से हराया। इसमें क्रांति ने पहली पारी में पांच विकेट झटके और मैच में कुल सात बल्लेबाजों को आउट किया। क्रांति गौड़ मध्य प्रदेश के उस बुंदेलखंड इलाके से आती हैं, जहां की पहचान झांसी की रानी रही हैं। मानो अंग्रेजों के दांत खट्टे करने का हौसला विरासत में मिला। मैच के बाद क्रांति ने कहा कि उन्होंने बचपन में कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि ऑनर्स बोर्ड पर उनका नाम होगा। मप्र के छतरपुर जिले के घुवारा में रहने वाले आदिवासी परिवार की क्रांति का सफर उनकी तूफानी गेंदों की तरह सीधा नहीं रहा। पुलिस में कांस्टेबल रहे पिता मुन्ना सिंह की नौकरी छूट चुकी थी, आर्थिक हालात खराब थे।

### अभावों के बीच किया कमाल

2017 में सागर की टीम में एक लड़की कम थी। क्रांति को मौका मिला तो कमाल कर दिया। लगा बेटी में योग्यता है तो पिता साइकिल से छतरपुर ट्रेनिंग दिलाने ले जाने लगे। कोच राजीव बिल्थरे बताते हैं, मैंने उनसे कहा कि यहां रहकर मेहनत करनी होगी। मुश्किल यह थी कि पिता के पास शहर में ठहराने और खिलाने के पैसे नहीं थे। एक सप्ताह मेरे घर पर रही और फिर करीब दो साल साथी खिलाड़ी सुषमा विश्वकर्मा के घर पर रहीं। पहनने के लिए जूते और ड्रेस की व्यवस्था भी मैंने ही की।

पैसों की तंगी थी तो नौवीं के बाद पढ़ाई भी ठहर गई। मगर समस्या सिर्फ पैसों की तंगी तक ही नहीं थी। गांव की लड़की शहर में रहकर क्रिकेट खेल रही थी तो ग्रामीणों ने परिवार को खूब टोका। लड़की से शादी कौन करेगा, इसे तो रसोई का काम सिखाओ... जैसी बातें भी कहीं। मगर न पिता डिगे और न परिवार। क्रांति एक ही साल में मप्र जूनियर टीम में पहुंची और फिर सीनियर टीम के साथ भारतीय टीम में।

# खुलासा: विवाद के बाद दोस्तों ने की कांग्रेस नेता की हत्या

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

रीवा में कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित वर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात की शुरूआत शराब पार्टी के दौरान हुई मामूली कहासुनी से हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोपितों ने अमित पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

मृतक अमित वर्मा के पिता पीसी कोल अनूपपुर पुलिस लाइन में पदस्थ हैं और संयोग से 31 जुलाई को उनकी सेवानिवृत्ति निर्धारित है। परिवार में इस घटना के बाद शोक का माहौल है। पुलिस अधीक्षक गुरुकरण सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विजय कुमार दहिया उर्फ लकी (25), आशीष कुमार दहिया उर्फ मोनू (30) और नंदलाल दहिया उर्फ अंकित (21) के रूप में हुई है। तीनों ने शांति विहार कॉलोनी में अमित वर्मा के साथ शराब पार्टी की थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और गुस्से में आरोपितों ने चाकू से हमला कर दिया।

### बाइक छोड़कर फरार हुए आरोपित

हत्या के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए, लेकिन जल्दबाजी में अपनी बाइक घटनास्थल पर ही छोड़ गए। यही सुराग पुलिस के लिए अहम साबित हुआ। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जांच के दौरान हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपितों की बाइक बरामद कर ली

### ग्वालियर बनेगा देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब

# 15 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन विकसित किया जाएगा। करीब 350 एकड़ में बनने वाले इस आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले वर्षों में 12 से 15 हजार करोड़ रुपये तक के निवेश की संभावना है। इससे करीब 5 हजार प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। परियोजना के पहले चरण में करीब 3500 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस संबंध में नई दिल्ली में मध्य प्रदेश सरकार और केंद्रीय दूरसंचार विभाग के बीच एमओयू होगा। इसके बाद परियोजना को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल से इसे मध्यप्रदेश में हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की बड़ी परियोजना माना जा रहा है।

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन में मोबाइल उपकरण, नेटवर्क उपकरण, ऑप्टिकल फाइबर, सेमीकंडक्टर और 5जी-6जी तकनीक से जुड़े रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेंटर विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा परीक्षण और प्रमाणन प्रयोगशाला, स्टोरेज, सड़क और आईसीटी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। परियोजना के पहले चरण के लिए केंद्र सरकार ने 493 करोड़ रुपये का 100 प्रतिशत केंद्रीय अनुदान मंजूर किया है। वहीं, राज्य सरकार करीब 170 एकड़ जमीन निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। इसमें साडा क्षेत्र की 100 एकड़ और ग्वालियर आईटी पार्क की 70 एकड़ जमीन शामिल है।

परियोजना में डिक्सन टेक्नोलॉजीज, एचएफसीएल, तेजस नेटवर्क्स, वीवीडीएन और सिरमा एसजीएस जैसी कंपनियां एंकर निवेशक के रूप में जुड़ रही हैं। पहले चरण में 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में करीब 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता बताई गई है।



### आयात घटेगा, स्थानीय उद्योगों को मिलेगा फायदा

टेलीकॉम जोन में राउटर, एंटीना, ऑप्टिकल फाइबर, चिप और दूसरे उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर जोर रहेगा। इससे आयात पर निर्भरता कम करने और निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। एमएसएमई, स्टार्टअप और स्थानीय सप्लायरों को भी बड़ी कंपनियों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। परियोजना के संचालन के लिए विशेष प्रयोजन कंपनी बनाई जाएगी, जिसमें मध्य प्रदेश सरकार की 51 प्रतिशत और केंद्र के दूरसंचार विभाग की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

# गलत ऑनलाइन मैपिंग से अटक रजिस्ट्रियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**


संपदा 2.0 साफ्टवेयर पर की गई आनलाइन मैपिंग की गड़बड़ी अब शहर में रजिस्ट्री कराने वालों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कई कालोनियों की लोकेशन गलत दर्ज होने से संपत्तियों की गाइडलाइन दरें बदल रही हैं और रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया करने के दौरान आनलाइन लोकेशन गलत आ रही है और पोर्टल पर गलत लोकेशन के कारण दस्तावेज प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में लोग सुधार के लिए पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं। संपदा 2.0 की शुरूआत से पहले पूरे जिले की आनलाइन मैपिंग कराई थी। इसके लिए पंजीयन कार्यालय को प्रतिदिन लक्ष्य दिया था। जल्दबाजी में काम पूरा करने और पूरे क्षेत्र की जानकारी नहीं होने से कई कालोनियों की मैपिंग गलत क्षेत्र में दर्ज हो गई।

### वर्ष 2027 के चातुर्मास के लिए पट्टाचार्य

# विशुद्ध सागर जी को दिल्ली में इंदौर के समाज श्रेष्ठियों ने किए श्रीफल समर्पित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/दिल्ली**

इस वर्ष दिल्ली में चातुर्मास कर रहे श्रमण संस्कृति के महाश्रमण पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के कलश स्थापना समारोह में सम्मिलित इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी आजाद कुमार जैन के नेतृत्व में सेकंडों इंदौरी मुनि भक्तों ने पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी को श्रीफल समर्पित कर उनसे वर्ष 2027 का वषार्योग (चातुर्मास) इंदौर में करने का निवेदन करते हुए आजाद जी ने कहा कि आचार्य श्री वर्ष 2007 में आचार्य पद ग्रहण करने के बाद आपने पहला चातुर्मास तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर इंदौर में किया था अब इंदौर जैन समाज एवं गुरु भक्तों की भावना है कि आपका वर्ष 2027 का वर्षा योग पुनः इंदौर नगर में हो। समारोह में इस भावना को प्रदर्शित करता एक पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी जैन समाज के राष्ट्रीय नेता हंसमुख गांधी, दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के संगठन मंत्री श्री प्रतिपाल टोंग्या,डॉ जैनेंद्र जैन,सीए अशोक खासगीवाला धर्मेंद्र पाटनी, तरुण जैन, पंकज जैन (पिंकी), मनीष मोना, नेमी बड़कुल, कमलेश पहाड़िया, राकेश शाह,पदम काला राजेश जैन दद्दू आदि उपस्थित थे।



## न्यूज कालम



## परिवारजनों ने विभिन्न संस्थानों में दान स्वरूप दिए एक लाख 35 हजार

**सनावद।** समीप ग्राम चितावद में श्री रेवा गुर्जर समाज के बलिराम जी अंजनिया की धर्मपत्नी बसन्ती बाई अंजनिया का 72 वर्ष की उम्र में 19 जुलाई को देवलोकगमन हो गया था। स्वर्गीय बसन्ती बाई की पगड़ी रस्म व अन्नदान कार्यक्रम में उनकी पावन स्मृति में 1 लाख 35 हजार की नगद राशि सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थानों, गौशाला व अन्नक्षेत्र आदि में दान स्वरूप राशि उनके पुत्र राजू अंजनिया एवं शुभचिंतक व रिस्तेदारो द्वारा दी गई । स्वर्गीय बसन्ती बाई अंजनिया की पगड़ी रस्म के कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों व रिस्तेदारो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। पगड़ी रस्म में गुर्जर समाज महासभा कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला श्री गुर्जर युवा संगठन सचिव पत्रकार सुरेंद्र बिरला सहित बड़ी संख्या में समाजजन, रिस्तेदार व शुभचिंतक उपस्थित थे।

## नगर पालिका में छोटे मोटे कामों के लिए आम जनता परेशान

**खरगोन।** नगर पालिका परिषद में अधिकारीयो की लापरवाही से आम जनता के छोटे-मोटे कामों के लिए आम जनता को अपने काम धंधे छोड़कर कहीं दिनों तक नगर पालिका के चक्कर लगाने के बावजूद भी काम नहीं होते। ऐसे ही मामला सम्पत्ति के नामांतरण हेतु आम जनता चक्कर लगा लगाकर नामांतरण की सेकडो फाइलें दो वर्षो से पुरानी फाइलें लम्बित है जब की देखें जाय पूर्व कलेक्टर साहब द्वारा निर्देश दिये।गये जिन लोगों की नामांतरण की फाईलें चल रही ऊनको पुरा किया जावे 1, वार्ड से 16, वार्ड की फाईलें २वर्षो से पुरानी लम्बित है सभी प्रकार के नगर पालिका के टेक्स भरने के बावजूद भी आम नागरिकों को नामांतरण नहीं किये जा रहे हैं। आम नागरिक नामांतरण की फाईल का पुछने जाते हैं तो उनका सही तरह से बात करने का रवैंया नही रहता। कलेक्टर साहब के निर्देश पर भी नगर पालिका अधिकारी अपनी हटधर्मी पर अडे है न जाने कब तक आम जनता परेशान रहेगी।

## नगर पालिका द्वारा किया गया एंटी लार्वा द्रव्य का छिड़काव



**बड़वानी ।** नगर पालिका बड़वानी द्वारा शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खुले नालों में कीटाणुनाशक एवं एंटी-लार्वा द्रव्य का छिड़काव कराया गया। इस अभियान का उद्देश्य मच्छरों एवं अन्य रोग फैलाने वाले कीटों की रोकथाम करना तथा डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित रखना है।नगर पालिका परिषद बड़वानी के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख खुले नालों में विशेष अभियान चलाकर दवा का छिड़काव किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव एवं खुले नालों में मच्छरों के लार्वा तेजी से पनपते हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए नियमित रूप से एंटी-लार्वा एवं कीटाणुनाशक दवाओं का उपयोग किया जा रहा है।नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, पानी का अनावश्यक जमाव नहीं होने देने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील की है। परिषद का कहना है कि शहर को स्वच्छ एवं रोगमुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## डायरिया कैम्पेन सहदस्तक अभियान के तहत घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीमें

**उज्जैन।** जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय रहते पहचान, त्वरित उपचार तथा जरूरत पड़ने पर रेफरल सुनिश्चित करना है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से इस वर्ष अभियान "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" थीम पर संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण एवं संक्रमण जैसी बीमारियों की पहचान कर उपचार किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को विटामिन-ए की खुराक, ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां भी वितरित की जा रही हैं।

## बाल कल्याण समिति का खोया-पाया केंद्र बना सेवा का संगम

**खंडवा।** दादाजी धाम में आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के बीच बाल कल्याण समिति, खंडवा द्वारा दादाजी मंदिर के गेट क्रमांक-१ के सामने स्थापित खोया-पाया केंद्र मानव सेवा का केंद्र बनकर उभरा। दो दिवसीय सेवा अभियान के दौरान भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़े १०० से अधिक महिला, पुरुष एवं बच्चों को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस मानवीय पहल की श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से सराहना की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर देशभर से लाखों श्रद्धालु परिवार सहित दादाजी धाम पहुंचे। अत्यधिक भीड़ के कारण अनेक बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष अपने परिजनों से बिछड़ गए। ऐसी स्थिति में बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं पुलिस विभाग ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाने का कार्य किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने दो दिवसीय सेवा अभियान के दौरान केवल दादाजी धाम स्थित खोया-पाया केंद्र ही नहीं, बल्कि खंडवा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर भी सतत निगरानी रखी। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर तैनात टीमों से लगातार समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया

### खरगोन पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई : 5 मिनट में बाइक उड़ाने वाले अंतरजिला गैंग का पर्दाफाश

## 3 शातिर चोर गिरफ्तार; 50 लाख की चोरी की बाइक बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



खरगोन जिले में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों पर आखिरकार खरगोन पुलिस ने भंडाफोड़ किया। थाना सनावद पुलिस ने अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 50 लाख रुपए कीमत की 51 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से महज 5 मिनट के भीतर बाइक चोरी कर फरार हो जाते थे और बाद में ग्रामीण क्षेत्रों में औने-पौने दाम पर बेच देते थे।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुंतला रूहुल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की।

लगातार हो रही थीं वारदातें, ष्टष्टञ्जङ्क और मुखबिर बने सफलता की वजह पिछले कुछ महीनों से सनावद, खरगोन, बड़वाह, भीकनगांव, भगवानपुरा, चैनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। पुलिस ने अपराध समीक्षा के दौरान इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम बनाई।टीम ने घटनास्थलों और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान तीन संदिग्धों की पहचान हुई।

हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने कई जिलों में वाहन चोरी करना स्वीकार किया।ऐसे करते थे चोरी, 5 मिनट में बाइक लेकर हो जाते थे फरार

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले ऐसे वाहनों की तलाश करते थे जिनके लॉक पुराने या खराब होते थे या जिनमें चाबी लगी रह जाती थी।

इसके बाद बाजार, अस्पताल, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल और अन्य सार्वजनिक स्थानों से कुछ ही मिनटों में बाइक चोरी कर लेते थे।चोरी के बाद मोटरसाइकिलों को ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर बेच दिया जाता था। खरीदारों को २ से ४ दिन में कागजात उपलब्ध कराने का झूठा भरोसा देकर विश्वास में लिया जाता था। 6 जिलों की 51 मोटरसाइकिलें बरामद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न जिलों से चोरी हुई कुल 51 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

बंटी पिता छोटेलाल साह निवासी ग्राम पिपराना, थाना निम्बोला, जिला बुरहानपुर। हाल मुकाम मोरगढ़ी, थाना मांधाता, जिला खंडवा। बादल पिता सुमेर वर्मा निवासी रहीमपुरा, जिला खरगोन। हाल मुकाम इनुपुरा पुनर्वास, सनावद मनोहर पिता हाजरीलाल मोरे निवासी एलआई जी कॉलोनी, पंधाना, जिला खंडवा। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।



## भाजपा मंडल महामंत्री राहुल यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

भारतीय जनता पार्टी नेपानगर मंडल के महामंत्री राहुल यादव का जन्मदिन सोमवार 28 जुलाई को पूरे नगर में उत्साह, आत्मीयता और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर युवाओं, भाजपा कार्यकताओं, मातृशक्ति और नगरवासियों ने विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में उनका भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। दिनभर राहुल यादव विभिन्न वार्डों में पहुंचे। नागरिकों और परिवारों ने उन्हें घर आमंत्रित कर पुष्पमालाएं पहनाईं, केक काटा और फल भेंट किए। कई स्थानों पर बहनों और वरिष्ठजनों ने तिलक लगाकर दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जन्मदिन कार्यक्रम शाम 6 बजे वार्ड 22 बीड़ से शुरू हुआ। जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे रोपे गए और नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। उपस्थित नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने राहुल यादव के सामाजिक, संगठनात्मक और जनसेवा कार्यों की सराहना की।

## मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर के किसानों के खातों में अंतरित किए 107.72 करोड़

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को उज्जैन से वर्चुअली बुरहानपुर में आयोजित *बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित करते हुए बुरहानपुर जिले के केले उत्पादक किसानों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की। उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से जिले के 8 हजार 115 किसानों के खातों में 107 करोड़ 72 लाख रुपये की राहत राशि अंतरित की।

मई और जून में मौसम की मार के कारण बुरहानपुर नगर, बुरहानपुर ग्रामीण, नेपानगर और खकनार तहसीलों के 188 गांवों में केले की फसल को भारी नुकसान हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक किसानों के चेहरों पर दोबारा मुस्कान नहीं आ जाती, राज्य सरकार चैन से नहीं बैठेगी।

महोत्सव में किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और आधुनिक तकनीकों से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में 16 विभागों के साथ मिलकर किसानों की आय दोगुनी करने की कार्ययोजना पर काम हो रहा है। इसके लिए जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और उद्यानिकी अपनाने का आह्वान किया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति व आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल चित्र का पूजन, माल्यार्पण से हुआ। महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव पर आमंत्रित अतिथि पंकज मेहता का स्वागत कुमकुम तिलक से प्रो पूजा सोलंकी और प्रो कामिनी पाटीदार द्वारा और शाल श्रीफल एकेडमिक संचालक संजय गर्ग द्वारा भेंट किया गया। सरस्वती वंदना का गायन अंजली गोस्वामी और नंदनी यादव एमएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक शिवपालसिंह पटेल ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु केवल शिक्षा देने वाला नहीं, बल्कि अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला दिव्य पथप्रदर्शक है। गुरू पूर्णिमा का महत्व और महर्षि वेदव्यास के जीवन और उनके द्वारा वेदों, महाभारत तथा श्रीमद्भागवत के माध्यम से मानव समाज को दिए गए अमूल्य ज्ञान का स्मरण कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि और तल्लीनता से सुनकर भाव व्यक्त किया।

## साक्ष्यों के अभाव में 11 आरोपी बरी

**खरगोन।** वर्ष 2022 में रामनवमी के दौरान शहर में हुई हिंसा प्रकरण मामले में न्यायालय ने 11 आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। यह निर्णय साक्ष्यों के अभाव एवं गवाहों के पक्ष विद्रोही होने से सुनाया गया। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश नाथ ने 27 जुलाई को सुनाए गए फैसले में इबादत अली, सादिक खान, अब्दुल्ला खान, साहब उर्फ शाहिब, शेर यार, शब्बीर खान, इमरान अली, मुश्ताक अली और राजिक अली को बलवा, आगजनी व अन्य आरोपों से दोषमुक्त किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री हरीश वर्मा क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय बड़वानी से आए डॉक्टर मनीष मालवीय पीजीएमओ मनोरोग विशेषज्ञ एवं डॉ राम पाटीदार कंसल्टिंग फिजिशियन द्वारा सम्बन्धित विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ मनीष मालवीय ने अपने कथन में बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य किस प्रकार अच्छा रखना चाहिए उसके बारे में विस्तृत रूप से बच्चों को बताया कि हमें हर परिस्थिति में मन शांत रखना है किसी भी कार्य का नेगेटिव इफेक्ट हमारे ऊपर नहीं चाहिए इसके बारे में बताया । वही डॉक्टर राम पाटीदार ने विद्यार्थियों को ब्लड प्रेशर के बारे मे जानकारी दी कि यदि ब्लड प्रेशर ज्यादा होता है तो किस प्रकार की गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो सकती है। साथ ही उनकी टीम ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ का ब्लड प्रेशर चेक किया । डॉक्टर एवं जिला चिकित्सालय बड़वानी से आए परामर्शदाताओं ने बताया की नियमित जांच कराई जाए।

## पेड़ से टकराई नशा मुक्ति कार्यक्रम से लौट रही छात्राओं से भरी बस चार छात्राएं घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरुरी अभियान का गुरुवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। डीआरपी लाईन में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया था। यहां समारोह समापन के बाद दोपहर करीब 12 बजे स्कूली बस में सवार होकर एकलव्य विद्यालय लौट रही छात्राएं हादसे का शिकार हो गई। कसरावद रोड़ पर केंद्रीय विद्यालय एवं बैडिया फाटे के बीच बस अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में 4 छात्राओं को चोंटे आई है, जिन्हें जिला अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया गया। हादसा बस का स्टेयरिंग फेल होने के कारण बताया जा रहा है।जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार बस हादसे में अदिती माधव, प्रियांशी कीरे सिंग, वैष्णवी माधु, दिव्या निर्मल को चोंटे आई है, जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बस में सवार अंजलि तंवर ने बताया कि वह एकलव्य विद्यालय की छात्रा है। सोमवार को कक्षा ९वीं की करीब 40 छात्राएं डीआरपी लाईन में आयोजित नशे से मुक्ति कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। लौटते समय बस कसरावद रोड़ पर हादसे का शिकार हो गई।

## किसानों से जुड़े विषयों को लेकर मंत्रियों की समिति गठित

**बड़वानी ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में सभी अन्नदाता बंधुओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कल भी किसानों से बातचीत की थी। किसानों से जुड़े विषयों को लेकर मंत्रियों की एक समिति गठित की गई है, जो किसान भाइयों से संवाद करेगी। समिति के सदस्य कृषि मंत्री श्री कंषाना, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग उपस्थित रहेंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-3**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तमन्ना पति स्व. श्रीकांत शर्मा क्रेता- विजया पति विजेन्द्रसिंह राजपूत वार्ड नं. 58 पता-68 प्रकोष्ठ क्रमांक 1-जी रुपल अपार्टमेंट शकरगंज इन्दौर पिन- 1000896144 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## आयुष्मान योजना : शासकीय अस्पताल में मिल रही निःशुल्क डायलेसिस सुविधा

**उज्जैन।** आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत संचालित शासकीय डायलेसिस यूनिट जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। उज्जैन के वेदनगर निवासी 54 वर्षीय श्रीमती शीला को अब सिविल अस्पताल माधवनगर में सप्ताह में दो बार निःशुल्क डायलेसिस की सुविधा मिल रही है, जिससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है।शीला लंबे समय से उच्च रक्तचाप, पूरे शरीर में सूजन और लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य से परेशान थीं। जांच के लिए उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने किडनी की गंभीर समस्या बताते हुए तत्काल डायलेसिस की आवश्यकता बताई। परिवार ने आर्थिक व्यवस्था कर निजी अस्पताल में उपचार शुरू कराया, लेकिन सप्ताह में दो बार डायलेसिस कराने पर तीन से चार हजार रुपये का खर्च आने से आर्थिक स्थिति प्रभावित होने लगी।इसी दौरान क्षेत्र की स्वास्थ्य एवं आशा कार्यकर्ता ने परिजनों को सिविल अस्पताल माधवनगर में उपलब्ध आयुष्मान भारत निरामयम योजना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद शीला को अस्पताल लाया गया, जहां पात्रता के आधार पर उनका इलाज हुआ।

## ओंकारेश्वर दर्शन एवं ट्रैफिक व्यवस्था

**खंडवा।** श्रावण मास में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक ओंकारेश्वर में वन-वे दर्शन व्यवस्था लागू की गई है। श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग तय किए गए हैं। साथ ही देशगांव-बड़वाह मार्ग पर भारी मालवाहक वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

खंडवा यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 6 बुलेट मोटरसाइकिलों के साइलेंसर हटवाए और चालानी कार्रवाई की।

## उज्जैन-भोपाल के बीच 3 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी:इंदौर होकर आने-जाने वाली 5 ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी

**उज्जैन ।**सावन माह में देशभर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-भोपाल के बीच तीन स्पेशल ट्रेनें शुरू की गई हैं। इसके अलावा इंदौर होकर उज्जैन आने-जाने वाली पांच नियमित ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय श्रावण मास में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए लिया गया है।श्रावण मास में देश-विदेश से बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर शुरू किए गए हैं।साथ ही, यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए पार्किंग व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ स्टेशन प्रबंधन में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उज्जैन स्टेशन पर यूटीएस (अनारक्षित टिकट) और पीआरएस (आरक्षित टिकट) काउंटरों की संख्या बढ़ा दी गई है। मुख्य पीआरएस कार्यालय में एक अतिरिक्त विशेष काउंटर भी शुरू किया गया है। इस काउंटर पर यात्रियों को आरक्षित और अनारक्षित, दोनों प्रकार के टिकट एक ही स्थान पर मिल सकेंगे। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने अस्थायी रूप से 'नो-व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। स्टेशन के सामने की पार्किंग फिलहाल बंद कर दी गई है। वाहनों की भीड़ रोकने के लिए केवल एक लेन को 'पिक एंड ड्रॉप' के लिए खुला रखा गया है, ताकि यात्रियों की आवाजाही सुचारु बनी रहे।

## समयावधि पत्रों एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए समारोह स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।कलेक्टर श्री सिंह ने शहीदों के परिजनों को सम्मानपूर्वक समारोह स्थल तक लाने एवं उनके बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निदेर्शानुसार जिले के सभी शासकीय भवनों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकर्षक रोशनी की जाए। मुख्य समारोह में साउंड एवं माइकिंग सिस्टम, साज-सज्जा तथा वीआईपी प्रोटोकॉल की व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता की हों। समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को आयोजित की जाएगी।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों को समय-सीमा वाले पत्रों का निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा शिकायतकताओं को समय पर राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन विभागों की ग्रेडिंग कम है, उन्हें प्रदर्शन में सुधार कर 'ए' ग्रेड प्राप्त करने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। उन्होंने ५० दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने तथा अधिक लंबित प्रकरण वाले विभागों को एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।सभी विभाग लक्ष?यानुसार पौधारोपण करें"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय पर पौधारोपण करने तथा रोपित पौधों की जानकारी पोर्टल एवं वायुदूत ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने, सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर बल दिया। उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों से व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराया जाए।

## न्यूज -कॉलम

### शमशान घाट और बिजली कंपनी के स्टोर रूम में चोरी

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के टेंशन चौराहा स्थित बिजली कंपनी के स्टोर रूम और थाना क्षेत्र शमशान घाट पर बने कमरे का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। महिदपुर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। बताया जा रहा है कि बदमाश स्टोर रूम से तांबे और एलुमिनिय के तार चुराकर ले गये है। जिसकी कीमत डेढ़ लाख से अधिक की है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई है। बदमाशों ने शमशान घाट पर बने कमरे का भी ताला तोड़ा और वहां से बर्तनों के साथ पंखे, मशीने और अन्य सामान हजारों रूपये कीमत का चोरी किया। मामले में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 2 स्थानों पर हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाशों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कुछ संदिग्धों को ट्रेस किया गया है। जिनकी पहचान के प्रयास जारी है। संभावना है कि दोनों वारदातों का एक ही गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है। जिनकी गिरफ्तार कर जल्द मामले का खुलासा किया जायेगा।

### मंगलनाथ मार्ग पर दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**उज्जैन।** सिकंदराबाद से धार्मिक यात्रा पर आया बंसल परिवार गुरूवार शाम रिक्शा में सवार होकर मंगलनाथ मंदिर दर्शन करने जा रहा था। मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर रिक्शा को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। रिक्शा में सवार परिवार के शामिल कार्तिक पिता योगेश बंसल 28 साल और उसका चार वर्षीय पुत्र यर्थाथ घायल हो गये। परिवार के सदस्य रिक्शा चालक की मदद से घायल पिता-पुत्र को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। दुर्घटना की सूचना ड्युटी कंपाउंडर द्वारा चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। घायल पिता-पुत्र की हालत खतरे से बाहर बताई गई है, बावजूद उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

### बाइक सवार का रास्ता रोक जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम पानबिहार में रहने वाला अर्पित पिता विक्रम भाटी 22 साल बुधवार-गुरूवार रात दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। रलायता फंटा पर उसका रास्ता राहुल और उसके 2 साथियों ने रोक लिया। तीनों ने लात-घूंसों और लाठी से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। घायल अर्पित को दोस्त अजय पिता जगदीश राठौर घटनास्थल से भैरवगढ़ थाने लेकर आया। जहां से पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल पहुंचाया और अजय की शिकायत पर राहुल और उसके साथियों के खिलाफ रास्ता रोक मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है मारपीट पुराने विवाद में की गई है।

### मोबाइल लोकेशन से लापता युवक की तलाश

**उज्जैन।** महानंदानगर में रहने वाला रोशन पिता वासुदेव नरयानी 40 वर्ष बुधवार को घर से नई सड़क स्थित दुकान के लिये निकला था। उसके बाद लापता हो गया। परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क किया तो स्वीच ऑफ होना सामने आया। नई सड़क पहुंचने पर उसकी दुकान बंद होना सामने आई। कुछ पता नहीं चलने पर परिजनों ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। परिजनों से पूछताछ में जानकारी सामने आई कि पारिवारिक विवाद होने पर लापता हुआ है। एएसआई धर्मेन्द्र तोमर ने बताया कि रोशन का मोबाइल नम्बर ट्रेकिंग पर डाला गया है। गुरूवार शाम उसके शहर से बाहर होने की लोकेशन मिली थी। लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश के प्रयास जारी है। संभावना है कि शुक्रवार तक उसे तलाश लिया जायेगा।

### विक्रमनगर ब्रिज पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** सांई विहार कालोनी देवासरोड पर रहने वाला शेखर पिता हेमराज मालवीय कार में सवार होकर विक्रमनगर ब्रिज से कोठीरोड की ओर आ रहा था। उसी दौरान पीछे से आये ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में शेखर घायल हो गया। माधवनगर पुलिस ने शेखर की शिकायत पर मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का दूसरा मामला महाकाल थाना क्षेत्र के चौबीस खंबा मंदिर के पास हुआ। पैदल गुजर रही 55 वर्षीय पार्वतीबाई पति बाबूलाल पांचाल निवासी ग्राम किटिया हाल मुकाम अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार घायल कर दिया। लोगों की मदद से घायल वृद्धा को अस्पताल पहुंचाया गया। महाकाल थाना पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर रिक्शा को जप्त किया है। नानाखेडा थाना पुलिस ने भी तपोभूमि ब्रिज के पास दुर्घटना में रामकन्या पति शंभुलाल परमार 41 साल निवासी त्रिवेणी विहार कालोनी के घायल होने पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 147-2 | 134-8 |
| मेन बाजार | 346-3 | 348-5 |
| कल्याण नाइट | 136-0 | 379-2 |
| मिलन डे | 133-7 | 225-9 |
| मिलन नाइट | 127-0 | 158-4 |
| मधुर डे | 234-9 | 166-3 |
| मधुर नाइट | 157-3 | 688-2 |
| शुभांक | 6 5 | 3 |

15 दिवसीय अभियान नशे से दूरी है जरूरी का समापन....

# ड्रग्स की सप्लाई पर जारी रहेगा पुलिस का प्रहार-एडीजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का 15 दिवसीय अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का गुरूवार को समापन हो गया। इस मौके पर संभाग के एडीजी राकेश गुप्ता ने संदेश जारी किया और कहा कि ड्रग्स की सप्लाई पर पुलिस का प्रहार जारी रहेगा। युवाओं को लगातार जागरूक किया जायेगा।

मादक पदार्थ ड्रग्स की लत में डूबते युवाओं को बचाने के लिये प्रदेश सरकार और पुलिस मुख्यालय की ओर से जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। 15 जुलाई से अभियान में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत की गई थी। जिसका 30 जुलाई को समापन हो गया। अभियान में 15 दिनों से पुलिस स्कूलों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों के साथ गली-मोहल्लों में नशे से दूरी के लिये जागरूकता के लिये पहुंची और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि ड्रग्स, शराब और किसी भी तरह के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेगें। पुलिस का अभियान सफल रहा, लेकिन अभियान के समापन पर उज्जैन संभाग के एडीजी राकेश गुप्ता ने फिर से कमान संभाल ली। उन्होने संदेश जारी किया और बताया कि नशे से दूरी है जरूरी को समाप्त नहीं माना जायेगा। नशामुक्त समाज का निर्माण करने के लिये जन जागरूकता के प्रयास निरंतर जारी रहेगें।




पुलिस समाज में ड्रग्स की डिमांड को कम करने के लिये कदम उठा रही है। ड्रग्स के दुष्परिणामों को कम करने के साथ उसकी सप्लाई पर भी प्रहार किया जायेगा। ड्रग्स की डिमांड तभी कम होगी, जब जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को संदेश पहुंचा सकेगें। उन्होने अपने संदेश में युवाओं से अपील करते हुये कहा कि वह नशे से दूर रहे, अपने परिवार और समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल व्यक्ति की सूचना पुलिस तक पहुंचाये। जनसहभागिता के साथ पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही नशामुक्त, सुरक्षित एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

**राजस्थान के रास्ते है आता मादक पदार्थ-** धार्मिक नगरी में सबसे अधिक मादक पदार्थ (ड्रग्स) मंदसौर, झालावाड-राजस्थान के रास्ते आना सामने आता रहा है। कुछ माह पहले पुलिस ने ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड भी किया था, जिसके तार राजस्थान से जुडते दिखाई दिये थे। उज्जैन पुलिस पहले भी झालावाड-राजस्थान के घाटाखेडी में दबिश मार चुकी है और कई सप्लायरों को दबोच चुकी है। धार्मिक नगरी में ड्रग्स की डिमांड में कमी आई है, बावजूद अब भी अलग रास्तों से ड्रग्स पहुंच रही है। इस बार पुलिस ने पूरी तरह से डिमांड और सप्लाई पर लगाम लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है।

# युवक शाजापुर से लाया था धारदार चाकूओं की खेप

### नगर निगम परिसर से पकडाया, 9 चाकू बरामद



**उज्जैन।** चाकू बेचने निकले युवक को नगर निगम परिसर के पीछे से घेराबंदी कर पकडा गया। उसके पास से थैली में रखे तडतडीदार 9 चाकू बरामद हो गये। युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया, जिसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

कोतवाली थाना प्रधान आरक्षक राहुल गुजराती ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात नगर निगम परिसर स्वीमिंग पुल के पास अंधेरे में चाकू बेचने के लिये खडे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई थी। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पकड लिया गया। उसके पास से थैली जप्त की गई। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें 9 धारदार तडतडी वाले चाकू बरामद हो गये। युवक को थाने लाया गया और पूछताछ की गई तो उसका नाम फैजान पिता मोहम्मद शकील 24 साल निवासी फाजलपुरा सामने आया। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। चाकूओं के संबंध में जानकारी लेने पर उसने बताया कि वह शाजापुर के दुपाडा से सौ रूपये में एक चाकू खरीदकर लाता था। जिसे रात के अंधेरे में बदमाश प्रवृति के लोगों को मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बेच देता था। प्रधान आरक्षक के अनुसार



अवैध हथियार के आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ में उससे पता चला है कि दुपाडा 20 चाकू लेकर आया था। 11 कुछ दिनों में बेच दिये है। पुलिस बेचे गये चाकूओं की बरामदगी के प्रयास कर रही है। विदित हो कि पुलिस ने चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये कुछ दिनों से अभियान चला रखा है। जिसमें पूर्व में चाकूबाजी कर चुके बदमाशों की परेड कराई जा रही और हिदायत देकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है, उसी क्रम में पुलिस को अवैध चाकू बेचने वाले की खबर मिली थी।

यात्रियों की सुविधा के लिए 4 अतिरिक्त यूटीएस टिकट काउंटर संचालित किए जाएंगे..

# श्रावण माह के दौरान उज्जैन स्टेशन पर विशेष भीड प्रबंधन योजना लागू

**सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 50 अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल तथा 30 अतिरिक्त जीआरपी कर्मियों की तैनाती**

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा श्रावण मास एवं सावनमहोत्सव के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा तथा सुरक्षित एवं सुचारु यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उज्जैन रेलवे स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन योजना लागू की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए 4 अतिरिक्त यूटीएस टिकट काउंटर संचालित किए जाएंगे। प्रवेश एवं निकास व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने हेतु 6 अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ की तैनाती की गई है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने गुरूवार को प्रेस कांफ्रेस के दौरान इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में विभिन्न तिथियों पर प्रतिदिन लगभग 80 हजार से अधिक यात्रियों के स्टेशन पर आने का अनुमान है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों को अनारक्षित टिकट सुविधा उपलब्ध कराने के



लिए प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 स्थित पीआरएस कार्यालय से अतिरिक्त टिकट बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। सभी प्रवेश द्वारों पर रेलवे सुरक्षा बल एवं टिकट चेकिंग स्टाफ तैनात रहेगा। यात्रियों को समय-समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मैनुअल एवं ऑटोमेटिक उद्घोषणाएँ की जाएंगी तथा स्टेशन परिसर में अतिरिक्त साइनेज बोर्ड भी लगाए गए हैं एवं साफ सफाई के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। रेलवे द्वारा राज्य प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

**सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था-** सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 50 अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल तथा 30 अतिरिक्त जीआरपी कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इंदौर से खड़की, मुंबई सेंट्रल, निजामुद्दीन, पटना के मध्य चलने वाली पांच स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी पुन: विस्तारित किए गए हैं जिसका लाभ श्रवण माह में उज्जैन आने वाले यात्रियों को भी मिलेगा।

**स्पेशल ट्रेनों का संचालन-**यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आवश्यकता अनुसार उज्जैन-भोपाल-उज्जैन के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए उज्जैन स्टेशन पर एक अतिरिक्त इमरजेंसी रेक उपलब्ध रखा गया है।

**स्टेशन परिसर में भीड नियंत्रण-** स्टेशन परिसर में भीड़ नियंत्रण के लिए वर्तमान पार्किंग क्षेत्र को क्राउड होल्डिंग एरिया के रूप में उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रवेश द्वार (पीएफ-1) के बाहर लगभग 650 वर्गमीटर क्षेत्र में अस्थायी क्राउड होल्डिंग एरिया विकसित किया गया है। यातायात को व्यवस्थित रखने हेतु तीन लेन को नो-व्हीकल जोन तथा गार्डन की ओर एक लेन को थ्रू लेन बनाया गया है।

# दवा छिडक रहे ग्रामीण की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** दवा का छिडकाव करने गुरूवार देर शाम खेत पहुंचे ग्रामीण को करंट लग गया। रात 10 बजे तक घर नहीं लौटा तो परिजन देखने पहुंचे। वह खेत में बिजली के तार से चिपका दिखाई दिया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

भैरवगढ थाना पुलिस ने बताया कि रात में चरक अस्पताल से करंट लगने से हुई अर्जुन पिता कैलाश चौधरी 35 साल निवासी ग्राम रातडिया की मौत होने की सूचना मिली थी। मामले में मर्ग कायम किया और परिजनों से जानकारी लेने पर सामने आया कि खेत पर सोयाबीन की फसल में दवा का छिडकाव करने गया था। खेत में लगी पानी की मोटर के तार में कट लगा था, दवा का छिडकाव करते समय करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज कर घटनास्थल पर जांच की जायेगी।

**जहर खाने वाले युवक ने तोडा दम-** भैरवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम धुलमहू में रहने वाले विकास पिता निर्भय आंजना 22 साल ने गुरूवार सुबह जहर खा लिया था, परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां देर शाम विकास की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जायेगी।

**इधर युवती किया सुसाइड-** कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल मस्जिद चौराहा पर रहने वाले बागवान परिवार की युवती अंजली पिता धुलजी 22 साल को दोपहर में चरक अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत होना सामने आया। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थाना प्रधान आरक्षक प्रतिक्षा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज नहीं हो सके है। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अंजली की मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

शहर में दो तरह के मौसम देखने को मिले आमजन को....

# पूर्वान्ह झमाझम बारिश, अपरान्ह कड़क धूप

## कई क्षेत्रों में जलभराव,सडकें नाली के पानी से लबालब हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास के पहले दिन शहर में दो तरह के मौसम का मजा आमजन ने लिया है। पूर्वान्ह में झमाझम बारिश से आमजन एवं किसान गदगद हो गए,वहीं अपरांह् में सूरज ने कडक धूप के साथ दर्शन दिए और एक बार फिर उमस के हाल कायम हो गए। देर शाम को एक बार फिर से बादल बरस पडे। बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव के हाल रहे हैं। सडकें नाली के पानी से लबालब हो गई और उसी में से निकलकर लोग श्रावण के पहले दिन मंदिरों तक पहुंचते रहे।

गुरूवार को सुबह से काले बादल छाए हुए थे। पूर्वान्ह् में ये बादल झमाझम रूप से बरस पडे। करीब दो घंटों से अधिक हुई बारिश से शहर की सडकों एवं निर्माणाधीन कार्यों के स्थलों पर पानी भरने के हालात पैदा हो गए। सडकों के गड्ढों में पानी भर गया और नालियों से बह कर पानी सडकों पर फैल गया और कुछ परंपरागत सडकों पर तो नाली का पानी नाले की तरह बह निकला। मालीपुरा से लाल मस्जिद जाने वाले मार्ग पर कंगाल पुरा में यही हाल बने रहे। एटलस चौराहा,गदा पुलिया,नईसडक ,फ्रीगंज,लोहे का पूल,नगारची बाखल क्षेत्र में कई जगह पर नाली का पानी दिन भर सडकों पर फैला रहा। आवागमन करने वालों पर यह पानी बौछारों के रूप में उडता रहा।



### एक इंच बारिश

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुरूवार को शहर में 27 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसमें सुबह के समय 2 मिलीमीटर एवं शामको 25.0 मिली मीटर यानिकी एक इंच बारिश दर्ज की गई। अब तक शहर में 509 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। सुबह के समय न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड एवं शाम को अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दौरान सुबह आर्द्रता 92 एवं शाम को 78 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा की गति सुबह 6 एवं शाम को 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही है।

### उज्जैन तहसील में पिछले वर्ष से 4 इंच कम

भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार गुरूवार को सुबह उज्जैन तहसील में 28 मिली मीटर वर्षा पिछले 24 घंटों के दरमियान दर्ज की गई है। इसके सहित इस मानसून सत्र में अब तक 359.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इस दरमियान 451.0 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस तरह से पिछले वर्ष के मुकाबले उज्जैन तहसील में करीब 4 इंच वर्षा कम हुई है। जिले की 9 राजस्व तहसीलों में से इस वर्ष अब तक घट्टिया,नागदा,महिदपुर,बडनगर में ही पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक वर्षा दर्ज की गई है। शेष 5 तहसीलों उज्जैन,खाचरौद, झार्डा, तराना,माकडौन पिछले वर्ष की वर्षा के मुकाबले अब तक हुई वर्षा में पिछडे हुए हैं।

# पिता-पुत्र को चाकू मारकर भागा युवक, दंपति से पूछताछ



**उज्जैन।** शांतिनगर में बुधवार-गुरूवार रात पडोसियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी चल रही थी, उसी दौरान क्षेत्र का एक युवक बीच में आ गया। विवाद कर रहे युवक ने उसे जाने के लिये कहा तो युवक ने पिता-पुत्र को चाकू मार दिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर दंपति से पूछताछ शुरू की है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांतिनगर में रात 11.30 बजे के लगभग घूरकर देखने की बात पर शिव पिता गणेश मोबिया 18 साल का पडोस में रहने वाले प्रकाश से विवाद हो गया था। विवाद में प्रकाश की पत्नी आरती भी आ गई थी। शिव के पिता गणेश भी कहासुनी में शामिल हो गये। दोनों पडोसी परिवार के विवाद चल रहा था उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला आशीष नामक युवक आ गया, इस दौरान वह प्रकाश की ओर से हस्तक्षेप करने लगा। शिव ने उसे जाने का बोला तो आशीष ने चाकू से हमला कर दिया, शिव चाकू लगने पर घायल हो गया, पुत्र को बचाने पिता गणेश आये तो आशीष उन्हे भी चाकू मारकर भाग निकला। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि चाकूबाजी की खबर मिलने पर पुलिस शांतिनगर पहुंच गई थी। घायल पिता-पुत्र को अस्पताल भेजा गया, जहां घायल पुत्र शिव का उपचार के लिये भर्ती किया गया। उसके पिता का हाथ में चाकू लगा था, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल गणेश मोबिया की शिकायत पर मामले में तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकाश और पत्नी आरती को राउंडअप कर पूछताछ की जा रही है। उनका कहना था कि आशीष को नहीं जानते है। एएसआई राठौर के अनुसार आशीष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। उसके गिरफ्त में आने पर पति-पत्नी की भूमिका का पता चल पायेगा।

# महादेव के अलंकार



देवाधिदेव महादेव को त्र्यंबक कहा गया है, क्योंकि उनकी एक तीसरी आंख है। तीसरी आंख का मतलब यह नहीं है कि किसी के माथे में दरार पड़ी और वहां कुछ निकल आया! इसका मतल?ब यह है कि बोध या अनुभव का एक दूसरा आयाम खुल गया है। दो आंखें सिर्फ भौतिक चीजों को देख सकती हैं। अगर मैं अपना हाथ उन पर रख लूं, तो वे उसके परे नहीं देख पाएंगी। उनकी सीमा यही है। अगर तीसरी आंख खुल जाती है, तो इसका मतलब है कि बोध का एक दूसरा आयाम खुल जाता है, जो भीतर की ओर देख सकता है। इस बोध से आप जीवन को बिल्कुल अलग ढंग से देख सकते हैं।

तीसरी आंख दृष्टि की आंख है। दोनों भौतिक आंखें सिर्फ आपकी इंद्रियां हैं। वे मन में तरह-तरह की फालतू बातें भरती रहती हैं, क्योंकि आप जो देखते हैं, वह सच नहीं है। आप इस या उस व्यक्ति को देखकर उसके बारे में कुछ अंदाजा लगाते हैं, कुछ कल्पना कर लेते हैं, मगर आप उसके अंदर शिव को नहीं देख पाते। आप चीजों को इस तरह देखते हैं, जो आपके जीवित रहने के लिए जरूरी हैं। कोई दूसरा प्राणी उसे दूसरे तरीके से देखता है, जो उसके जीवित रहने के लिए जरूरी है। इसीलिए हम इस दुनिया को माया कहते हैं।

शिव का वाहन नंदी अनंत प्रतीक्षा का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में इंतजार को सबसे बड़ा गुण माना गया है। जो बस चुपचाप बैठकर इंतजार करना जानता है, वह कुदरती तौर पर ध्यान-मग्न हो सकता है। नंदी को ऐसी उम्मीद नहीं है कि शिव कल आ जाएंगे। वह किसी चीज का अंदाजा नहीं लगाता, बस इंतजार करता है। वह हमेशा इंतजार करेगा। यह गुण ग्रहणशीलता का मूल तत्व है। नंदी शिव का सबसे करीबी साथी है, क्योंकि उसमें ग्रहणशीलता का गुण है।

किसी मंदिर में जाने के लिए आपके अंदर नंदी का गुण होना चाहिए, ताकि आप बस बैठ सकें। इस गुण के होने का मतलब है, आप स्वर्ग जाने की कोशिश नहीं करेंगे, आप यह या वह पाने की कोशिश नहीं करेंगे, आप बस वहां बैठेंगे। लोगों को हमेशा से यह गलतफहमी रही है कि ध्यान किसी तरह की क्रिया है। नहीं! यह एक गुण है। यही बुनियादी अंतर है। प्रार्थना का मतलब है कि आप भगवान से बात करने की कोशिश कर रहे हैं। ध्यान का मतलब है कि आप भगवान की बात सुनना चाहते हैं। आप बस अस्तित्व को, सृष्टि की परम प्रकृति को सुनना चाहते हैं। आपके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, आप बस सुनते हैं। नंदी का गुण यही है, वह बस सजग होकर बैठा रहता है। यह बहुत अहम चीज है। वह सजग है, सुस्त नहीं है। वह आलसी की तरह नहीं बैठा है। वह पूरी तरह सक्रिय, सजगता से, जीवन से भरपूर बैठा है, ध्यान यही है।

**सम्पादकीय**

## संसदीय बहस का स्तर

यह बात किसी से छिपी नहीं थी कि संसद का मानसून सत्र बेहद हंगामाखेज होगा। विपक्ष के पास नीट पेपर लीक, चढ़ावा-चोरी से लेकर दल-बदल और इथेनॉल मिश्रण तक ऐसे कई मुद्दे थे, जो जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता के साथ-साथ बहुसंख्यकों की आस्था से जुड़े हुए थे। देशवासियों को उम्मीद थी कि इन पर गंभीर, गरमा-गरम बहस होगी और संसद से इन सबका समाधान निकलेगा। क्या यह उम्मीद गलत थी या अनुचित है? क्या संसद इसी काम के लिए नहीं है? दुर्योग से मानसून सत्र का पहला हफ्ता कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलनकारी युवाओं पर लाठीचार्ज और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की भेंट चढ़ गया। प्रधान के इस्तीफे के बाद संसद में कामकाज के सामान्य होने की उम्मीद जगी, तो जो कुछ देखने-सुनने को मिला, वह हमारे संसदीय लोकतंत्र को कलंकित करने वाला था। जंतर मंतर पर जेन-जी के नारों और उनके पोस्टरों पर लिखे शब्दों से आहत हमारे माननीयों ने खुद सदन में किस मर्यादा का अनुपालन किया? सत्ता पक्ष के एक सांसद ने मंगलवार को देश के पहले प्रधानमंत्री के बारे में जिस शब्द का बार-बार इस्तेमाल किया, वह न सिर्फ शर्मनाक था, बल्कि संसदीय बहस को गर्त में ले जाने वाला ही कहा जाएगा।

हमारे जन-प्रतिनिधि अपने संसदीय भाषण को धारदार बनाने की कला भूलते जा रहे हैं, वरना उन्हें ऐसे शब्दों की आड़ लेने की जरूरत ही नहीं पड़ती, जिनको संसद तो छोड़िए, सड़क पर भी लोग इस्तेमाल करने से परहेज बरतते हैं। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष ने प्रकारांतर से ही सही, सत्ता पक्ष के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, उसकी भी सराहना नहीं की जा सकती, बल्कि इसकी वजह से उन्होंने एक सुनहरा अवसर खो दिया। छात्रों के भविष्य से जुड़े संशोधन विधेयक पर वह तंत्र की जवाबदेही के नए मानक सुझाकर, बच्चों की पीड़ा सदन के जरिये देश के सामने रखकर एक गंभीर विमर्श खड़ा कर सकते थे। हुआ क्या? उनका भाषण शोर की भेंट चढ़ गया। स्वाभाविक ही उनके उन शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया गया। चिंता की बात यह है कि ये असावधानियां पहली बार सदन में पहुंचे माननीयों की नहीं हैं, बल्कि चार-पांच लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्य कर रहे हैं! नए सांसद उनसे क्या सीखेंगे? आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? दरअसल, हमारी राजनीतिक संस्कृति कटुता की हद तक ध्रुवीकृत होती जा रही है।

**उम्मीदों पर फिरा पानी**

# हाथ मलते रह गए अराजकता चाहने वाले

जरा विचार कीजिए जिस मंच से यह कहा जाए की बस नाम रहेगा अल्लाह का उस मंच पर बैठे हुए कॉकरोच और उनका समर्थन करने वाले देश भर के नेताओं और सेलिब्रिटीज को धुर सांप्रदायिक क्यों ना कहा जाए। जो विपक्ष दिन-रात धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदुत्व और हिंदूवादी मोदी सरकार को कोसते रहते हैं वे सब मुस्लिम तुष्टिकरण में इतने आकंठ डूबे हुए हैं कि जिसकी कल्पना करना भी निरर्थक है। कहने को जंतर मंतर पर बैठे कॉकरोच देश के छात्र थे लेकिन ये कथित छात्र, छात्र नहीं बल्कि विपक्ष के मोहरे थे जिनके कंधे पर बंदूक रखकर विपक्ष मोदी सरकार को निशाना बना रहा था। 20 जुलाई को जंतर मंतर पर एकत्रित कॉकरोचों की भीड़ संसद भवन को घेरने के लिए आमादा हुई जिसे रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। जिस बेशर्मी, अश्लीलता और फूहड़ता का प्रदर्शन इस आंदोलन में हुआ उसका एहसास कर ही कलेजा फट जाता है।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

पिछले 12 सालों में सरकार ने राष्ट्रवाद, देशप्रेम और भारतीय संस्कृति का जो पाठ पढ़ाया इन मूढ़ मतियों को उसकी जरा भी समझ नहीं आई। छात्र आंदोलन पहले भी होते रहे हैं लेकिन वे कॉकरोचों द्वारा आयोजित नहीं होते थे बल्कि उसमें भारत के भविष्य निमार्ता हुआ करते थे। छोटे-छोटे कपड़ों में अश्लील हरकत करती लड़कियां और लड़के काकरोचों ने देश को तो शर्मसार किया ही अपने माता-पिता के नाम को भी बट्टा लगाया। जो भी हो एक बात साफ हो गई कि इस देश को भारतीय अस्मिता, संस्कृति, राष्ट्रवाद और नैतिक मूल्यों को सिखाने के लिए अभी कई साल तक मोदी, योगी, अमित शाह, बीजेपी, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और दूसरे राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक व्यक्तियों और संस्थाओं की आवश्यकता है। 60-65 साल तक राष्ट्र द्रोह का जो विष देश की नस नाड़ियों में व्याप्त हो गया है उसे राष्ट्रवाद के एंटी वेनम द्वारा ही नष्ट किया जा सकता है। आंदोलन खत्म हो गया तो सीजेपी के अहसान फरामोश लोगों ने सोनम वांगचुक को जिन्होंने आंदोलन को परिणाम तक पहुंचाने के लिए 26 दिन अनशन किया उनका नाम दीपके ने संबोधन में तक शामिल नहीं किया। अब अभिजीत दीपके , सौरभ दास और आशुतोष रांका भी विजेता की मुद्रा में धरती से एक फुट ऊपर हवा में उड़ रहे दिखाई देंगे । आंदोलन में शामिल शाहीन बाग के कर्ताधर्ता, वामपंथी आईसा, लेफ्ट लिबरल गैंग के सदस्य, टुकड़े टुकड़े गैंग के लोग और मोदी विरोधी दल इस आंदोलन से खुश होकर नए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने में जुट गए हैं क्योंकि उनके सामने 2027 और 2029 के चुनाव हैं और ये दोनों चुनाव उनके भविष्य की इबारत लिखेंगे। यही कारण है कि सारे विरोधी इस ताक में हैं कि कैसे भी मोदी सरकार को बैक फुट पर धकेला जाए। वे इस मिशन में कितने सफल होते हैं यह तो वक्त बताएगा लेकिन इतना तो तय है कि इन 12 सालों में बीजेपी, मोदी, योगी, अमित शाह, आरएसएस और हिंदूवादी संगठनों ने राष्ट्रवाद का जो अलख जगाया है उसके असर को कम करना फिलहाल तो संभव नहीं है।

यह कपोल कल्पित नहीं बल्कि उसकी परिणिति दुनिया ने असम और बंगाल के चुनाव में देख ली है। इस आंदोलन में जो हुआ वह सब ने देखा। पुलिस के छोटे बड़े सभी अधिकारियों की पिटाई, मोदी को मां बहन की गालियां, संसद को उखाड़ने और मोदी को मारने की धमकी, महिला प्रेस रिपोर्टर के साथ अभद्र व्यवहार और कपड़े फाड़ने की घटना, ना इन्होंने हमारे आराध्य राम को छोड़ा ना सीता को छोड़ा, ना मोदी को छोड़ा ना प्रेमानंद जी महाराज को छोड़ा, यही नहीं सुरक्षा कर्मियों पर पत्थरबाजी जैसी अनेक घटनाएं हुईं जिनसे यह पूरी तरह स्पष्ट हुआ कि यह वास्तविक छात्रों का आंदोलन नहीं था जो नीट की परीक्षा के रद्द होने या दोबारा परीक्षा होने से आहत थे। यह उन विघ्न संतोषियों का आंदोलन था जो शाहीन बाग की असफलता से भरे बैठे थे, जो किसान आंदोलन में शर्मसार हुए थे जो शरजील इमाम और उमर खालिद जैसे राष्ट्र द्रोहियों की गिरफ्तारी से आहत थे। यह उन लोगों का आंदोलन भी था जो योगी के बुलडोजर से आहत थे, यह उन लोगों का आंदोलन भी था जो पिछले कई सालों से अपने नेता को प्रधानमंत्री बना देखना चाहते हैं। यह उस नेता का आंदोलन ही था जो कहता था हम दिल्ली के मालिक हैं, मोदी दिल्ली के मालिक नहीं हैं। जो यह भी कहता था कि मोदी को हमें दिल्ली में हराने के लिए 50 बार जन्म लेना पड़ेगा तो भी हमें हरा नहीं पाएंगे। यह उन लोगों का आंदोलन भी था जो धारा 370 और तीन तलाक के हटने से आहत थे। यह उन लोगों का आंदोलन भी था जो एफसीआरए (फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन अमेंडमेंट)कानून में संशोधन के आने से डरे हुए हैं। यह उन लोगों का आंदोलन भी था जो वन नेशन वन इलेक्शन, परिसीमन और महिला आरक्षण बिल के आने के बाद अपनी पराजय की आशंका से डरे हुए हैं। सोचिए कि इस आंदोलन में छात्र कहां थे। छात्र तो उसी दिन सरकार के साथ खड़े हो गए थे जिस दिन नीट की पहली परीक्षा के रद्द होने के बाद हुई पुनः परीक्षा के परिणाम आ गए थे। वे इसी से खुश थे कि सरकार ने अविलंब दूसरी परीक्षा सफलतापूर्वक निपटाकर अति शीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित कर छात्रों का एक साल बचा दिया। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र तो काउंसलिंग में व्यस्त थे ना कि जंतर मंतर पर हमें चाहिए आजादी, हम लेकर रहेंगे आजादी वाले नारे लगा रहे थे। या कि अश्लील गालियों से मोदी और भाजपा के नेताओं आरएसएस के विरुद्ध जहर उगल रहे थे। जो भी हो आखिरकार इन लोगों को इस बात से तसल्ली मिली कि उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेकर सरकार को झुकने के लिए मजबूर कर दिया।

कोई शक नहीं की सरकार इस काकरोची आंदोलनकारियों के दबाव में आ गई और उसने तीनों मांगे, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रद्द परीक्षा से दुखी होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा और आंदोलन में उत्पात मचाने वाले किसी को भी बिना शर्त छोड़ने और मुकदमा न चलाने की मांगे मान लीं लेकिन क्या वाकई मोदी सरकार बैक फुट पर आ गई या उसने अपना बहुत बड़ा नुकसान कर लिया तो उत्तर होगा बिल्कुल नहीं। सच तो यह है कि सरकार ने देश को भीषण आगजनी, तोड़फोड़ और देश विरोधी गतिविधियों से होने वाले नुकसान से बचा लिया और देश को अराजकता की आग में धकेलने वाले लोग हाथ मलते रह गए। यह मोदी और भाजपा की दूरदृष्टि और राष्ट्र प्रेम का सबसे बड़ा प्रमाण है क्योंकि जब भी भीड़ उग्र होती है तो वह सिवाय जान माल के नुकसान के कुछ नहीं करती क्योंकि उसके पास मस्तिष्क नहीं होता।

## भिक्षा का स्टार्टअप मॉडल

ट्रेन फिर चल पड़ी। स्टेशन पीछे छूट गया, लेकिन मेरे मन में उन दोनों ₹दिव्यांग₹ भिखारियों का दृश्य आगे-आगे दौड़ता रहा। कुछ मिनट पहले जो स्टेशन पर एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर गरिया रहे थे, वही अब डिब्बे में फिर से अपनी-अपनी भूमिका में लौट चुके थे। एक ने लंगड़ाने का स्विच ऑन किया, दूसरे ने कांपने का।

मुझे लगा जैसे अभिनय की रिहर्सल पूरी हो चुकी हो और अब असली शो शुरू हो गया हो।

डिब्बे में बैठे यात्रियों का भी अपना मनोविज्ञान था। कोई आंखें मूंदकर सोने का अभिनय कर रहा था, कोई मोबाइल में इस तरह घुस गया था मानो प्रधानमंत्री का गोपनीय संदेश पढ़ रहा हो। कुछ लोग खिड़की के बाहर खेतों को ऐसे निहार रहे थे, जैसे वहीं से जीवन का उद्देश्य मिलने वाला हो।

भिखारी भी अनुभवी थे। उन्हें पता था कि इंसान जेब से कम, संकोच से ज्यादा हारता है। वे हाथ फैलाकर तब तक खड़े रहते, जब तक सामने वाला अपनी जेब से दो-पांच रुपये निकालकर अपनी आत्मग्लानि का टिकट न कटवा दे। मुझे लगा कि भारतीय रेल में दो चीजें समय से जरूर आती हैं–चाय वाला और भिखारी।

तभी ध्यान आया कि इनका भी शायद अपना रूट चार्ट होगा। किस स्टेशन पर चढ़ना है, किस डिब्बे में पहले जाना है, किस चेहरे से कितनी आमदनी हो सकती है–सबका वर्षों का अनुभव होगा। अगर यही प्रबंधन कौशल किसी कंपनी में लग जाए तो शायद ये क्षेत्रीय प्रबंधक बन जाएं।

सबसे बड़ी कला तो अभिनय की थी। स्टेशन पर दोनों सौ मीटर दौड़कर एक-दूसरे की कॉलर पकड़ रहे थे और ट्रेन में चढ़ते ही एक फिर लंगड़ा हो गया, दूसरा कमर पकड़कर कराहने लगा। ऐसा त्वरित चरित्र परिवर्तन तो बड़े-बड़े कलाकार भी नहीं कर पाते।



ओमप्रकाश चोरम
(दैनिक अवन्तिका)

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 31 जुलाई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:01 सूर्यास्त 19:05
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - दुतिया 22:32 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - धनिष्ठा 19:27 उपरांत शतभिषा
योग - सौभाग्य 23:54 उपरांत शोभन
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मकर में है। 06:39 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 16 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें।

**सिंह-** पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या-** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला-** वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें।

**वृश्चिक-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु-** प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर-** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कुंभ-** दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

**मीन-** कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

# पेट में गैस की समस्या से तुरंत निजात दिलाएंगे ये आसान उपाय

आंतों की गैस, पेट फूलना पाचन प्रक्रिया का एक स्वाभाविक हिस्सा है। हमारे आंत्र पथ में रहने वाले जीवाणु सबसे अधिक आंतों की गैस पैदा करते हैं। यह हमारे द्वारा खाए गए भोजन को पचाता है; मुख्य रूप से शुगर, स्टार्च और सेलूलोज। जब इंजेशन शुगर ठीक से नहीं टूटती है, तो वे छोटी आंत से गुजरते हुए फर्मेंटेड हो सकती हैं और गैस पैदा कर सकती हैं। छोटी आंत के संकुचन इस गैस को बड़ी आंत के माध्यम से आगे बढ़ाते हैं। कई लोग गैस से छुटकारा पाने के तरीके तलाशते रहते हैं। कुछ फूड्स दूसरों की तुलना में अधिक गैस पैदा करते हैं। फल, सब्जियां, दलिया, बीन्स और मटर जैसे कुछ हेल्दी फूड्स अक्सर सबसे खराब होते हैं। इन फूड्स में घुलनशील फाइबर की मात्रा अधिक होती है।

फाइबर छोटी आंत में स्टार्च के पाचन को धीमा कर देता है इस प्रकार बढ़ी हुई गैस को बढ़ावा देता है। हालांकि, फाइबर हेल्दी पाचन तंत्र को बढ़ावा देने, हमारे ब्लड शुगर को रेगुलेट करने और सामान्य कोलेस्ट्रॉल लेवल को बनाए रखने सहित कई लाभ हैं। कई प्राकृतिक, वैकल्पिक स्वास्थ्य उपचार हैं जिन्हें हम आजमा सकते हैं जो आंतों की गैस की शर्मिंदगी को कम करने या समाप्त करने में मदद कर सकते हैं।



पेट की गैस से छुटकारा पाने के आसान उपाय

1. बीन्स, ब्रोकोली, गोभी, शतावरी, कॉफी, अंडे, मछली, मूली, खजूर, अंजीर या कृत्रिम मिठास जैसे फूड्स से बचें जो गैस को बढ़ावा दे सकते हैं।
2। हाई फैट वाले फूड्स को सीमित करें। फैट पेट और छोटी आंत के माध्यम से फूड्स के पाचन को धीमा कर देती है।
3. दूध और दूध प्रोडक्ट्स से बचें, खासकर अगर आपको संदेह है कि आप लैक्टोज असहिष्णु हैं।
4. भोजन से पहले एक पाचक एंजाइम या पाचक चूर्ण लेने की कोशिश करें ताकि काबोर्हाइड्रेट पाचन में सुधार हो सके।
5. पेट फूलने से राहत पाने के लिए अदरक का रस या गर्म अदरक का पानी उपयोगी माना जाता है।
6. जीरा और सौंफ कुछ ऐसी जड़ी-बूटियां हैं जिनका उपयोग अक्सर सूजन को कम करने और आंतों की गैस को कम करने के लिए किया जाता है।
7. कब्ज, दर्द और अत्यधिक पेट फूलने की समस्या हो तो त्रिफला चूर्ण रात को सोते समय ले सकते हैं।
8. रात को सोते समय एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच घी और एक चुटकी हींग मिलाकर पिएं।
9. नित्य विरेचन, बस्ती जैसे आयुर्वेदिक उपचारों को दशमूल निरुवस्ती के रूप में अपनाया जा सकता है।

**समसामयिक**

## सावन में हर दिन नया शिव-भजन-

हर दिन सोच नई, हर दिन विचार नया,
हर दिन होता नया सृजन।
सावन में शिव की कृपा से, बिना बनाये
बन जाता हर दिन नया शिव-भजन॥
हर दिन नई धुन, हर दिन नया शिव-भजन॥
समय अपने आप चलता है,
नदिया अपने आप बहती है।
पत्ते अपने आप हिलते हैं,
हवा अपने आप चलती है।
वैसे ही माँ सरस्वती की प्रेरणा से,
लेखनी अपने आप लिखती है।
जीवन का हर पल हो शिव अर्पण,
हो साँस-साँस से शिव का सुमिरन।
सावन में हर दिन पूजा शिव की हर दिन शिव का दर्शन.
सावन में शिव की कृपा से, बिना बनाये
बन जाता हर दिन नया शिव-भजन॥
हर दिन नई धुन, हर दिन नया शिव-भजन॥
सूरज अपने आप उगता है,
संध्या अपने आप ढलती है।
ऋतुएँ अपने क्रम से आतीं,
धरती अपने आप सजती है।
भोले भंडारी, करुणाकारी शिव की कृपा से,
मन-मंदिर में भक्ति-ज्योति जगती है।
हर पल गूँजे ॐ नमः शिवाय,
तन, मन, धन सब शिव को अर्पण।
सावन में हर दिन शिव का चिंतन, हर दिन शिव का मनन.
सावन में शिव की कृपा से, बिना बनाये
बन जाता ,हर दिन नया शिव-भजन॥
हर दिन नई धुन, हर दिन नया शिव-भजन॥
बादल अपने आप बरसते हैं,
बिजली अपने आप चमकती है।
कलियाँ अपने आप खिलती हैं,
फूल अपने आप महकते हैं।
चाँद अपने आप निकलता है,
बर्फ अपने आप पिघलती है।
वैसे ही शिव की कृपा से,
भक्ति अपने आप उमड़ती है।
सावन में हर दिन शिव आराधना, हर दिन का अर्चन.
सावन में शिव की कृपा से, बिना बनाये
बन जाता हर दिन नया शिव-भजन॥
हर दिन नई धुन, हर दिन नया शिव-भजन॥



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

### विक्रम-वन

आकाश ने फिर आज लिखा,
भारत का नया स्वर्णिम मान।
विक्रम-वन की गूँज सुनाकर,
यूं बढ़ा दिया जग में सम्मान।
स्वदेशी सपनों की लौ लेकर,
विज्ञान बना हैं विश्वास नया।
मेहनत, साहस, ज्ञान व श्रम ने,
यहाँ रच डाला इतिहास नया।
अब अंतरिक्ष की हर राह पर,
भारत दृढ़ता से कदम बढ़ाता।
निजी नवाचारों के साथ मिल,
नवयुग का जहाँ दीप जलाता।

- संजय एम तराणेकर

**धर्म-आस्था**

# श्रावण : भक्ति, तप, संयम और शिवकृपा का पावन मास

भारतीय सनातन परंपरा में प्रत्येक मास का अपना आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक महत्व है, किंतु यदि किसी एक मास को भगवान शिव की विशेष कृपा का काल कहा जाए, तो वह श्रावण मास है। यह केवल पंचांग का एक महीना नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, साधना, सेवा और शिवभक्ति का उत्सव है। वर्षा ऋतु के मध्य प्रकृति जिस प्रकार नवजीवन से भर उठती है, उसी प्रकार श्रावण मनुष्य के अंतर्मन को भी नवीन चेतना से आलोकित करता है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

स्कन्दपुराण के श्रावण माहात्म्य में भगवान शिव स्वयं सनत्कुमार को बताते हैं कि बारहों महीनों में श्रावण उन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस मास में किया गया जप, तप, दान, व्रत, अभिषेक और पूजन अनेक गुना फल प्रदान करता है। पुराणों में कहा गया है कि जिस प्रकार नदियों में गंगा, पर्वतों में हिमालय और वृक्षों में कल्पवृक्ष श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार महीनों में श्रावण का स्थान सर्वोपरि है।

श्रावण नाम के पीछे भी गहन अर्थ निहित है। इस मास की पूर्णिमा श्रवण नक्षत्र से युक्त होती है, इसलिए इसका नाम श्रावण पड़ा। साथ ही यह भगवान की महिमा के श्रवण का भी श्रेष्ठ समय माना गया है। जो इस मास में शिवकथा, पुराण, वेद और धर्मोपदेश का श्रवण करता है, उसका जीवन पवित्र होता है।

भगवान शिव ने सनत्कुमार से कहा कि इस मास के धर्मों का पूर्ण वर्णन स्वयं ब्रह्मा, शेषनाग और इन्द्र भी नहीं कर सकते। इसका कारण यह है कि श्रावण का प्रत्येक दिन किसी न किसी व्रत, पूजा अथवा साधना से जुड़ा हुआ है। इस मास में कोई दिन व्यर्थ नहीं माना गया। श्रावण के प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व है। श्रद्धालु उपवास रखकर शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण तथा पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का जप करते हैं। मान्यता है कि समुद्रमंथन से निकले कालकूट विष को भगवान शिव ने इसी काल में धारण कर संसार की रक्षा की थी। इसलिए जलाभिषेक उनके कंठ की शीतलता और समस्त प्राणियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। श्रावण का संबंध केवल मंदिरों तक सीमित नहीं है। यह सेवा, त्याग और अनुशासन का भी महीना है। कांवड़ यात्रा इसी मास का सबसे बड़ा जनआंदोलन है, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगाजल लाकर शिवालयों में अर्पित करते हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि धैर्य, संयम, परिश्रम और सामूहिक अनुशासन का जीवंत उदाहरण है।

पुराणों में यह भी उल्लेख मिलता है कि श्रावण में ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासी–चारों आश्रमों के लोगों को अपने-अपने धर्म का विशेष पालन करना चाहिए। यह आत्मसंयम, सात्त्विक भोजन, सत्य, दया और सेवा का मास है। अनेक लोग इस अवधि में लहसुन, प्याज, मांस, मदिरा और तामसिक आहार का त्याग करते हैं, जिससे शरीर और मन दोनों की शुद्धि होती है। श्रावण का वैज्ञानिक पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वर्षा ऋतु में पाचन शक्ति अपेक्षाकृत मंद हो जाती है। ऐसे समय हल्का, सात्त्विक और सुपाच्य भोजन स्वास्थ्य के लिए हितकर माना गया है। उपवास शरीर को विश्राम देता है और ध्यान-भक्ति मन को संतुलित करती है। हमारे ऋषियों ने धर्म और स्वास्थ्य का अद्भुत समन्वय इसी प्रकार स्थापित किया।

भगवान शिव का स्वरूप भी इस मास में विशेष संदेश देता है। उनके मस्तक पर चंद्रमा, जटाओं में गंगा, कंठ में विष, शरीर पर भस्म और गले में नाग–यह सब त्याग, धैर्य, करुणा और संतुलन का प्रतीक है। शिव सिखाते हैं कि जीवन में विष भी आए तो उसे धैर्य से धारण करो, अमृत का अहंकार मत पालो और सबके कल्याण का विचार करो।

श्रावण में शिवालयों में महामृत्युंजय मंत्र, रुद्राभिषेक, शिवपुराण₹ और रुद्राध्याय के पाठ का विशेष विधान है। कहा जाता है कि इस मास में किया गया एक शिवनाम स्मरण भी अनेक जन्मों के पापों का क्षय करने वाला होता है। किंतु शिवभक्ति का वास्तविक अर्थ केवल अभिषेक नहीं, बल्कि व्यवहार में सरलता, वाणी में मधुरता और आचरण में पवित्रता लाना है। आज के भौतिकतावादी युग में श्रावण हमें ठहरकर स्वयं को देखने का अवसर देता है। यह पूछने का समय है कि क्या हमने केवल इच्छाओं का संग्रह किया है या आत्मिक शांति भी अर्जित की है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## जिले के हर थाने में शुरू हुई साइबर पुलिस इकाई-एसपी प्रियंका



**शाजापुर।** आज के डिजिटल युग में जहां साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलो लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं शाजापुर पुलिस ने आम जनता को एक बड़ी सहूलियत दी है। अब किसी भी नागरिक के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होने या मोबाइल चोरी होने पर उन्हें मदद के लिए जिला मुख्यालय स्थित साइबर सेल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला की एक अभिनव पहल के चलते अब जिले के हर थाने में साइबर पुलिस इकाई की शुरुआत कर दी गई है। इस नई व्यवस्था को जमीन पर उतारने के लिए पुलिस विभाग ने नव-नियुक्त आरक्षकों को विशेष रूप से साइबर अपराधों से निपटने का कड़ा प्रशिक्षण दिया है।

## गुरु पूर्णिमा पर हुए अनेक धार्मिक आयोजन



**शाजापुर।** जिलेभर में गुरु पूर्णिमा का पर्व अपार श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर जहां एक ओर स्कूल-कॉलेजों में गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरुजनों का सम्मान किया गया, वहीं दूसरी ओर अंचल के प्राचीन मंदिरों और आश्रमों में सुबह से ही आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर में दिनभर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। नगर कोतवाल के नाम से प्रसिद्ध प्राचीन भैरव डूंगरी पर बुधवार को श्रद्धालुओं का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बूढ़े, महिला और पुरुष सैकड़ों सीढ़ियां चढ़कर करीब एक हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भैरव बाबा के दरबार में पहुंचे और सपरिवार पूजा-अर्चना की।

### रहवासियों में दहशत, पुलिस कर्मी की बाइक ले जाने का किया प्रयास

# शुजालपुर में चोरों का आतंक : आधी रात कॉलोनी में घूमते दिखे चार नकाबपोश संदिग्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मंडी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 27-28 जुलाई की दरमियानी रात एक ओर स्वप्न सिटी फेस-2 एवं सिद्धनाथ स्वप्न सिटी कॉलोनी में चार नकाबपोश संदिग्ध सीसीटीवी कैमरों में घूमते नजर आए, वहीं उसी रात शहर में दो बाइक चोरी होने से रहवासियों में दहशत फैल गई है। लगातार हो रही वारदातों से पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और जांच व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

कॉलोनी निवासी एडवोकेट ब्रजकिशोर सिंह परमार ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी चोरी और रेकी की घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ समय पहले कॉलोनी में रहने वाले एक पुलिसकर्मी के निवास पर चोरी की वारदात सहित अन्य घरों में भी चोरियां हो चुकी है। अब सीसीटीवी में चार संदिग्धों के दिखाई देने से रहवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। चेहरे पर नकाब के साथ रात लगभग 1 से 2 के बीच इन संदिग्धों ने कॉलोनी के कई मकानों में बाहर से ताक झाक की। साथ ही कॉलोनी में रहने वाले एक पुलिस कर्मी की बाइक को ले जाने का प्रयास किया। यह बाइक पुलिस कर्मी के घर से कुछ दुरी पर मिली। कॉलोनी समिति ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से संदिग्धों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई, नियमित रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।





### पुलिस ने जारी किया संदिग्धों का फोटों

मंडी क्षेत्र के राम मंदिर के सामने से जिन दो बदमाशों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया, उन दो बदमाशों के चित्र पुलिस शुजालपुर मंडी ने जारी किए। थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उक्त बदमाश कही दिखाई दे तो उसकी सूचना मंडी पुलिस थाने पर दे।

### दो बाइक चोरी हुई थी

सोमवार शाम को मंडी स्थित श्रीराम मंदिर के बाहर से दर्शन करने आए तेजस्व परमार की बाइक अज्ञात दो बदमाश चुरा ले गए, यह घटनाक्रम मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। उधर स्वप्न सिटी फेस 1 कॉलोनी से गिरीश शर्मा की होंडा शाइन बाइक भी चोरी हो गई। उन्होंने रात 10 बजे बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन मंगलवार सुबह वह गायब मिली। इसकी कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है।



## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में जाँच पश्चात 7 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर भोपाल शाखा शुजालपुर द्वारा गुरू पूर्णिमा अवसर पर स्वर्गीय शंकरलाल परमार की स्मृति में गायत्री शक्तिपीठ परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन उनके परिजनों केसर सिंह परमार, हरिओम परमार एवं श्रीराम परमार के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री हवन एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव ने 63 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 7 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को अगले दिन शुजालपुर स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र सरकारी अस्पताल के सामने से संत हिरदाराम नगर भोपाल ले जाया जाएगा, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर सेवा सदन द्वारा प्रकाशित नेत्र रोग संबंधी जागरूकता पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। शिविर को सफ ल बनाने में जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, किशोर सिंह परमार, रघुवीर पाटीदार, भोजराज परमार, भागीरथ परमार, लखन परमार, सागर परमार, रमेश परमार, मांगीलाल लेवे, मनीष सोनानिया सहित अन्य कार्यकताओं का सहयोग रहा।

### ठेला लगाने के विवाद में खूनी संघर्ष

# पिता और बेटों पर डंडों से हमला सिर पर गंभीर चोटें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास शहर के शुक्रवारिया क्षेत्र में फल का ठेला लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार को हिंसक झड़प में बदल गया। बीच बाजार कुछ लोगों ने कथित तौर पर फल विक्रेता और उसके दो बेटों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

हमले में घायल आजाद और उनके बेटे अयान व फैजान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है।

घटना भीड़भाड़ वाले बाजार में हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक शुरू हुई मारपीट से लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर मौजूद कई लोगों ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में कुछ लोग तीनों पर डंडों से हमला करते नजर आ रहे हैं।

### पहले भी मिल चुकी थी ठेला हटाने की धमकी

घायलों का आरोप है कि वे लंबे समय से शुक्रवारिया क्षेत्र में फल का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इसी स्थान को लेकर कुछ लोगों से पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। आरोप है कि उन्हें कई बार ठेला हटाने की धमकी दी गई थी। गुरुवार को इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## छोटे दुकानदारों को पक्की जगह देने के निर्देश

**आगर-मालवा।** जिले के नए कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने गुरु पूर्णिमा पर प्राचीन श्री बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कामों का जायजा लिया व अधिकारियों से पूरे प्लान की जानकारी ली।

कलेक्टर ने मंदिर परिसर के साइट प्लान को देखा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग, विश्रामगृह और प्रस्तावित श्री जयनारायण विश्रांति भवन के काम की प्रगति पूछी। उन्होंने कहा कि बैजनाथ धाम जिले की आस्था का बड़ा केंद्र है और यहां आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर के सामने सालों से दुकान लगा रहे छोटे दुकानदारों के लिए किसी सही जगह पर पक्की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### सावन के पहले दिन महादेव मंदिरों में विशेष पूजन

# बैजनाथ और गुप्तेश्वर महादेव में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

सावन माह के पहले दिन गुरुवार को जिले के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर और नलखेड़ा के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दोनों प्रमुख मंदिरों में दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे।

बैजनाथ महादेव मंदिर में भक्त मंडलियों ने भगवान शिव का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और शक्कर) से विशेष अभिषेक किया। इसके बाद विधि-विधान से महाआरती कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। वहीं नलखेड़ा स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी। श्रावण मास की शुरूआत के साथ ही दोनों मंदिरों में भक्ति का माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर शिव भजनों और मंत्रोच्चार से दिनभर गुंजायमान रहे। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिले और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

### पुलिस बल किया तैनात

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर के समीप नया पार्किंग स्थल बनाया गया है, जहां वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग कराई जा रही है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से ट्रैफिक पॉइंट पर पलटा लोडिंग रिक्शा, टला बड़ा हादसा



**शाजापुर।** शहर की जर्जर सड़कें और उन पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। प्रशासन की नाक के नीचे मुख्य मार्गों की यह बदहाली प्रतिदिन हादसों को न्योता दे रही है। इसी लापरवाही का ताजा उदाहरण बुधवार दोपहर देखने को मिला, जब ट्रैफिक पॉइंट के पास एक बैटरी रिक्शा गहरे गड्ढे की चपेट में आकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई। घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, चालक गोविंद अपने तीन पहिया रिक्शे में पुष्टे भरकर गोदाम की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ट्रैफिक पॉइंट के पास सड़क पर बने एक बड़े गड्ढे में रिक्शे का पिछला पहिया जा धंसा। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने मदद करते हुए रिक्शे से पुष्टे हटाए और उसे सीधा किया। इसके बाद चालक अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सका और यातायात बहाल हुआ।

## बिजली कटौती पर युवा कांग्रेस ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया स्थित ग्राम खड़ी डोडिया में गुरुवार को युवा कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने नायब तहसीलदार शिल्पा सिंह और विद्युत कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बिजली कार्यालय पर ताला लगाकर आंदोलन किया जाएगा।

दोपहर 1 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला, जिसमें कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और बिजली कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार ने यह ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में सुबह और शाम बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। इससे किसानों के कृषि कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई, छोटे व्यापारियों के कामकाज और आम लोगों की दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय न होने से लोगों में भारी नाराजगी है।

युवा कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि शेड्यूल और लोड मैनेजमेंट के नाम पर अघोषित बिजली कटौती जारी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आसमान से खेत में गिरी रहस्यमयी मशीन, ड्रोन समझकर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अकोदिया के ग्राम तिंगजपुर में उस वक्त कौतूहल का माहौल बन गया, जब आसमान से एक अजीबोगरीब उपकरण खेत में आ गिरा। हीलियम गुब्बारे के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को नीचे आता देख ग्रामीणों ने इसे कोई खुफिया ड्रोन समझ लिया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, जब असलियत सामने आई तो लोगों ने राहत की सांस ली। यह कोई ड्रोन नहीं, बल्कि मौसम विभाग का रेडियोसोंडे (सर्वेक्षण उपकरण) था, जो डेटा जुटाने के दौरान नीचे आ गया था।

## 25 साल से डकैती का फरार वारंटी गिरफ्तार

**देवास।** पुलिस ने 'ऑपरेशन हवालात' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती के मामले में पिछले 25 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी निम्बु उर्फ निम सिंह निवासी करड़ी है। उसके खिलाफ थाना उदयनगर में वर्ष 2001 में डकैती (धारा 395 और 397 आईपीसी) का मामला दर्ज हुआ था। घटना के बाद से वह लगातार फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना उदयनगर पुलिस ने विशेष टीम बनाई थी। टीम मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार उसकी तलाश कर रही थी। 27 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी देवास जिले में देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी किरण बाई पति स्वः श्री धनसिंह गेहलोत, निवासी 65/2 मोदी की गली, राजाभाउ महाकाल मार्ग, गली न.6 उज्जैन के एकांकी स्वामित्व का भवन कमांक 65/1, वार्ड न. पुराना 11 व नया वार्ड नं. 21 स्थित राजाभाउ महाकाल मार्ग, गली न.6 उज्जैन उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 28.02 वर्गमीटर है उक्त भवन को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भवन की पैमाईश निम्नानुसार हैः- लंबाईः 5.90 मीटर। चौडाईः 4.75 मीटर। पूर्व में श्री गणेश शर्मा का मकान पश्चिम में श्रीमती संतोष देवी का मकान, उत्तर में पेसेज 3 फिट का आने जाने का जो सरकारी गली में मिलता है एवं विकाश चौरसिया के हिस्से का भाग मकान है दक्षिण में पं. श्री अभिशेक शर्मा का मकान है।

अतः उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड की विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 30-07-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264-66157**

In The Court Of I Civil Judge, Junior Division, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री दीपक सोनी**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCS A/0000003/2026)

**कालूराम----वादी**

**Vs**

**अनूबाई------प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 07/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सोनाली पति अल्पेश देशमुख पता- फ्लेट नंबर 402 आरमोर टॉवर जागृति कालोनी कारोल रोड एन.आई.टी. बगीचा नागपुर महाराष्ट्र हाल मुकाम 196 नागेश्वरधाम कानीपुरा रोड, उज्जैन।

यह कि प्रार्थी कालूराम ने आपके विरूद्ध सिविल सूट में वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 25 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(दीपक सोनी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड तराना, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**सुश्री सृष्टि पटेल**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000003/2018)

**नन्दकिशोर गर्ग -----वादी**

**Vs**

**जीवनलाल-------प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 21/08/2026**

**प्रेषिती**

1. कल्पना पिता स्व. जीवनलाल दीसावल पता- 121 गिरधर निवास सिंहपुरी उज्जैन
2. रजनी पिता स्व. जीवनलाल दीसावल पता- 121 गिरधर निवास सिंहपुरी उज्जैन

यह कि प्रार्थी नन्दकिशोर गर्ग आदि द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 सहपठित धारा 151 सीपीसी का प्रस्तुत किया है कि प्रकरण में प्रतिवादी क्रं. 1 जीवनलाल की मृत्यु दिनांक 31/08/2025 को उज्जैन में हो गई है जिनके आप उत्तराधिकारी है मृत प्रतिवादी क्रं. 1 के स्वर्गवास होने से आप वारिसानों को उनके स्थान पर स्थापित किया जाना है, अतः आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 28 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सृष्टि पटेल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## कार्यालय नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर–मालवा (म.प्र.)

ई–मेल –cmosusner@mpurban.gov.in

क्रमांक / राज. / 2026 / 1082 सुसनेर दिनांक 29 / 07 / 2026

—::—नामान्तरण सार्वजनिक विज्ञप्ति—::—

कार्यालय नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर मालवा जिला आगर मालवा म.प्र. नामान्तरण विज्ञप्ति सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है नगर परिषद् सुसनेर में निम्नलिखित आवेदको द्वारा भवन/भुमि हक हस्तानतरण हेतु आवेदन पत्र जमा किये गये है उक्त विज्ञप्ति द्वारा सुचित किया जाता है निम्नलिखित आवेदको के नामान्तरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह प्रकाषन के दिनांक से 15 दिवस की समय अवधि में मय स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करे अन्यथा समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा। (सूचित हो)

| क्र. | नम हस्तांतरित ग्रहिता का मय पिता/पति | नाम हस्तांतरणकर्ता का मय पिता/पति | वार्ड क्र. | भवन/भूमि का क्र. एवं विवरण | आधर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुनिल,धिरज,प्रिती पिता पप्पुलाल, कमला बाई पति पप्पु लाल | पप्पुलाल गायरी पिता गंगाराम गायरी | 12 | भूमि सर्वे नम्बर 2056/2/38 | शपतपत्र,मुत्यु प्रमाणपत्र खसरा |
| 2 | दिनेष दुबे पिता मदनलाल दुबे | अनीसउद्विन पिता नन्ने खॉ | 12 | भूमि सर्वे नं. 2072/1मिन4/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 3 | गोविंदराम भावसार पिता रामलाल भावसार | रामप्रताप भावसार पिता रामलाल भावसार | 14 | भवन नं. 29 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 4 | बालुसिंह पिता भंवरसिंह | कोश्ल्या बाई पति शंकर जी | 12 | भवन नं. 0317 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 5 | अनिल कुमार गुप्ता पिता मांगीलाल जी | चांद बी पति इस्लाम मों. | 13 | भूमि सर्वे नं. 1871/3/1/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 6 | सुनिता जाट पति विक्रम सिंह जाट | विष्णु माली, गोपाल माली पिता कनिराम | 12 | भवन नं. 0836 पर 2064 वर्गफिट | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 7 | दिनेश प्रजापत पिता भेरूलाल प्रजापत | भूली बाई पति रामबल्लु | 12 | भूमि सर्वे नं. 2058/1/1/56 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 8 | श्वेता सोनी पति जितेन्द्र सोनी | मोतीलाल जैन पिता भंवरलाल जैन | 3 | भवन नं. 118/1 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 9 | पेपा बाई मेघवाल पति मोहनलाल मेघवाल | श्याम माली पिता कनीराम माली | 12 | भवन क्र. 0479 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 10 | दुर्गा बाई उर्फ कनिका पति विजय सिंह बगडावत | श्री रमण कुमार बांगड़ पिता गोवर्धनदास बांगड़ | 13 | भूमि सर्वे नं. 1868/3/34 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 11 | श्रीमति धापू बाई पति रामनारायण | श्रीमती मानकुंवर सोंधिया पति राजेंद्र सिंह | 13 | भूमि सर्वे नं. 1862/2/13 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 12 | वली मोहम्मद पिता रफीक | -------- | 9 | भूमि सर्वे नं. 1102/1/2 | शपतपत्र, खसरा |
| 13 | ईना राठोर पति प्रेमचंद राठोर | रमेशचंद जैन पिता चांदमल जैन | 8 | भवन क्र. 76 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 14 | ज्योति माली पिता राधेश्याम माली | घनश्याम प्रजापति पिता गोपाल प्रजापति | 12 | भवन क्र. 0347 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 15 | मुन्नी बाई पति षिवनारायण बैरागी | रूकमणी देवी पति सुनिल कुमार | 13 | भवन क्रं 0524 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 16 | मंजू मोदी पति महेष कुमार मोदी | अनिसउद्विन पिता नन्ने खॉ | 12 | भूमि सर्वे नं. 2070/3/1/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 17 | रामकन्या चौधरी पति बलराम चन्देल | केवल चंद पिता तुलसीराम, राजुबाई पति उकार लाल, प्रेमचंद पिता उकार लाल, न्यामत खॉन पिता कुदरत उल्ला | 2 | भूमि सर्वे नं. 554/1/2 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 18 | रेखा जैन पति राजेष जैन | जगदीश पाटीदार पिता जानकी लाल | 6 | भूमि सर्वे नं. 1328/2/1 | रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र |
| 19 | काली बाई पति नानूराम, देवेन्द्र, निषा, दिव्या, रजनी पिता नानूराम | -------- | 12 | 2072/1मिन4/1/1/1 /1/1/1 | शपतपत्र, खसरा |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् सुसनेर

# डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाइन परियोजना के प्रगति की समीक्षा की

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे निर्माण के महाप्रबंधकश्री आशीष बंसल ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण डिमापुर धनसिरी कोहिमा जुब्ज़ा नई रेल लाइन परियोजना का हाल ही में विस्तृत निरीक्षण किया। इसरेलवे निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री बंसल ने परियोजना के महत्वपूर्ण अवसंरचना कार्यों का निरीक्षण किया। जिनमें सुरंगें, बड़े पुल, स्टेशन यार्ड और अन्य निर्माणाधीन स्थल शामिल थे। निरीक्षण के दौरान, महाप्रबंधक ने चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। फील्ड अधिकारियों और इंजीनियरों से बातचीत की और गुणवत्ता, सुरक्षा और इंजीनियरिंग में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए परियोजना को निर्दिष्ट समय पर पूरा करने पर ज़ोर दिया।





डिमापुर धनसिरीद्ध कोहिमा जुब्ज़ाद्ध नई रेलवे लाइन परियोजनाए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के सबसे अहम अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है। यह पूरा होने परए नागालैंड की राजधानी कोहिमा पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगाए जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मज़बूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। 78.42 किलोमीटर लंबी यह परियोजना असम के कार्बी आंगलांग ज़िले और नागालैंड के चुमोकेडिमा एवं कोहिमा जिलों से होकर गुज़रता है। इसमें आठ स्टेशनकृधनसिरी, धनसिरीपार, शोखुवि, मॉलवॉम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुजुमा और जुब्ज़ा शामिल हैं। धनसिरी, शोखुवि और मॉलवॉम स्टेशन पहले ही पूरे हो चुके हैं। इस परियोजना में इंजीनियरिंग कार्य काफी चुनौतीपूर्ण हैं। जैसे कि कुल 31.169 मीटर में 20 सुरंगें। 27 बड़े पुल और 149 छोटे पुल। ये सभी नागालैंड के पहाड़ी इलाकों में रेलवे निर्माण की जटिलता को दर्शाते है।

यह परियोजना कई चरणों में चालू किया जा रहा है। 16. 5 किलोमीटर का धनसिरी-शोखु विसेक्शन अक्टूबर 2021 में और 14.64 किलोमीटर काशोखुवि.मॉलवॉम सेक्शन मार्च 2025 में चालू हुआ था। अभी शोखुविसे गुवाहाटी और नाहरलगुन के लिए नियमित रेलगाड़ियाँ चल रही हैं। वहीं नागालैंड के तीसरे बड़े रेलवे स्टेशन मॉलवॉम के चालू होने से राज्य में रेल कनेक्टिविटी और अधिक मज़बूत हुई है। चुनौती पूर्ण क्षेत्रों और जटिल भूगर्भीय स्थितियों के बावजूद बाकी सेक्शनों पर निर्माण का कार्य तेज़ी से और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग समाधानो का उपयोग किया जा रहा है। परियोजना को सुरक्षित और कुशलता से पूरा करने के लिए अत्याधुनिक निर्माण तकनीकों और निरंतर निगरानी के साथ कई सुरंगों टनल पर एकसाथ कार्य हो रहा है। निरीक्षण के दौरानए श्री आशीष बंसल ने इंजीनियरों और निर्माण टीमों के समर्पण की सराहना की। साथ हीए उन्होंने कार्य की गति बनाए रखने सभी संबंधित पक्षों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने और सुरक्षा व गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए तय समय.सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने पर ज़ोर दिया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने डिमापुर धनसिरीद्ध कोहिमा जुब्ज़ा नई रेललाइन परियोजना को 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह परियोजना पूर्ण होने पर कनेक्टिविटी काफी बेहतर होगी। यह नागालैंड और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## रविदास कथा का भंडारे के साथ हुआ भव्य समापन

**गुना।** जिले की तहसील आरोन में 14 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक 15 दिवसीय संगीतमय कथा का आयोजन अहिरवार धर्मशाला आरोन में किया गया। जिसका महंत नर्मदा प्रसाद प्रभाकर संतोषपुर वालों के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की कथा का श्रवण कराया गया। उक्त कथा का गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे के साथ भव्य समारोह के साथ समापन हो गया। दरअसल संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को पूरे देश में एक महान संत, कवि और समाज सुधारक के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने समाज में फैली छुआछूत और जात-पात के भेदों का विरोध किया तथा समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। संत शिरोमणि गुरु रविदास को अहिरवार समाज अपना आराध्य मानता है, क्योंकि उनके विचार समानता, सामाजिक समरसता और मानवता की प्रेरणा देते हैं।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ कार्यक्रम

**गुना।** सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ में पुलिस विभाग द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत एक प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय में प्रथम बार पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के आगमन पर विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल, उप पुलिस अधीक्षक विवेक अष्ठाना, उप निरीक्षक एवं थाना प्रभारी फतेहगढ़ अभिषेक तिवारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि सिंह भदौरिया तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत धाकड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मुनिश्री के साथ अभद्रता पर फूटा जैन समाज का आक्रोश

**गुना।** जिले के आरोन कस्बे में चातुर्मास कर रहे जैनाचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनिश्री निर्मोह सागर महाराज के साथ कथित अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की घटना से जैन समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। गुरुवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया। घटना को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए समाज ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मामला ये है कि आरोन नगर में इन दिनों मुनिश्री निरोग सागरजी महाराज का चार मुनियों के संघ के साथ चातुर्मास चल रहा है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 11:21 बजे मुनिश्री निर्मोह सागरजी आहारचर्या के बाद मंदिर लौट रहे थे।

## वृक्षारोपण के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के नए सत्र का शुभारंभ

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के नवीन सत्र 2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र कुमार पाटीदार एवं रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. पूजा सांखला ने नवीन सत्र के लिए दलनायक, उपदलनायक एवं कार्यालय प्रभारी का चयन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों का परिचय कराया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की जानकारी देते हुए उन्हें राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

## न्यायाधीश ने किया उप जेल का औचक निरीक्षण

**शुजालपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नमिता बोरासी के साथ उप जेल शुजालपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था एवं स्वच्छता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया तथा वहां कार्यरत बंदियों से चर्चा की। इसके बाद बंदी वार्डों एवं बैरकों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता की जानकारी ली तथा आवश्यक कानूनी परामर्श दिया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से होने वाली पेशियों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक अधिकारी शिखा शर्मा, सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया, तहसील विधिक सहायता अधिकारी शुभम सिंह राजावत, वारंट सहायक महिपाल सिंह परमार सहित उप जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।


### जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक किता मकान क्रमांक पुराना 49 व नवीन 53 जो, नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 21 अंर्तगत मोहल्ला इंदु कॉलोनी में स्थित है, जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण 57 फीट 9 इंच व चौड़ाई 44 फीट होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 236.86 वर्गमीटर होकर जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में सुरज गरवाल का मकान, पश्चिम में मि. सहगल का मकान, उत्तर में गली, व दक्षिण में आम रास्ता स्थित है जो ईवन मोरिस पिता मॉरिस थॉमस, नितिन, सोलेमान व नितीका पिता ईवन मोरिस से क्रय कर अनुबंध का निष्पादन करवाया है यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त मकान के बाबत् स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या बंधक संबंधी अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त संपत्ति पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकिय या अर्द्धशासकिय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधिन हो या उक्त मकान के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से सात दिन की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 7:30 से 9:00 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा अवधि पश्चात् शेश विक्रय राशी अदाकर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। सुचित हो दिनांक 31/7/2026

**अशोक पोरवाल एडव्होकेट**
**150, जवाहर मार्ग, शेषशायी कालेज के पास नागदा**
**जं. जिला उज्जैन**
**मो. नं. 9827265873**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने टीनशेड स्वामी मेसर्स श्री विजयलक्ष्मी पालीमर्स द्वारा प्रो0 संजय कुमार चितोडिया पिता श्री मदनलाल चितोडिया निवासी 47/1 रविन्द्र नगर उज्जैन जिला म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक टीन शेड भूखण्ड क्रमांक 132- ए की भूमि पर निर्मित स्थित औधोगिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन जो कि नगर पालिका निगम उज्जैन सीमा में वार्ड क्रमांक 54 में स्थित होकर जो कि मुख्य मार्ग से अन्दर होकर व्यवसायिक उपयोग का है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 464. 51 वर्गमीटर अर्थात 5000 वर्गफीट हैं। जिसमें टीनशेड निर्मित कुल क्षेत्रफल 185.00 वर्गमीटर अर्थात 2000 वर्गफीट होकर जिसकी चर्तुसीमा पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक-132-बी, पश्चिम दिशा में रोड 60 फीट चौडी, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक 145, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक-133 स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने की सौदा कर विकय अनुबंध तैयार किया गया है जिसमें बयाना राशि अदा कर दिया गया हैं। तथा शेष राशि अदा कर मूल स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन / पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो। दिनांक-30/07/2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय-डी.एफ 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र**
**देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोठीमहल जिला उज्जैन म.प्र.

**प्र. क्र. 0032/अ-20( 2 )/2026-27 प्रो.र.नं. 940**
**दिनांक -13 जुलाई 2026**

### जाहिर सूचना

कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा जिला उज्जैन के पत्र कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा जिला उज्जैन के पत्र क्रमांक 277 दिनांक 8.7.2026 अनुसार ग्राम ग्राम शक्करवासा स्थित भूमि सर्वे क्र. 112/1/2 रकबा 0.1780 हे. जिला शिक्षा अधिकारी उज्जैन को शासकीय विद्यालय के शााला भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन हेतु मांग की गई। प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 31 जुलाई 2026 नियत हैं। अत: आवेदित भूमि आबंटित करने में आपत्ति हों, वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत दिनांक तक आपत्ति प्राप्त होने पर आपत्ति अविचारणीय होकर नगण्य होगी।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग कोठीमहल जिला उज्जैन म.प्र.**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि स्वामी श्रीमती उमाबाई पति श्री पप्पूलाल जी, जाति आंजना, निवासी बृजराज खेडी, उज्जैन म.प्र, से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका कमश: जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 311 रकबा 1.2000 हेक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 310/1 रकबा 0.1200 हेक्टर, कुल किता 2 कुल रकबा 1.3200 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम सोण्डा तहसील देवास जिला देवास म.प्र. में स्थित होकर उनके स्वत्व स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि का सौदा मेरे पक्षकार के हित में विधिवत कर दिया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर तत्पश्चात् शेष बची विक्रय मूल्य की राशि तथा शेष राशि अदा कर मूल भूमि स्वामी से विकय पत्र का सम्पादन / पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो।

यह दिनांक-30/07/2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय-डी.एफ 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने भवन स्वामी श्री संतोष त्रिवेदी पिता स्व. श्री रामनारायण जी, आयु 66 वर्ष, निवासी एच 1/5 क्षिप्रा विहार, आवासीय योजना उज्जैन, जिला उज्जैन म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर पालिका निगम उज्जैन सीमा में वार्ड क्रमांक 53 में स्थित होकर जिसका भवन क्रमांक -05 मधुबन कॉलोनी ग्राम मालनवासा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भवन जो कि मुख्य मार्ग से अन्दर होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर हैं। उक्त भूखण्ड जो कि, कार्यालय कलेक्टर नजूल में लीज होल्ड राईट्स का हैं (जिसका लीज डीड नवीनीकरण वर्ष 2021 से 2051 तक किया गया है) उक्त भवन जो कि तल, प्रथम, व द्वितीय मंजिल आरसीसी छत से निर्मित है। उक्त भवन जिसकी चर्तुसीमा पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 18, पश्चिम दिशा में सडक कॉलोनी की, उत्तर दिशा में भूखण्ड कमांक -04, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक-06 स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने की सौदा कर विक्रय अनुबंध तैयार किया गया है जिसमें बयाना राशि अदा कर दिया गया हैं। तथा शेष राशि अदा कर मूल भवन स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन / पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भवन बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो।

इति दिनांक 30.07.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय-डी.एफ 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री रामचंद्र पिता श्री देवीसिंह, जाति गारी, निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 86/1, रकबा 1.7100 हेक्टेयर, स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन में से 2 (दो) बीघा अर्थात 0.40 हैक्टर भूमि का विक्रय अनुबंध सौदा कर लिया है, शेष विक्रय राशि का भुगतान कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित 2 (दो) बीघा भूमि पर यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था, निगम, पेढ़ी अथवा किसी अन्य व्यक्ति का कोई ऋण, बंधक, भार, प्रभार, हक, हित, हिस्सा, सुखाधिकार, न्यायालयीन वाद, निषेधाज्ञा अथवा किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस के भीतर समस्त दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरांत मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित एवं पंजीकृत कराने के लिए स्वतंत्र होंगे तथा उसके संबंध में प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक 30-7-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडवोकेट**
**दुकान संख्या डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,**
**देवास रोड, उज्जैन मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने अनुबंधकर्ता ट्रस्ट केनेडियन पादरी मिशन, कोठी देवास रोड, उज्जैन द्वारा मालवा चर्च काउंसिल मसीही सेवा मण्डल पता-7, ओल्ड सीहोर रोड, इंदौर म.प्र. द्वारा डा. बबलू कुमार सिंह उर्फ बी.आई.सी. पिता इंदरसिंह, वर्तमान नियुक्त मॉडरेटर, निवासी-कमला नेहरू मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन से उनके आधिपत्य और स्वामित्व की भूमि 3998/4/एस रकबा 0.3970 हे. सर्वे नंबर 3997/1 रकबा 0.0300 हे., सर्वे नंबर 3998/1/1 रकबा 0.1360 हे. जो कि कस्बा उज्जैन विश्वविद्यालय मार्ग देवास रोड, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त सर्वे नंबरों में से सर्वे नंबर 3998/4/एस रकबा 0.3970 हे. सर्वे नंबर 3997/1 रकबा 0.0300 हे., में से 20000 स्केयर फीट व सर्वे नंबर 3998/1/1 रकबा 0.1360 हे. के भूखंड को क्रय किये जाने का सौदा किया है और बयाना राशि अदाकर दी है और रजिस्ट्री कराना शेष है यदि उक्त कृषि भूमि/भूखंड पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी का व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋण हो या उक्त भूमि/भूखंड को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त भूमि/भूखंड पर किसी का कब्जा ही या उक्त कृषि भूमि/भूखंड से संबंधित कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण द्वारा स्वयं के हित में उक्त कृषि भूमि/भूखंड की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 30/07/2026

**रीति कटारिया ( रिया ) एडवोकेट**
**कार्यालय-कोर्ट परिसर, उज्जैन**
**मो. 9826449007,9028950369**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती लक्ष्मीबाई पति स्व. सीताराम, 02-श्री नारायण पिता स्व. सीताराम, 03-श्री संदीप पिता स्व. सीताराम, 04-श्रीमती संतोषीबाई पति स्व. सीताराम, चारो कृषक ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के पृथक-पृथक मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-188/1 ( एस) रकबा 0.4500 हेक्टर, 188/2/1 (स) रकबा 0.4000 हेक्टर, 188/2/2 ( एस) रकबा 0.4900 हेक्टर, 188/3 ( एस) रकबा 0.8900 हेक्टर, 179/1 ( एस) रकबा 0.9000 हेक्टर एवं 179/2 (एस) रकबा 0.4400 हेक्टर कुल किता 06 कुल रकबा 3.5700 हेक्टर ग्राम इंगोरिया, प. ह. नं.-160 तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-30.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

सत्यमेव जयते

### भारत सरकार
### सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
### सार्वजनिक सूचना
### दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार-2026
**आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन/नामांकन 15 मई, 2026 से आमंत्रित किए गए थे तथा आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई थी।

2. सभी इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (Rashtriya Puraskar Portal) पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 15 अगस्त, 2026 कर दी गई है।

3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आवेदन/नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर ही प्रस्तुत करें। डाक कूरियर, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/नामांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4. पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड तथा अन्य आवश्यक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग:
https://depwd.gov.in
राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल:
https://awards.gov.in

CbC 38117/11/000/(2-627

## न्यूज-कॉलम

### नपा द्वारा गाजर घास उन्मूलन हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव

**मंदसौर।** वर्षा ऋतु के दौरान शहर में गाजर घास के फैलाव को रोकने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला मकवाना ने बताया कि नगर पालिका अमले ने अभिनंदन क्षेत्र में गाजर घास उन्मूलन के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव किया है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से वार्ड क्रं.5 और 21 के अंतर्गत आने वाले अभिनंदन क्षेत्र के उन खाली प्लाटों पर की गई, जहां गाजर घास उग आई थी। सीएमओ प्रेमकुमार सुमन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा की देखरेख में स्वच्छता उपनिरीक्षक सौरभ काला वार्ड दरोगाओं की टीम के साथ मैदान में उतरकर दवा का छिड़काव करवा रहे हैं।

### हज यात्रा के लिये मंदसौर जिले के 178 यात्रियों का चयन

**मंदसौर।** हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित डिजिटल रैंडम सिलेक्शन (कुर्रा) प्रक्रिया के तहत मध्य प्रदेश से हज पर जाने वाले यात्रियों का चयन सम्पन्न हो गया है। मंदसौर जिला हज कमेटी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शाहिद निजामी की मौजूदगी में ऑनलाइन चयन प्रक्रिया पूरी की गई। शाहिद निजामी ने बताया कि मंदसौर जिले से कुल 216 आवेदकों में से 178 यात्रियों का अंतिम रूप से चयन हुआ है, जबकि 38 आवेदक वेटिंग लिस्ट में हैं। चयन प्रक्रिया में 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, बिना मेहरम यात्रा करने वाली महिलाओं और बैकलॉग आवेदकों को नियमों के अनुसार प्राथमिकता दी गई है।

### दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, स्मैक व डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर।** जिले के पिपलियामंडी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो अंतर्राज्यीय तस्करों को रंगे हाथ पकड़ा गया। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान बालागुढ़ा-बही पार्श्वनाथ रोड पर डुंगलावदा फंटा के पास पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार दो युवक भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में नितेश पाटीदार (20) निवासी ग्राम राजाखेड़ी (मंदसौर) और विपिन शर्मा (19) निवासी ग्राम पिल्लू (जिला प्रतापगढ़, राजस्थान) शामिल हैं। आरोपियों के पास से 100 ग्राम स्मैक, 5.166 किलोग्राम डोडाचूरा, एक आईफोन और बिना नंबर की स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 1.60 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पिपलियामंडी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**रतलाम ।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्टेण्डिंग कमेटी की बैटक का आयोजन कार्यालय कलेक्टर सभाग्रह रतलाम मे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ किया गया। बैठक में श्री बृजेंद्र रावत एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रतलाम एसडीएम श्री तरुण जैन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में श्री बृजेंद्र रावत एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत प्राप्त दावा आपत्ति एवं निराकरण तथा सूची में अनुपस्थित, मृत, शिफ्टेड, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी से को अवगत कराया। एसडीएम शहर रतलाम ने नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका रतलाम के 49 वार्डों की पुनरीक्षण उपरांत अंतिम फोटो युक्त मतदाता सूची का सेट दल प्रमुखों को उपलब्ध करवाये।

### अवैध अफीम रखने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**नीमच।** जिले के विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट), जावद, जिला-नीमच द्वारा घर पर 3.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखने वाले आरोपी शम्भूलाल पिता सेवा धाकड़, उम्र-52 वर्ष, निवासी-ग्राम किशनपुरा, तहसील व थाना सिंगोली, जिला नीमच को धारा 8(सी)/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# किसी को भी भाग्य से ज्यादा और समय से पहले नहीं मिलता : महासती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

इस दुनिया में किसी को कुछ मिलता है, किसी को कुछ कुछ, किसी को बहुत कुछ लेकिन सब कुछ किसी को नही मिलता है। सोने में बहुत कुछ है, ऐश्वर्य है, खूबसूरती है, वैभव है लेकिन स्वर्ण में खुशबु नही है, सागर में अथाह जलराशि है, बेशकीमती रत्न है, वनस्पति है, लेकिन फिर भी समुद्र में कमी है की उसका पानी मीठा नहीं है, हिमालय के पास ऊँचाई है, बेशकीमती जड़ी बुटियाँ है, संजीवनी बूटी है, खूबसूरती है, लेकिन उसकी कमी यह है की हिमालय पर चढ़ने के लिए सीढ़िया नहीं है, अनंत आकाश में चाँद तारे, सूर्य, गृह



सब कुछ है लेकिन आकाश में फूल नहीं खिल सकते है, चक्रवर्ती राजा की पटरानी जिसको श्रीदेवी कहते है, उसके पास भी बहुत कुछ है, राजा रानियाँ उसकी बात मानते है, धन वैभव, एश्वर्य, सुन्दरता है लेकिन उसकी एक कमी है की वो कभी माँ नहीं बन सकती है उक्त विचार नीमचौक जैन स्थानक पर आयोजित धर्मसभा मे महासती प्रफुल्ला श्री म सा ने व्यक्त किए।

आपने कहा की सब कुछ किसी के पास नहीं है, सब कुछ पाने की चाहत में अपना जीवन खत्म मत करो, क्योंकि किसी को भी भाग्य से ज्यादा और समय से पहले नहीं मिलता है, आपका जन्म अच्छे कुल में हुआ है, रहने के लिए मकान है, पाँचो इन्द्रिया सही सलामत है, इसलिए जो मिला है वो बहुत कुछ है सब कुछ की तलाश में मत भटको। विज्ञान कहता है सुख आएगा, मानव कहता है सुख तो पहले था, लेकिन धर्म कहता है सुख आज में है, किसी को धर्म करने की प्रेरणा दो तो कुछ लोग कहते है की अभी तो मरने की भी फुर्सत नहीं है, अगर उसी व्यक्ति का एक्सीडेंट हो जाये हाथ पैर की हड्डिया टूट जाये और डॉक्टर छः महीने का बेड रेस्ट बोल दे, तब क्या करोगे, तब भगवान को याद करोगे , इसीलिए कहते है की दुःख में सुमिरन सब करे सुख में करे न कोई, समय के साथ चलना है तो धर्म आराधना करो, नहीं तो प्रकृति चोटी पकड़ कर धर्म करवा लेगी, समय रहते धर्म कर लिया तो अंतिम समय संथारेसहित शांति पूर्वक निकलेगा नहीं तो अंतिम समय में हॉस्पिटल में यहाँ नली, वहाँ नली, हाय हाय करते करते बड़ी मुश्किल से प्राण निकलने वाले है।

श्रीसंघ मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने बताया की चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 प्रार्थना, 9 से 10 प्रवचन, 10.30 से 11 जिन विजन दोपहर 3 से 4 ज्ञान शिविर (तत्व टॉक) एवं बच्चो को लिए गुरु गणेश आराधना माल, छोटे बच्चों के लिए शिशु दर्शन योजना आदि कई धार्मिक आयोजन नियमित रखे गए है। महासतिया जी का आव्हान है की अधिक से अधिक संख्या में सामायिक, प्रतिक्रमण, धार्मिक पाठ्यक्रम सीखने का प्रयास करे।

# गुरुपीठ निनोरा धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

पिपलिया मंडी के समीप कनघट्टी सड़क मार्ग पर निनोरा खोखरा के मध्य स्थित गुरुपीठ निनोरा धाम पर परम पूज्य गुरुदेव, राष्ट्रीय संत डॉ. पं. श्री मिथिलेश जी नागर "भागवत भास्कर" के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकाल भगवान शिव का महाअभिषेक संपन्न हुआ। इसके पश्चात गुरु चरण (गादी) पूजन, आरती एवं गुरुदेव के प्रेरणादायी आशीर्वचन हुए। मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल एवं कर्नाटक से पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों का पूजन कर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उत्साहपूर्वक



सहभागिता की। महामहोत्सव के उपरांत विशाल महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, पिपलिया मंडल अध्यक्ष श्री राकेश गोयल, निनोरा रावले ठाकुर भारत सिंह शक्तावत, निनोरा सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शक्तावत, नागर ब्राह्मण जिला अध्यक्ष पंडित बाबूलाल नागर ,गोपाल पलौड (भीलवाड़ा) गोपाल बाहेती (चित्तौड़गढ़) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

# बिंद योजना से दूरदर्शन और आकाशवाणी का होगा आधुनिकीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने बताया कि दूरदर्शन और आकाशवाणी के तकनीकी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सरकार के अनुसार प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास योजना वर्ष 2021-26 के लिए 2539.61 करोड़ रुपये के बजट के साथ स्वीकृत की गई है, जिसकी अवधि बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी की प्रसारण व्यवस्था का विकास तथा तकनीकी उन्नयन करना है। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अधिकांश दूरदर्शन स्टूडियो का डिजिटलीकरण कर उन्हें स्वचालित प्ले-आउट सिस्टम से लैस किया गया है, वहीं



125 से अधिक आकाशवाणी केंद्रों पर ई-गवर्नेंस व्यवस्था लागू की जा चुकी है। प्रसारण की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय चौनलों को एचडी प्रारूप में अपग्रेड किया गया है व आधुनिक तकनीक स्थापित की गई है। नेटवर्क विस्तार के तहत 100 से अधिक नए एफएम ट्रांसमीटर चालू किए गए हैं और भविष्य में 82 नए एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना तथा 126 मौजूदा ट्रांसमीटरों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस आधुनिकीकरण से दूरस्थ क्षेत्रों तक सूचना और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित होगी।



# घोडारोज को पकड़ कर गांधीसागर अभ्यारण्य में छोड़ा जाए-श्री शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़

क्षेत्र में लाखों की संख्या में घोडारोज (रोजड़े) किसानों की फसलों को रौंद कर उसे चौपट कर भारी नुकसान कर रहे है।इधर अच्छी व तेज बारिश के अभाव में सोयाबीन सहित अन्य फसलों पर इल्लियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है यह पत्तो को छलनी कर रही है।

उक्त बात जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता बाबुखा मेवाती ने गुरुवार को खेतों में जाकर किसानों से चर्चा की।

किसान पवन पाटीदार बालागुड़ा ने बताया कि पहले बारिश थोड़ी अच्छी हुई तो हमने बोवनी कर दी थी फिर पानी की लंबी खेंच से बीज अंकुरित नही हुवा तो हमने दोबारा बोवनी करी ओर कई किसानों तो तीसरी बार भी बुआई की जिस पर काफी पैसा खर्च हुवा।किसान दिलीप गुप्ता ने बताया कि मैने तीन बीघा में सोयाबीन बोई जिसपर इल्लियों का प्रकोप बढ़ता जारहा है महंगी दवाइयां भी इल्लियों के प्रकोप को नही रोक पा रही है।

# श्रावण माह के दौरान उज्जैन स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन योजना लागू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा श्रावण मास एवं सावन महोत्सव के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा तथा सुरक्षित एवं सुचारु यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उज्जैन रेलवे स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन योजना लागू की गई है। पश्चिम रेलवे रतलाम मण?डल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार

द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवधि में विभिन्न तिथियों पर प्रतिदिन लगभग 80 से अधिक यात्रियों के स्टेशन पर आने का अनुमान है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 4 अतिरिक्त यूटीएस टिकट काउंटर संचालित किए जाएंगे। प्रवेश एवं निकास व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने हेतु 6 अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 50 अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल तथा 30 अतिरिक्त जीआरपी कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इंदौर से खड़की, मुंबई सेंट्रल, निजामुद्दीन, पटना के मध्य चलने वाली पांच स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी पुनः विस्तारित किए गए हैं जिसका लाभ श्रवण माह में उज्जैन आने वाले यात्रियों को भी मिलेगा। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आवश्यकता अनुसार उज्जैनझ्रभोपालझ्रउज्जैन के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए उज्जैन स्टेशन पर एक अतिरिक्त इमरजेंसी रेक उपलब्ध रखा गया है। स्टेशन परिसर में भीड़ नियंत्रण के लिए वर्तमान पार्किंग क्षेत्र को क्राउड होल्डिंग एरिया के रूप में उपयोग किया जाएगा।

### बाजना एवं शिवगढ़ क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**रतलाम।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में औषधि निरीक्षक श्री बलराम चौधरी द्वारा लगातार मेडिकल स्टोर्स के औचक निरीक्षण किये जा रहे है। मंगलवार को सैलाना स्थित पाटीदार मेडिकल, अंबिका मेडिकल, पटेल मेडिकल एवं हैदरी मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया था, उसी तारतम्य में आज बाजना एवं शिवगढ़ क्षेत्र में औषधि निरीक्षक श्री बलराम चौधरी द्वारा औचक निरीक्षण किये गए। बाजना में त्रिवेणी मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल एवं भवानी मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए एवं त्रिवेणी मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल पर नारकोटिक्स औषधि लोपेज इंजेक्शन उपलब्ध पाए गए जिनके क्रय विक्रय संबंधी अभिलेख 2 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करें

**रतलाम।** नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के उद्देश्य से कलेक्टर भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र कुमार रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्री रावत ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

उन्होंने संयुक्त टीमों का गठन कर नियमित जांच एवं रोड पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने तथा स्कूल, कॉलेज एवं छात्रावासों के आसपास नशीली दवाओं की बिक्री पर विशेष निगरानी रखने को कहा। औषधि निरीक्षक को लगातार जांच एवं वैधानिक कार्रवाई तथा जिला शिक्षा अधिकारी को शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

# नाकाबंदी के दौरान कार से 193 किलो से अधिक डोडाचूरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस ने 193 किलो 920 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दीपाखेड़ा आम रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगी, जिसे मुस्तैद टीम ने तत्परता से रोक लिया। कार चालक राहुल डांगी निवासी ग्राम सगोर (सीतामऊ) को गिरफ्तार किया गया। कार की तलाशी लेने पर ६ प्लास्टिक के कट्टों में भरा 193.920 किलोग्राम डोडाचूरा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 3.87 लाख रुपये है। पुलिस ने मादक पदार्थ और लगभग 5 लाख रुपये मूल्य की कार को जब्त किया।

# सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में गुरु पूर्णिमा पर्व दो चरणों में सउल्लास मनाया गया। प्रथम चरण में प्रातः 9.30 से 10.30 बजे तक एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा कालानी के साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने भाग लिया।

ध्यान देने वाली बात है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु दीक्षा और यज्ञ का युग्म है। यह यज्ञ श्रीमती कांति अविनाश के द्वारा करवाया गया। द्वितीय चरण में दोपहर 1 बजे रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वति पूजन वंदन से हुई। गुरु पूर्णिमा



पर्व पर गुरुजनों के सम्मान कार्यक्रम में हमारे वरिष्ठ गुरुजनों महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर. एस. वर्मा सर एवं पूर्व प्राचार्या डॉ. मीना हरित मैडम का महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा कालानी, विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ पेंसिया, वाणिज्य संकाय प्रमुख डॉ जायसवाल, कला संकाय प्रमुख डॉ. बीना चौधरी तथा अन्य प्राध्यापकों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ आर एस वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए गुरु पूर्णिमा पर्व के आयोजन की परंपरा महाभारत और वेदों के भाष्यकर्ता कृष्ण द्वैपायन व्यास, भगवान बुद्ध और महावीर स्वामी के प्रथम धर्म चक्र प्रवर्तन से संबंधित है। उन्होंने छात्राओं को जीवन जीने और आगे बढ़ने के सूत्र बताएं। छात्राओं से कहा कि अपने प्रथम गुरु माता-पिता को नित्य प्रातः तथा शयन पूर्व प्रणाम करें। उनकी आज्ञाओं का अनुशरण करें। डॉ. मीना हरित ने अपने महाविद्यालयीन जीवन के अनुभवों से सभी को अवगत करा कर परिश्रमी जीवन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं अक्षिता, पूजा, संजू, गहना आदि ने गुरु पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कालानी ने विशिष्ट अतिथियों का श्रीफल शाल के साथ तुलसी पौधे देकर सम्मानित किया तथा विशिष्ट अतिथियों के माध्यम से महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों को तुलसी पौधे देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज कालम



### सृजन महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर हुआ एक वृक्ष गुरु के नाम कार्यक्रम

**रतलाम।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सृजन महाविद्यालय में च्एक वृक्ष गुरु के नामज् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण एवं मानवीय दायित्वों के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम संस्था के चेयरमैन एवं सृजन भारत के संयोजक अनिल झालानी के मार्गदर्शन एवं संदेश के अनुरूप आयोजित किया गया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना ही समर्पण नहीं है, बल्कि उसका पालन-पोषण और संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। जब तक लगाए गए पौधे वृक्ष का स्वरूप नहीं ले लेते, तब तक उनकी निरंतर देखभाल करना ही प्रकृति के प्रति हमारी सच्ची सेवा है। संस्था के समन्वयक निसर्ग दुबे ने कहा कि गुरुपूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उस दिव्य ऊर्जा, ज्ञान और प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिसके मार्गदर्शन से हमारे जीवन को दिशा, ओज और संस्कार प्राप्त होते हैं।

### कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों का जाना हाल व विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**मंदसौर।** मंदसौर के नवागत कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने गुरुवार को सीतामऊ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र, एसडीएम कार्यालय, नटनागर शोध संस्थान, निमार्णाधीन जनपद पंचायत भवन, गौशाला और वाटरशेड क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन और एसडीएम शिवानी गर्ग भी मौजूद रहे।एनआरसी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उनसे और उनकी माताओं से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने केंद्र प्रभारी को समय पर पोषण आहार व दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और शासकीय योजनाओं की प्रगति जानी। दौरे के क्रम में कलेक्टर ने नटनागर शोध संस्थान की लाइब्रेरी देखी, ग्राम कल्याणपुर की गौशाला की अनुदान व्यवस्थाओं को समझा और भगोर के वाटरशेड क्षेत्र में चेक डैम का निरीक्षण करते हुए पौधरोपण भी किया।

### मंदसौर मेडिकल कॉलेज में गुरु-शिष्य परंपरा व संस्कारों को अपनाने का संदेश



**मंदसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने की। समारोह का शुभारंभ महर्षि सांदीपनि एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भावी चिकित्सकों से जीवन में अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ईशांत चौरसिया ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के मेडिकल छात्रों ने गुरु वंदना, काव्य पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नरेंद्र अग्रवाल को मानवता मिशन ट्रस्ट का अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त



**मंदसौर।** गुरु पूर्णिमा पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूज्य आचार्य श्री रामानुज ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक आवश्यकता सकारात्मक और संतुलित मन की है। जीवन में सफलता केवल संकल्पों से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और गुरु कृपा से प्राप्त होती है। उन्होंने उपनिषदों का संदर्भ देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में माता, कुलगुरु और शिक्षक सहित सात प्रकार के गुरु आते हैं, जिनका सम्मान करने से ही जीवन की सही दिशा निर्धारित होती है। कार्यक्रम के दौरान श्री हरिकथा आयोजन समिति द्वारा वर्ष 2025 की श्रीराम कथा का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही नरेंद्र अग्रवाल को मानवता मिशन ट्रस्ट का अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समारोह में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, मानस मर्मज्ञ पं. दशरथ भाईजी और विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आचार्य श्री का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार लोकेश पालीवाल ने किया और आभार सचिव सुरेश सोमानी ने व्यक्त किया।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं को किया सम्मानित

**खाचरोद।** गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडावलिया ने शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद में जाकर वहां के प्राध्यापक को सम्मानित किया श्री मंडावलिया ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि गुरु पूर्णिमा का यह पावन अवसर हमें अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है। यह दिन ज्ञान, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक और हमारे जीवन को गढ़ने वाले शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए समर्पित है। आप भी जितना सम्मान अपने माता-पिता को देते हैं इतना सम्मान हमें गुरुजन को भी देना चाहिए।

## हरे भरे पेड़ों को दिन दहाड़े काटा जा रहा

**राजगढ़।** जब पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में जुटा है, तब राजगढ़ जिले में हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। ग्राम खानोटा से कई हरे-भरे पेड़ काट कर जमीन पर डाल दिए गए हैं। पेड़ों के तने अभी भी हरे हैं जिससे साफ है कि कटाई अभी-अभी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये कटाई सरकारी, सार्वजनिक जमीन पर बिना अनुमति के की गई है। पर्यावरण प्रेमियों ने उक्त राजगढ़ और कलेक्टर से मांग की है कि मामले में तुरंत जांच कर दोषियों पर वन संरक्षण अधिनियम तहत कड़ी कार्रवाई की जाए और कटी हुई लकड़ी जब्त की जाए। जब सरकार एक तरफ पेड़ लगाने पर करोड़ों खर्च कर रही है, दूसरी तरफ इस तरह कटाई से हरित मध्य प्रदेश का सपना चकनाचूर हो रहा है।

## बिजली कटौती से परेशान लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** बारिश के मौसम में लोड शेडिंग के नाम पर लगातार बिजली कटौती से आम जनता परेशान है, इस को लेकर युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शिव दांगी बारवा के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल एवं ग्राम के युवा साथियों ने मलावर डीसी के सुपर वाइजर को ज्ञापन सौंपा, जिसमे कहा गया कि गर्मी में पानी की कमी बताकर कटौती की जाती थी, अब पर्याप्त पानी और बिजली होने के बाद भी रात रातभर बिजली कटौती की जा रही, इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही, अंधेरे के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही हैं।

## ट्रक में भरे मवेशियों सहित 4 आरोपियों पर कार्यवाही

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी पुलिस थाना अंतर्गत दो ट्रैकों में करीब 120 नग छोटी बड़ी भैंस को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जा रहे चार आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा, मिली जानकारी के अनुसार दो ट्रैकों में 120 नग भैंसों को क्रूरता पूर्वक भरकर विदिशा लटेरी से राजस्थान की ओर ले जाया जा रहा था तभी पुलिस ने दोनों ट्रको मे भारी 120 भैंस को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया तथा दोनों ट्रक में सवार चार आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम 11 ध के अंतर्गत मुकदमा दर्जकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कालवा बालाजी मंदिर में नए टिन शेड का आज लोकार्पण

**सुसनेर।** नगर के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री कालवा बालाजी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विधायक भेरो सिंह बापू की पहल पर 7 लाख 5 हजार रुपये की लागत से निर्मित किए जा रहे नए टिन शेड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। 31 जुलाई को विधायक भेरो सिंह बापू के जन्मदिवस के अवसर पर इस टिन शेड का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री कालवा बालाजी मंदिर सुसनेर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विशेष रूप से मंगलवार को आयोजित होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध गतिविधियों का हुआ सफल आयोजन

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनी गुरु पूर्णिमा, मंदिरों व आश्रमों में गुरु भक्ति के लिए उमड़े श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरु को भारतीय संस्कृति में ज्ञान, संस्कार और जीवन का मार्गदर्शक माना जाता है। इसी परंपरा के निर्वाहन में नगर के विभिन्न मंदिरों, आश्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरुजनों का पूजन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर के प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में भगवान हनुमान का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। यहां संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर शामिल हुए। पूरे दिन मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं साईं मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही। शाम को महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। इधर संत आशाराम बापू आश्रम में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात गुरु चरण पादुका पूजन, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा का गुणगान करते हुए आध्यात्मिक वातावरण में गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दिनभर नगर का धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना रहा। विभिन्न मंदिरों और आश्रमों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि सांदीपनी गुरु पर्व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ अभिनंदन कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को साकार किया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. सोलंकी, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम राठौर, डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. धीरज कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रारंभ में प्रो. धीरज कुमार शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से वर्षभर आयोजित होने वाले शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

**खाचरोद**

संदीपनी उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खाचरोद में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा तथा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गुरुदत्त जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व, स्वच्छता, अनुशासन, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। इसी प्रकार राजेंद्र सूरी पोषधशाला में आयोजित धर्मसभा में परम पूज्य साध्वी शाश्वत प्रिया श्रीजी महाराज साहब ने गुरु की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के उपकारों का ऋण कोई भी शिष्य कभी नहीं चुका सकता। गुरु का आशीर्वाद जिस पर होता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है और उसे भवसागर से पार होने का मार्ग प्राप्त होता है। साध्वीश्री ने अपने मंगलमय प्रवचन में कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को धर्म, संयम और आत्मकल्याण की दिशा प्रदान करते हैं।

बड़नगर सांदीपनि विद्यालय में

## गुरु पूर्णिमा पौधारोपण के साथ संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में अभय टोंग्या, उमराव सिंह, अजब सिंह देवड़ा, नवीन राठौड़, आदित्य राणावत, धीरेंद्र पाराशर, रूपाली जैन तथा राहुल विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण चित्रण किया।

मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं अनुशासन का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्णदास बैरागी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए एवं विद्यालयीन गतिविधियों के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसरपर विद्यालय के पूर्व प्राचार्यों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कर्मचारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कोटा से 145 कि मी प्रति घंटा की

## रफ्तार से महिदपुर रोड आई पहली वंदे भारत सुपरफास्ट पार्सल ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

पश्चिम मध्य रेल्वे के कोटा मंडल के लिये 29 जुलाई बुधवार का दिन एक बार फिर उपलब्धि भर रहा एकीकृत कोच फैक्ट्री चेन्नई से बनी देश की पहली वंदे भारत सुपरफास्ट पार्सल ट्रेन 135 किलो मीटर प्रति घंटा की स्पीड से कोटा से रवाना होकर महिदपुर रोड तक आई कोटा मंडल से इस वंदे भारत सुपरफास्ट पार्सल ट्रेन को इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस ट्रेन को महिदपुर रोड के लिये रवाना किया।

इस ट्रेन का यह विशेष ट्रायल सुबह 6 बजे कोटा से महिदपुर रोड के लिये रवाना किया गया कोटा महिदपुर रोड खंड पर120 किलोमीटर प्रति घंटा की रिकॉर्ड गति से तथा महिदपुर रोड से भवानी मंडी खंड में 120 से 135 किलोमीटर प्रति घंटा की गति रिकॉर्ड से इसका परीक्षण किया गया महिदपुर रोड आने के बाद यह स्पेशल ट्रायल वंदे भारत सुपरफास्ट पार्सल ट्रेन कोटा वापसी के लिये 145 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति से रफ्तार से चली जो इस ट्रायल श्रृंखला के प्रथम दिन की सर्वोच्च गति रही इस पहली वंदे भारत सुपरफास्ट पार्सल ट्रेन में कई नई तकनीकों का प्रयोग किया गया है।

सावन के प्रथम दिन से भक्ति का संगम शुरू

## श्री राम जानकी मंदिर में गूंजे भजन-कीर्तन के स्वर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

श्रावण मास के प्रथम दिन बुधवार को नगर के बैंक चौराहा स्थित श्री राम जानकी मंदिर में महिला मंडल के तत्वाधान में पूरे सावन माह तक चलने वाले दैनिक भजन-कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ हुआ। सुबह से ही मंदिर को रंग-बिरंगी फूलमालाओं, आकर्षक सजावट और विद्युत रोशनी से सजाया गया। भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमानजी, शिवलिंग का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं महाआरती की गई। प्रथम दिवस से ही मंदिर परिसर में भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शाम 4 बजे से महिला मंडल की सदस्यों ने सामूहिक भजन-कीर्तन की शुरुआत की। मधुर भजनों और प्रभु के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। महिलाओं ने एक स्वर में प्रभु श्रीराम की आराधना करते हुए सुख, शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना की। भजन-कीर्तन में नगर की बड़ी संख्या में माताएं, बहनें शामिल हुईं। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भजनों में सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से सराबोर हो गया।

आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पूरे श्रावण मास तक प्रतिदिन शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक दिन भगवान का विशेष श्रृंगार, पूजन, आरती और सामूहिक भजन-कीर्तन होगा। सावन माह को भगवान शिव की भक्ति का विशेष समय माना जाता है।

## भण्डावद एवं सोनखेड़ाकलां की राशन दुकानों में अनियमितता

**भावरा-राजगढ़**

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर-जीरापुर के मार्गदर्शन में विपणन सहकारी संस्था मर्यादित जीरापुर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान भण्डावद कोड क्रमांक 3201007 के विक्रेता एवं प्रबंधक द्वारा अनियमितता की जाँच श्रीमति स्वाति वाईकर एवं श्रीमती हुमा हुजूर सहायक आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान सोनखेड़ाकलां दुकान कोड 3202053 की जाँच श्रीमति वाईकर, सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं राजेश जाटव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई। जाँच में पाया गया कि अनियमितता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली 2015 के प्रावधानों के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर-जीरापुर प्रेषित किया गया है।



## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान, गुरु-शिष्य परंपरा का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

शासकीय हाई स्कूल खारपा में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने अपने गुरुदेव शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा और गुरु के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीपीसी विक्रम सिंह राठौड़, सरपंच प्रतिनिधि रामविलास किराड़, दिलीप सिंह, रमेशचंद्र हिंडोनिया, अशोक शर्मा एवं अशोक सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने की।

संबोधन में अतिथियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन के सही मार्ग का भी बोध कराते हैं। गुरु के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी श्रेष्ठ नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट में गुरु पूर्णिमा महोत्सव वैदिक परंपरा के साथ महोत्सव

# पंचकुण्डीय महायज्ञ में आहूतियाँ अर्पित कर वैदिक संस्कार कराये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, नागदा जंक्शन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव वैदिक परंपराओं के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार एवं गुरु वंदना के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रातः 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता पवन बिल्लौरे एवं सुनील प्रजापत के आचार्यत्व में पंचकुण्डीय वैदिक यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ में लगभग 25 जोड़ों ने वैदिक रीति से आहुतियां अर्पित कीं, जबकि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

महोत्सव के दौरान विद्यारंभ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, पुंसवन संस्कार सहित अनेक वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। संस्कारों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं सनातन परंपराओं को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से गायत्री महिमा, गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक महत्व एवं गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सामूहिक आराधना में सहभागिता की। इस अवसर पर मंच से युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणादायी जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण एवं युग परिवर्तन के संकल्प तथा शांतिकुंज, हरिद्वार की स्थापना, सेवा, संस्कार एवं आध्यात्मिक जागरण के इतिहास पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने सहभागिता कर यज्ञ में आहुति अर्पित की तथा ट्रस्ट के श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव का उद्देश्य गुरु के प्रति श्रद्धा जागृत करना

गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, नागदा के मुख्य ट्रस्टी तेजबहादुर शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव का उद्देश्य गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा जागृत करना, वैदिक संस्कारों का प्रसार करना तथा समाज में आध्यात्मिक एवं नैतिक चेतना का विस्तार करना है। पूर्व संध्या पर दीप यज्ञ वह अखंड जाप किया गया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



## शासकीय हाई-स्कूल चाटा में हर्षोल्लास से मना गुरु पूर्णिमा पर महर्षि सांदीपनी गुरुपर्व

**ब्यावरा।** समीपस्थ ग्राम चाटा के शासकीय हाईस्कूल में गुरुपूर्णिमा का पर्व महर्षि सांदीपनी गुरुपर्व के रूप में हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने संस्था में पदस्थ समस्त स्टाफ सदस्यों का कलम भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य के.एल.जाटव ने गुरुपर्व का महत्व बताते हुए जीवन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। संचालन शिक्षक संजय सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक के.पी.शाक्यवार, श्रीमती मनीषा सक्सेना, नरेंद्र कुमार, संजेश कुमार मारु, कु.गरिमा शर्मा, सुरेश वर्मा, भूपेंद्र रघुवंशी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## श्री खेड़ापति हनुमान मठ में नवीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न



**सुसनेर।** नगर के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर परिसर में बुधवार को नवीन निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। धार्मिक वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित गोविंद शर्मा ने पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास समाज की आस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी माध्यम है। मंदिर परिसर में होने वाले नए निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## शांतिदेवी पलोड़ एवं गायक मुकेश की स्मृति में एक शाम संगीत के नाम कार्यक्रम



**तराना।** माहेश्वरी भवन में स्वर्गीय शांति देवी पलोड़ की तथा स्वर्गीय गायक मुकेश की स्मृति में एक शाम सगीत के नाम कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गणेश वंदना मुस्कान एवं अर्पि पलोड़ द्वारा प्रस्तुत किया गया धार्मिक गीत संगीता लाहोटी द्वारा प्रस्तुत किया गया वहीं वरिष्ठ समाजसेवी बलराम जाजू एवं माहेश्वरी समाज अध्यक्ष दिलीप डोडिया द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 53 गीतों की प्रस्तुति की गई। तराना के गायक डॉ अनिल पलोड़, ताज मोहम्मद, साकेत बसल महेश खत्री,आयुषि परिहार, दिनेश सोमानी अशोक ठाकुर सुनीता पलोड़ द्वारकाधीश पलोड आदि अपनी प्रस्तुति दी गई। उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल पलोड़ के द्वारा दी गई है।

## नगर भाजपा मंडल ने नवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदों का किया स्वागत-सम्मान



**खाचरौद।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल खाचरौद द्वारा सुनहरीया बाग में नगर पालिका परिषद के शासन द्वारा नवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदों के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने की इस अवसर पर नवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों ने उनके सार्वजनिक जीवन के अनुभवों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन एवं अनुभव से नगर के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार नगरों के समग्र विकास एवं जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा प्रत्येक नागरिक तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## कुएं में गिरा तंदूआ रेस्क्यू कर निकाला

**भौरासा।** नगर थाना अंतर्गत आज ग्राम सादी खेड़ा में किसान समंदर सिंह मालवीय के खेत में बने कुएं में अचानक जंगल से आकर तेंदुआ गिर गया। किसान जब खेत पर गया से अपने घर की ओर जाने लगा तो तेंदुए की दहाड़ने की आवाज सुन जब कुएं में देखा तो उसमें तेंदुआ मिला इसकी सूचना किसान ने तुरंत पुलिस को दी जिस पर तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए फॉरेस्ट टीम एवं भौरासा पुलिस विभाग की टीम एवं गांव वालों के सहयोग तेंदुए को खाट पर बिठाकर टेक्टर की मदद से निकाला गया जिसे निकलते ही जंगल की ओर भाग गया।

# फिल्म रामायण का ट्रेलर रिलीज

## ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में लॉन्च, दिवाली 2026 पर रिलीज होगा पहला पार्ट



नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर आज रिलीज हो गया। मेकर्स ने इसे 30 जुलाई सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनिया भर में लॉन्च किया। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया। 'रामायण' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'यह सिर्फ ट्रेलर नहीं, पीढ़ियों से जुड़ी एक भावना है।'

इससे पहले फिल्म के निमार्ता नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी थी कि हिंदू परंपरा में सुबह 4 से 5 बजे के बीच का समय ब्रह्म मुहूर्त माना जाता है, जिसे किसी भी नए और शुभ कार्य की शुरूआत के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। इसी मान्यता को ध्यान में रखते हुए मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज का समय चुना। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। 1987 के टीवी शो रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का कुल बजट लगभग 4,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है।

### रणबीर कपूर बने हैं भगवान राम, यश निभा रहे रावण का रोल

फिल्म 'रामायण' में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका में हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। साउथ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के रोल में दिखेंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान की भूमिका में हैं, जबकि रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय और कुणाल कपूर भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।

### एआर रहमान और हैंस जिमर दे रहे म्यूजिक

फिल्म के संगीत को लेकर भी काफी समय से चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म में दो दिग्गज म्यूजिशियन एआर रहमान और ऑस्कर विजेता हैंस जिमर पहली बार एक साथ मिलकर बैकग्राउंड स्कोर और संगीत तैयार कर रहे हैं।

### 4000 करोड़ के बजट में बन रही देश की सबसे महंगी फिल्म

'दंगल' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके डायरेक्टर नितेश तिवारी पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो भागों में बनने वाली इस फिल्म का कुल बजट 4000 करोड़ रुपए के करीब है, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म बनाता है। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की जिम्मेदारी ऑस्कर विनिंग कंपनी DNEG संभाल रही है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है

### एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना बनीं मां, शादी के 4 साल बाद गुरु पूर्णिमा पर बेटे को जन्म दिया



अभिनेत्री करिश्मा तन्ना और उनके पति वरुण बंगेरा माता-पिता बन गए हैं। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन करिश्मा ने बेटे को जन्म दिया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात शिशु के पैर की मोनोक्रोम फोटो शेयर करके यह जानकारी दी।

करिश्मा और वरुण ने अपने संयुक्त बयान में इस बच्चे को जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद बताया है। इस जानकारी के सामने आने के बाद फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के सितारों के साथ फैंस भी इस कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं। करिश्मा और वरुण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक संयुक्त पोस्ट में बच्चे के आगमन का ऐलान किया। शेयर की गई फोटो में बच्चे के पैर में एक टैग लगा नजर आ रहा है, जिस पर लिखा है 'ही इज हियर' (वह आ गया है)। फोटो के साथ पोस्ट में लिखा था, ₹यह एक लड़का है! करिश्मा और वरुण। हमारा सबसे बड़ा आशीर्वाद, 29 जुलाई 2026।₹ इसके साथ ही कैप्शन में करिश्मा ने लिखा, ₹गुरु पूर्णिमा के पवित्र दिन जन्म हुआ... हमारा सबसे बड़ा आशीर्वाद यहां है। हमारी दुनिया में स्वागत है छोटे बच्चे।₹

सोशल मीडिया पर करिश्मा और वरुण की इस पोस्ट के बाद बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और अभिनेत्री स्मृति ईरानी ने कमेंट में लिखा, ₹हार्दिक बधाई, भगवान भला करे।₹ वहीं एक्टर सोनू सूद, खुशी कपूर, वामिका गब्बी, नेहा धूपिया, सोनल चौहान और कॉमेडियन कीकू शारदा ने

### नैनो न्यूज

- ट्रैक साइक्लिंग में भारत का अभियान शुरू– कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय साइक्लिस्ट पहली बार ट्रैक पर उतरेंगे। टीम बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ मैदान में।
- पारुल चौधरी 5000 मीटर फाइनल में–भारतीय धाविका पारुल चौधरी आज 5000 मीटर दौड़ के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।
- भारतीय हॉकी टीम की नई जर्सी चर्चा का विषय– नीली जर्सी की जगह केसरिया जर्सी अपनाने के फैसले पर खेल जगत में बहस तेज हो गई है।
- कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की पदक उम्मीदें बरकरार– एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग और अन्य स्पधाओं में भारतीय खिलाड़ियों से आज कई पदकों की उम्मीद जताई जा रही है।
- स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर एक्सपो–2026 का आगाज– नई दिल्ली में स्पोर्ट्स फिटनेस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर एक्सपो–2026 शुरू हुआ, जिसमें खेल उद्योग से जुड़े कई बड़े संस्थान और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।
- भारत की नजर पदक तालिका में बेहतर स्थान पर– कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन भारतीय दल का लक्ष्य अधिक से अधिक पदक जीतकर तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना है।




## सलमान की शो 'अलायंस' में एंट्री होगी

सलमान खान बुधवार को रियलिटी शो 'अलायंस' के सेट पर पहुंचे। यहां वह अपने भाई सोहेल खान को सपोर्ट करने आए थे। सोहेल खान की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शो में शामिल हुई थीं। हालांकि, हाल ही में वह शो से बाहर हो गईं। सीमा के एलिमिनेट होने के बाद सोहेल भावुक नजर आए थे। अब सलमान शो में गेस्ट के रूप में दिखाई देंगे। सेट पर जाने से पहले सलमान ने पैपराजी के लिए भी पोज दिए। इस दौरान उनका ऑल-डेनिम लुक और काउबॉय हैट लोगों का ध्यान खींचता नजर आया। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही फिल्म 'मातृभूमिः मे रेस्ट इन पीस' में दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है।

बता दें कि रियलिटी गेम शो 'अलायंस' में जब सीमा की एंट्री हुई, तब सोहेल ने उनकी तारीफ की थी। उस दौरान होस्ट कुणाल खेमू ने सोहेल से सीमा को लेकर सवाल किया था, जिस पर उन्होंने अपनी शादी और रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। कुणाल खेमू ने पूछा था कि सीमा को शो में देखकर उन्हें कैसा लग रहा है। इस पर सोहेल खान ने कहा था कि उन्होंने सीमा के साथ अपनी जिंदगी के 25 साल बिताए हैं। उन्होंने सीमा को एक खूबसूरत और अच्छे दिल वाली महिला बताया। सोहेल ने यह भी कहा था कि अगर उनके रिश्ते में कभी कोई गलती हुई होगी, तो वह उनकी तरफ से हुई होगी।

सोहेल और सीमा की पहली मुलाकात चंकी पांडे की सगाई की पार्टी में हुई थी। सोहेल पहली नजर में ही सीमा को दिल दे बैठे। जल्द ही दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। लेकिन अलग-अलग धर्म होने की वजह से सीमा का परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था। परिवार के विरोध के बावजूद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया। 15 मार्च 1998 को, जिस दिन सोहेल की पहली डायरेक्टेड फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' रिलीज हुई, उसी दिन दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली।

# Sport

### मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार भी टीम में

## वैभव दलीप ट्रॉफी मे ईस्ट जोन के उप-कप्तान बने, ईशान किशन को कप्तानी





एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2026-27 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। ईशान किशन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को उप-कप्तान बनाया गया है।

टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। वहीं, चोट के कारण रियान पराग और आकाश दीप का चयन नहीं हुआ। दलीप ट्रॉफी 23 अगस्त से खेली जाएगी। वैभव सूर्यवंशी ने इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था। इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे पर तीसरे टी-20 में 49 गेंदों पर 81 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और पूरी सीरीज में 181 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

इससे पहले इसी साल जिम्बाब्वे में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन बनाकर भारत को चैंपियन बनाया था। कम उम्र में ही वैभव ने बड़े मुकाबलों में खुद को साबित किया है। क्ढछ 2026 के एलिमिनेटर में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 97 रन और क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 96 रन की अहम पारियां खेलीं। पिछले महीने श्रीलंका में इंडिया-ए की ओर से ट्राई सीरीज के फाइनल में भी उन्होंने 94 रन बनाए थे।

वैभव ने अब तक आठ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। इसमें 17.25 की औसत से 207 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 93 रन है। उन्होंने अपना पिछला फर्स्ट क्लास मुकाबला पिछले साल बिहार की ओर से मेघालय के खिलाफ रणजी प्लेट लीग में खेला था।

## रायन टेन डोशेट बने केकेआर के हेड ऑफ क्रिकेट स्ट्रैटेजी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने नीदरलैंड्स के पूर्व क्रिकेटर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व असिस्टेंट कोच रायन टेन डोशेट को हेड ऑफ क्रिकेट स्ट्रैटेजी नियुक्त किया है।

मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट में खबर आई थी कि रायन टेन डोशेट का टीम इंडिया के साथ कार्यकाल खत्म हो गया है। इसके बाद टेन डोशेट और फील्डिंग कोच टी दिलीप का राष्ट्रीय टीम के साथ सफर समाप्त हो गया। अब टेन डोशेट ङ्ख्रफ ग्रुप की ग्लोबल फ्रेंचाइजियों की क्रिकेट रणनीति और टैलेंट स्काउटिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। नई भूमिका में टेन डोशेट ङ्ख्रफग्रुप की दुनिया भर में मौजूद सभी टीमों के रणनीतिक फैसलों की निगरानी करेंगे। वे खिलाड़ियों की स्काउटिंग, रिक्रूटमेंट, स्क्वॉड प्लानिंग और प्रदर्शन के मूल्यांकन पर काम करेंगे।

साथ ही सभी फ्रेंचाइजियों में एक जैसी क्रिकेट फिलॉसफी और एप्रोच विकसित करने के लिए कोचिंग स्टाफ के साथ समन्वय बनाएंगे।

केकेआर की ओर से जारी बयान में टेन डोशेट ने कहा,'हमारी ग्लोबल फ्रेंचाइजियों की कोचिंग और एनालिटिक्स टीमों के साथ काम करने का यह शानदार अवसर है। इससे स्काउटिंग और प्लेयर डेवलपमेंट सिस्टम को और मजबूत करने के साथ लंबी अवधि की क्रिकेट रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।'

नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, ह्यरायन हमारी क्रिकेट फिलॉसफी को अच्छी तरह समझते हैं। फ्रेंचाइजी और इंटरनेशनल क्रिकेट का उनका अनुभव उन्हें इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त बनाता है।

## एचएस प्रणय ने ताइपे ओपन में जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ताइपे ओपन में शानदार शुरूआत की है। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने बुधवार को जापान के मिनोरू कोगा को 21-11, 21-14 से मात दी। यह मुकाबला 35 मिनट तक चला। अगले दौर में प्रणय का मुकाबला भारत के मिथुन मंजूनाथ और हॉन्ग-कॉन्ग के जेसन गुनावन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। प्रणय फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में 36वें स्थान पर हैं। वे पूर्व में वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत चुके हैं। ताइपे आने से पहले इस साल वे केवल तीन बार ही पहले दौर से आगे बढ़ पाए थे।

## लिटन दास बांग्लादेश वनडे टीम के नए कप्तान बने

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश ने लिटन दास को वनडे टीम का नया कप्तान बनाया है। बांग्लादेश क्रिकेट ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसका ऐलान किया। बोर्ड ने लिटन की तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें कप्तान बनने पर बधाई दी। बोर्ड का यह फैसला 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों का हिस्सा है। लिटन दास इससे पहले 7 वनडे मैचों में टीम की कमान संभाल चुके हैं। उनकी कप्तानी में 2022 में बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीती थी। उन्होंने 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ दो वनडे और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी दो मैचों में टीम की कमान संभाली थी। लिटन से मेहदी हसन मिराज टीम के कप्तान थे।

## एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

### हरमनप्रीत सिंह संभालेंगे कमान, जापान में 19 सितंबर से शुरू होगा टूनार्मेंट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूनार्मेंट 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेला जाएगा। स्टार डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह भी स्क्वॉड में शामिल हैं। भारतीय टीम डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी। भारत ने 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में हरमनप्रीत की कप्तानी में गोल्ड मेडल जीता था।

टूनार्मेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें छह-छह टीमों के दो पूल में बांटा गया है। भारत को पूल-अ में रखा गया है। इस पूल में भारत के साथ मेजबान जापान, साउथ कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया हैं। सभी मुकाबले काकामीगाहारा के गिफू प्रीफेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में खेले जाएंगे।

टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि चुनी गई टीम काफी अनुभवी है। उन्होंने कहा कि हम जापान में खेलने की चुनौती के लिए तैयार हैं। इस टूनार्मेंट का विजेता सीधे छअ 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करेगा और यही टीम और देश के रूप में हमारा मुख्य लक्ष्य है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम के प्रदर्शन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि चाहे युवा खिलाड़ी हों या सीनियर, मुझे सभी पर पूरा भरोसा है कि वे मिले मौकों का सही इस्तेमाल करेंगे। हमारा मुख्य लक्ष्य बिना दबाव लिए खेल का आनंद लेना और अपनी जिम्मेदारियों को समझना है।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### लोन केस के लिए इंदौर में बेंच नहीं, बार-बार जबलपुर जाने से व्यापारी परेशान

**इंदौर।** हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका दायर कर इंदौर में ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) की अतिरिक्त बेंच स्थापित करने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान में मप्र व छत्तीसगढ़ के के लिए केवल जबलपुर में एकमात्र डीआरटी है, जिससे बैंक, वित्तीय संस्थानों को न्याय पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया कि कोविड-19 के बाद बैंक ऋण वसूली, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम और वित्तीय विवादों से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। इसके बावजूद मप्र में डीआरटी की संख्या नहीं बढ़ाई गई। लंबित मामलों का बोझ बढ़ रहा है और आर्थिक रूप से कमजोर पक्षकारों को न्याय के लिए सैकड़ों किमी दूर जबलपुर जाना पड़ता है। इंदौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है। यहां सार्वजनिक व निजी बैंकों, एनबीएफसी, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र, देवास इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और शैक्षणिक संस्थानों का बड़ा नेटवर्क है। इसके बावजूद यहां डीआरटी की कोई बेंच नहीं है।

### शराब दुकान पर सेल्समैन से भिड़ा सिपाही वीडियो वायरल होने के बाद सस्पेंड

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र स्थित फूटी कोठी शराब दुकान पर पुलिस के एक सिपाही का हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में सिपाही शराब के दाम को लेकर सेल्समैन से बहस करता और बाद में वीडियो बना रहे एक एजेंट को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है। मामले में यह भी सामने आया है कि सिपाही के साथ क्षेत्र का एक बदमाश भी मौजूद था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के काउंटर पर पदस्थ सिपाही तनमय सिंह तोमर का दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि शराब की कीमत को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद सिपाही काउंटर के अंदर घुस गया और कर्मचारियों से धक्का-मुक्की करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक एजेंट ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, जिससे नाराज होकर सिपाही ने उसे थप्पड़ मार दिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### भोजशाला केस: सुप्रीम कोर्ट ने परिसर के पास तय की शुक्रवार की नमाज

**धार।** सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला-कमाल मौला विवाद में अपने पहले दिए गए अंतरिम आदेश को स्पष्ट कर दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार की नमाज के लिए भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन खसरा नंबर 596 पर अनुमति दी है। हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा की जा सकेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता है और यह विवादित भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास है। इसलिए यह नमाज के लिए उपयुक्त स्थान है। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को यहां जरूरी व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए हैं। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नक्शे में दिखाई गई 'येलो साइट' पर ध्यान दिलाया। कोर्ट ने कहा कि इस जगह तक अलग और स्वतंत्र रास्ता है। यह विवादित परिसर से सटी हुई है। मुस्लिम पक्ष ने भी इसी जगह पर सहमति जताई। इसके बाद कोर्ट ने इसी जगह को नमाज के लिए उपयुक्त माना।

### जर्जर किचन शेड की छत गिरने से आठवीं का छात्र घायल, बाल-बाल बचे कई छात्र

**धार।** धार जिले के संकुल केंद्र रिंगनोद अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयापुरा में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। विद्यालय के जर्जर किचन शेड की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे कक्षा आठवीं का 13 वर्षीय छात्र बंटी पुत्र प्रताप रावत घायल हो गया। हादसे में उसके सिर और पैर में चोट आई है। घटना के समय बंटी के साथ अन्य छात्र भी वहां मौजूद थे, लेकिन छत गिरने से पहले वे समय रहते वहां से हट गए। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों ने घायल छात्र को तत्काल सरदारपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों के अनुसार छात्र की हालत फिलहाल सामान्य है। हादसे के बाद विद्यालय परिसर में मौजूद जर्जर भवनों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में लंबे समय से कई भवन जर्जर हालत में हैं, लेकिन उनकी मरम्मत या हटाने के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### फार्मर आईडी में नाम दर्ज करने के लिए दो हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद तहसील अंतर्गत सारंगी उप-तहसील कार्यालय में गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हड़कंप मचा दिया। लोकायुक्त की टीम ने फार्मर आईडी पर जमीन का सर्वे नंबर दर्ज कराने के एवज में 2 हजार रुपये की अवैध रिश्वत लेते हुए हल्का पटवारी संजय अमलियार को रंगे हाथों दबोच लिया। लोकायुक्त की इस अचानक हुई कार्रवाई से राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवेदक पुनिया भूरिया अपनी कृषि भूमि के सर्वे नंबर को फार्मर आइडी पर दर्ज कराने के लिए काफी समय से परेशान हो रहे थे। आरोप है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए हल्का पटवारी संजय अमलियार द्वारा लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। पटवारी के अड़ियल रवैये से परेशान होकर आवेदक ने इसकी लिखित शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (इंदौर) को दर्ज कराई थी।

### तेजाजी मंदिर परिसर से चंदन का पेड़ चोरी, टुकड़ों में काटकर ले गए लकड़ी

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के करवड़ गांव स्थित तेजाजी मंदिर परिसर से बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने एक पुराना चंदन का पेड़ काट लिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह सामने आई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई इसके बाद मामले की जांच शुरू की दी गई है। करवड़ के पाटीदार मोहल्ला निवासी और कांग्रेस नेता भेरूसिंह चौहान गुरुवार सुबह करीब 5.30 बजे तेजाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। परिसर में चंदन का पेड़ गायब देखकर उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। अज्ञात तस्कर मंदिर परिसर से पेड़ काटने के बाद उसे गांव के बाहर बद्रीलाल भालोड के खेत के पास ले गए। वहां बदमाशों ने लकड़ी को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटा और बहुमूल्य हिस्सा अपने साथ लेकर फरार हो गए।

## नैनो न्यूज

- **सायाजी होटल्स:** कंपनी ने अपने कंपनी सेक्रेटरी एवं कंप्लायंस ऑफिसर आदित्य कसैरा का इस्तीफा स्वीकार किया। यह निर्णय बोर्ड बैठक में लिया गया।
- **फायर सेफ्टी निर्देश:** इंदौर नगर निगम ने होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए।
- **पीथमपुर उद्योग:** ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों में नए ऑर्डर मिलने से औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।
- **लॉजिस्टिक्स सेक्टर:** इंदौर की बेहतर रेल और सड़क कनेक्टिविटी से माल परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।
- **एमएसएमई कारोबार:** स्थानीय लघु एवं मध्यम उद्योगों के विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यापारिक संगठनों ने नई औद्योगिक सुविधाओं की मांग दोहराई।

वीडियो वायरल होने के बाद बाणगंगा थाना पुलिस ने संचालिका को थाने बुलाया और समझाइश देकर छोड़ दिया

# 14 साल के बच्चे ने डंडे से वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं से की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के एक वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। इसमें साफ दिख रहा है कि एक लड़का, जिसकी उम्र 14 साल बताई जा रही है, वह डंडे से महिलाओं को पीट रहा है। मामला मरीमाता पानी की टंकी के पास महाराणा प्रताप वेलफेयर सोसाइटी के वृद्धाश्रम का है। बाणगंगा थाना पुलिस ने इसकी संचालिका को थाने बुलाया और समझाइश देकर छोड़ दिया।

मामला सामने आने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने एसडीएम और तहसीलदार को मौके पर भेजा। प्रशासन ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे 30 बुजुर्गों में से स्वस्थ लोगों को गांधी नगर स्थित निराश्रित आश्रम और गणेश वृद्धाश्रम में शिफ्ट किया जा रहा है, जबकि बीमार बुजुर्गों को सरकारी अस्पताल भेजा जाएगा। प्रशासन ने वृद्धाश्रम को सील करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

### एसीपी बोलीं- 5 माह पहले मां के साथ आया था

एसीपी रुबीना मिजवानी के अनुसार, पूछताछ में पता चला है कि लड़के की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अभी कार्रवाई नहीं की गई है। लड़का करीब पांच महीने पहले अपनी मां के साथ यहां आया था। उसकी मां झुलस गई थी। कुछ दिन बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद से लड़का वृद्धाश्रम में रह रहा था। बुधवार को लड़के का एक बुजुर्ग महिला से विवाद हो गया। इस पर लड़के ने उसे डंडे से पीटना शुरू कर दिया। वीडियो में बीच-बचाव करने वालों के साथ भी वह हाथापाई करता नजर आ रहा है।

### काउंसलिंग कराई जाएगी, चाइल्ड लाइन को सौंपा जाएगा

एसीपी के मुताबिक, बच्चे की काउंसलिंग कराई जाएगी। फिलहाल, वृद्धाश्रम की संचालिका नीलम दुबे को लड़के को बुजुर्गों से अलग रखने के निर्देश दिए गए हैं। उसे गुरुवार को वृद्धाश्रम से हटाकर नाबालिग बच्चों की देखरेख करने वाली संस्था में भेजा जाएगा।

इंदौर का बेटा नई दिल्ली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा, 17 देशों के खिलाड़ी होंगे शामिल

# 12 साल के सुमेध का वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप में चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के 12 साल के सुमेध श्रीवास्तव का चयन 18वीं वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ल्ड एस्क्रिमा-काली-अर्निस फेडरेशन और अर्निस इंडिया फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह चैंपियनशिप 1 से 4 अगस्त तक नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें दुनिया के कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

सुमेध के पिता डॉ. सुभोध श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र से कराटे का प्रशिक्षण शुरू किया था। वर्तमान में वह कराटे में ब्लैक बेल्ट हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 35 से अधिक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। कराटे के साथ उन्होंने अर्निस की भी ट्रेनिंग ली। अर्निस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका चयन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है।

**इन देशों के खिलाड़ी होंगे शामिल-** प्रतियोगिता में भारत के अलावा चीन, अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, फिलीपींस, सिंगापुर, वियतनाम, श्रीलंका, ईरान, नीदरलैंड्स और पुर्तगाल सहित कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ऐसे में सुमेध को विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### कोच बोले- स्पीड स्टैमिना और तकनीक सबसे बड़ी ताकत

सुमेध के कोच ग्रैंडमास्टर सैयद आलम ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी ताकत स्पीड, स्टैमिना और तकनीक है। अर्निस में इन तीनों का संतुलन बेहद महत्वपूर्ण होता है और सुमेध लगातार इन पर मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुमेध में सीखने की ललक और कड़ी मेहनत करने का जज्बा उन्हें दूसरे खिलाड़ियों से अलग बनाता है। सुमेध अर्निस की पैडेड स्टिक कैटेगरी के आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस स्पर्धा में खिलाड़ी विशेष फोम से ढकी स्टिक और हेलमेट, ग्लव्स, चेस्ट गार्ड जैसे सुरक्षा उपकरण पहनकर मुकाबला करते हैं।

# महापौर भार्गव ने हटवाए खुद के फोटो लगे होर्डिंग

### नियम सबसे ऊपर, कानून सबके लिए बराबर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर में नियमों के पालन और कानून के समान अनुपालन का संदेश देते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक अहम पहल की है। महापौर के निर्देश पर सबसे पहले उनके फोटो लगे सभी अवैध होर्डिंग तत्काल हटाए गए। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को शहरभर में सभी अवैध होर्डिंग हटाने के निर्देश भी दिए हैं।

महापौर ने स्पष्ट किया कि समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने भावनावश शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाए थे, लेकिन नियमों से ऊपर कोई नहीं है। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में कहीं भी, किसी भी व्यक्ति या संगठन के अवैध होर्डिंग लगे हों, बिना किसी भेदभाव के सभी को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि नियमों के पालन और सुव्यवस्थित शहर के रूप में भी बनी रहनी चाहिए। शहर की सुंदरता बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अवैध होर्डिंग हटाना जरूरी है।

महापौर ने कहा स्वच्छ, सुंदर और नियमों का पालन करने वाला इंदौर ही हमारी पहचान है। कानून सबके लिए समान है और उसका पालन भी सभी को करना होगा। होर्डिंग्स को लेकर इंदौर में जीरो टॉलरेंस है। न्यायालय के भी निर्देश हैं। इसलिए मेरा सबसे आग्रह है कि अवैध होर्डिंग्स ना लगाएं और कल रात को मुझे यह जानकारी मिली कि कावड़ से संबंधित कुछ होर्डिंग्स मेरे फोटो के साथ भी लगे हैं। मैंने तुरंत विभाग को निर्देश दिए कि उन सब होर्डिंग्स को हटाया जाए और भी जहां इस तरीके से शहर की सुंदरता और स्वच्छता को नुकसान पहुंचाते हुए होल्डिंग्स लगाए जा रहे हैं, उनको हम लगातार हटाते रहेंगे।

## बस की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तिलक नगर क्षेत्र में बुधवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों सामान लेने के लिए दुकान गए थे। लौटते समय एक निजी ट्रेवल्स की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। तिलक नगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शांति नगर, मूसाखेड़ी निवासी राजा (24) पुत्र भरत गोयल के रूप में हुई है। हादसे में उसका दोस्त मांझी घायल हुआ है।

## सोनम का अदालत में सरेंडर, भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए मेघालय की शिलॉन्ग स्थित संबंधित अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द करते हुए उसे तीन सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में सरेंडर करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद उसने निर्धारित अवधि के भीतर शिलांग कोर्ट पहुंचकर आत्मसमर्पण किया।

14 दिन में पूरा किया सफर, रॉयल एनफील्ड हिमालयन मोटरसाइकिल से पहुंचने के बाद उन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र भी मिला

# कुलदीप सिंह पंवार ने रचा इतिहास, 19,024 फीट ऊंची उमलिंग ला पर दौड़ाई बाइक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर के रहने वाले 53 वर्षीय कुलदीप सिंह पंवार ने विश्व की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क उमलिंग ला पास (लद्दाख) तक बाइक चलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। करीब 19,024 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस सड़क तक रॉयल एनफील्ड हिमालयन मोटरसाइकिल से पहुंचने के बाद उन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र भी मिला है।

कुलदीप सिंह पंवार ने यह अभियान 3 जुलाई से 17 जुलाई 2026 के बीच पूरा किया। उन्होंने इंदौर से यात्रा शुरू की और करीब दो हजार किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करते हुए लद्दाख के उमलिंग ला पास तक पहुंचे। वापसी में भी उन्होंने सड़क मार्ग से ही सफर पूरा किया। यात्रा के दौरान उनका रूट जम्मू, श्रीनगर, सोनमर्ग, जोजिला दर्रा, कारगिल, लेह, नुब्रा घाटी, खारदुंग ला, पांगोंग झील, हानले, उमलिंग ला, सारचू, अटल टनल, मनाली और दिल्ली से होकर इंदौर तक रहा।

### शून्य डिग्री तक पहुंच जाता है तापमान

यह सफर आसान नहीं था। लद्दाख की ऊंचाई वाले इलाकों में कई जगह तापमान शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। कई स्थानों पर सड़कें बर्फ से ढकी थीं जबकि जगह-जगह खराब और कच्चे रास्तों से भी गुजरना पड़ा। कम ऑक्सीजन और लगातार बदलते मौसम के कारण यात्रा और ज्यादा चुनौतीपूर्ण रही। उमलिंग ला दुनिया के उन स्थानों में शामिल है, जहां अधिक ऊंचाई के कारण लंबे समय तक रुकना भी आसान नहीं माना जाता।

### कई महीनों तक की तैयारी

कुलदीप सिंह पंवार ने बताया कि इस अभियान के लिए कई महीनों तक तैयारी की गई। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बाइक चलाने के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक रूप से भी तैयार रहना जरूरी होता है। कुलदीप ने बताया कि 53 वर्ष की उम्र में इस रिकॉर्ड को बनाना उनके लिए यादगार उपलब्धि है।

## फर्जी एनओसी मामले में तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भंवरकुआं थाना पुलिस ने फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के बहुचर्चित मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पद का दुरुपयोग कर गैस एजेंसी के लिए फर्जी दस्तावेज जारी करने का आरोप है।

टीआई संतोष दूधी ने बताया कि फरियादी जीवन रघुवंशी ने एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अवंतिका गैस एजेंसी के लिए एक फर्जी एनओसी जारी की गई, जिसके आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने के बाद मामला भंवरकुआं थाने भेजा गया, जहां संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मार्तंड सिरोलिया पुत्र प्रेम प्रकाश सिरोलिया, निवासी त्रिवेणी अपार्टमेंट, रोहित नगर फेज-2, शाहपुरा (भोपाल) को गिरफ्तार किया। घटना के समय वह एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फर्जी एनओसी किस परिस्थितियों में जारी की गई, इसमें किन अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका रही और इससे किसे लाभ पहुंचाया गया। साथ ही मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट
5 लाख से 7 लाख लगाने पर
1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोज़ वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com